खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

लखनऊ, गुरुवार 15 मई 2025 लखनऊ संस्करण: वर्ष 16 अंक 194 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

तापमान अधिकतम :37$^{0}$C न्यूनतम: 23$^{0}$C

सेंसेक्स 81,330.56 निफ्टी 24,666.90

सोना 96,555 चांदी 97,900

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 3 विक्रमी सम्वत् 2082 16 ज़ीक़ादा 1446 हिजरी

नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित


# CDS व तीनों सेना प्रमुखों ने राष्ट्रपति को दी ऑपरेशन की जानकारी

**■ मुर्मू ने अपने सशस्त्र बलों की वीरता और समर्पण की सराहना की**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान और थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी, वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह तथा नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी ने बुधवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की।

इन शीर्ष सैन्य अधिकारियों ने राष्ट्रपति को पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादियों, उनके अड्डों और उनकी मदद करने वालों के खिलाफ भारतीय सशस्त्र बलों के अभियान-



ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी दी। राष्ट्रपति भवन ने इस बारे में सोशल मीडिया 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि राष्ट्रपति को ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी दी गई। इस पोस्ट में कहा गया है कि राष्ट्रपति मुर्मू ने अपने सशस्त्र बलों की वीरता और समर्पण की सराहना की, जिसने आतंकवाद के खिलाफ भारत के जवाब को शानदार सफल बना दिया। राष्ट्रपति तीनों सेनाओं की सर्वोच्च कमांडर हैं।

## ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भाजपा की तिरंगा यात्रा

**नई दिल्ली।** भाजपा बुधवार से देशभर में तिरंगा यात्रा निकाल रही है। बुधवार को लखनऊ में सीएम योगी आदित्यनाथ, देहरादून में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, ओडिशा के भुवनेश्वर में सीएम मोहन चरण माझी और ठाणे में महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे तिरंगा यात्रा में शामिल हुए। इस दौरान सीएम योगी ने कहा कि हमारी तीनों सेनाओं के जवानों ने जिस तरह से पाकिस्तान को जवाब दिया, पूरे विश्व ने उनके साहस का लोहा माना है। उन्होंने ये साबित कर दिया है कि अगर कोई भारत को छेड़ेगा, तो हम उसे छोड़ेंगे नहीं।' 23 मई तक चलने वाली 10 दिवसीय तिरंगा यात्रा की शुरुआत मंगलवार को की गई थी। इस दौरान दिल्ली में कर्तव्य पथ पर यात्रा निकाली गई। इसमें दिल्ली सीएम रेखा गुप्ता, भाजपा नेता तरुण चुघ और राज्य सरकार के सभी मंत्री शामिल हुए। इसके साथ ही देश के कई राज्यों में भी तिरंगा यात्रा निकाली गई। पंचकुला में हरियाणा के सीएम नवाब सिंह सैनी और गुजरात के अहमदाबाद में सीएम भूपेंद्र पटेल, गोवा में मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने यात्रा का नेतृत्व किया।




### न्यायमूर्ति गवई बने सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस

**नई दिल्ली।** न्यायमूर्ति बीआर गवई ने बुधवार को यहां उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। वह इस वर्ष 23 नवम्बर तक इस पद पर रहेंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में उन्हें पद की शपथ दिलाई। उन्होंने न्यायमूर्ति संजीव खन्ना का स्थान लिया है, जो मंगलवार को मुख्य न्यायाधीश पद से सेवानिवृत्त हो गए। शपथ ग्रहण समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, केंद्रीय मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह, जेपी नड्डा, अर्जुन राम मेघवाल, निवर्तमान मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना, शीर्ष अदालत के अन्य न्यायाधीश और कुछ पूर्व न्यायाधीश समेत कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

### पाक रेंजर्स ने बीएसएफ जवान पूर्णम शॉ को छोड़ा

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान रेंजर्स ने सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवान पूर्णम कुमार शॉ को छोड़ दिया है। श्री शॉ 20 दिन से पाकिस्तान रेंजर्स के कब्जे में थे। बीएसएफ ने बुधवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि बुधवार सुबह 10:30 बजे कांस्टेबल पूर्णम कुमार शॉ को अटारी-वाघा सीमा पर बीएसएफ द्वारा पाकिस्तान से वापस लाया गया। विज्ञप्ति के अनुसार श्री शॉ 23 अप्रैल 2025 को लगभग 11:50 बजे फिरोजपुर सेक्टर में ऑपरेशनल ड्यूटी पर रहते हुए अनजाने में पाकिस्तान की सीमा में चले गए थे और उन्हें पाक रेंजर्स ने हिरासत में ले लिया था।

# बड़बोले मंत्री को महंगी पड़ी कर्नल सोफिया पर टिप्पणी

## हाईकोर्ट के आदेश पर विजय शाह के विरुद्ध एफआईआर दर्ज

भोपाल, वार्ता

**मध्य प्रदेश** सरकार में मंत्री विजय शाह की मुश्किलें बढ़ने वाली हैं। कर्नल सोफिया कुरैशी पर दिए विवादित बयान पर अब मप्र हाईकोर्ट ने स्वत: संज्ञान लेकर एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए हैं।

उच्च न्यायालय ने मध्य प्रदेश के डीजीपी को निर्देश दिया है कि चार घंटे के भीतर मंत्री शाह के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए। बता दें कि विजय शाह का एक वीडियो सामने आया था। जिसमें उन्होंने कर्नल सोफिया कुरैशी को आतंकवादियों की बहन बताया था। उनके इस बयान को लेकर देशभर में उनके खिलाफ विरोध प्रदर्शन हो रहा है। मध्य प्रदेश के कई शहरों में कांग्रेस मंगलवार से ही प्रदर्शन कर रही है। कांग्रेस मंत्री शाह के इस्तीफे की मांग पर अड़ी है। पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने शाह को तत्काल कैबिनेट से बर्खास्त करने की मांग करते हुए पीएम मोदी को भी पत्र लिखा है। इसी बीच अब जनजातीय कार्य मंत्री विजय शाह के कर्नल सोफिया कुरैशी पर दिए गए बयान पर मप्र हाईकोर्ट ने स्वत: संज्ञान लिया है। हाईकोर्ट ने एमपी के डीजीपी को विजय शाह पर एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए डीजीपी को 4 घंटे का समय दिया है। हालांकि इस बारे में कोर्ट का विस्तृत आदेश अभी -शेष पृष्ठ दो पर



अदालत ने विवादित बयान पर लिया स्वत: संज्ञान



मप्र हाईकोर्ट ने डीजीपी को दिए कार्रवाई करने के निर्देश

## एयर स्ट्राइक में कई पाक एयरबेस तबाह




**नई दिल्ली।** भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान के कई एयरबेस तबाह किए थे। प्राइवेट कंपनी मैक्सार के सैटेलाइट ने इन तबाह एयरबेस की फोटोज जारी की हैं। मैक्सार ने पाकिस्तान के जिन एयरबेस की फोटोज जारी की हैं, उनमें सरगोदा, नूर खान, भोलारी और सुक्कुर के एयरबेस हैं। फोटोज में साफ देखा जा सकता है कि हमले के पहले और बाद में वहां क्या स्थिति थी। सात मई को ऑपरेशन सिंदूर की शुरुआत के बाद पाकिस्तानी गोलाबारी में आर्मी के 6 और बीएसएफ के दो जवान शहीद हो चुके हैं, 59 घायल हैं। इसके अलावा 28 सिविलियंस की भी जान गई है।

# JNU ने तुर्की की इनोनू यूनिवर्सिटी से करार तोड़ा

## भारतीय व्यापारियों ने तुर्की से सेब के आयात से किया इन्कार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच जवाहर लाल नेहरू यूनिवर्सिटी (जेएनयू) ने तुर्की की इनोनू यूनिवर्सिटी के साथ करार (एमओयू) खत्म कर दिया है। जेएनयू ने एक्स पर लिखा कि हम देश के साथ खड़े हैं।

वहीं, भारत ने चीनी सरकारी मीडिया ग्लोबल टाइम्स, शिन्हुआ और तुर्की के सरकारी मीडिया टीआरटी वर्ल्ड के एक्स अकाउंट पर से बैन हटा लिया। दोनों अकाउंट सिर्फ 5 घंटे ब्लॉक रहे। इन पर भारत विरोधी प्रोपेगैंडा चलाने और सेना के बारे में गलत खबरें फैलाने का आरोप था। भारत-पाकिस्तान में तनाव के बीच भारतीय व्यापारियों में तुर्की के रुख को लेकर नाराजगी है। दिल्ली, यूपी से लेकर महाराष्ट्र तक व्यापारियों ने तुर्की के सामान का विरोध किया है। इसकी वजह तुर्की का पाकिस्तान को समर्थन देना है। भारत के व्यापारी तुर्की से बड़ी मात्रा में सेब मंगाते हैं। इस बीच भारतीय व्यापारियों ने तुर्की से सेब के आयात से इन्कार कर दिया है। व्यापारियों का कहना है कि तुर्की, पाकिस्तान को ड्रोन भेजता है। इन्हीं



**■ कहा: हम देश के साथ हैं, तुर्की पाक को ड्रोन भेजता है?**

ड्रोन्स से पाकिस्तान ने भारत पर हमला किया। अब हम तुर्की के सेब नहीं बेचेंगे। भारत तुर्की से सालाना 1200 करोड़ रुपये का सामान आयात करता है। इसमें सेब की बड़ी मात्रा शामिल है। गाजियाबाद के एक व्यापारी ने बताया, तुर्की, पाकिस्तान को ड्रोन भेजता है। इन्हीं ड्रोन्स से पाकिस्तान ने भारत पर हमला किया। इसी वजह से हमने फैसला लिया है कि तुर्की के सेब नहीं बेचेंगे। एक अन्य व्यापारी शादाब खान ने बताया कि हमने तुर्की के हर सामान का बायकाट किया है। सेब के अलावा तुर्की से हम कई सामान आयात करते थे। हमने ये फैसला इसलिए लिया, क्योंकि तुर्की, पाकिस्तान का सपोर्ट करता है।



## संक्षिप्त समाचार

### राष्ट्रीय मानवाधिकार का प्रशिक्षण आज से

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय मानवा. धिकार आयोग (एनएचआरसी) युवा पीढ़ी में मानवाधिकारों के संवर्धन और संरक्षण की व्यापक समझ बढ़ाने के उद्देश्य से देश के दूर-दराज क्षेत्रों के विद्यार्थियों के लिए इस विषय में 'ऑनलाइन अल्पकालिक प्रशिक्षण कार्यक्रम' गुरुवार से शुरू करने जा रहा है। मानवाधिकार आयोग ने बुधवार को जारी एक विज्ञप्ति में बताया कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम दो सप्ताह तक चलेगा। इसमें 21 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के 80 छात्र-छात्राओं को चुना गया है। इसके लिए देश भर 1,795 आवेदन प्राप्त हुए थे। आयोग के महासचिव ने इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का आज औपचारिक रूप से उद्घाटन किया और विस्तृत कार्यक्रम की शुरुआत कल होगी।

### मणिपुर में 12 उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर में पिछले 24 घंटों के दौरान पुलिस और सुरक्षाबलों के विभिन्न अभियानों में कथिततौर पर कई उग्रवादी संगठनों के 12 सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आज यहां बताया कि थौबल जिले के लिलोंग-पीएस के अंतर्गत लिलोंग नुनगेई इलाके में एक उग्रवादी को पकड़ा गया, जबकि बिष्णुपुर जिले के निंगथौखोंग वार्ड नंबर 3 इलाके में एक-दूसरे अभियान में एक अन्य उग्रवादी को गिरफतार कर लिया गया। इस बीच राज्य पुलिस ने इंफाल पूर्वी जिले के कोइरेंगेई काबुई खुल गेट से दो उग्रवादियों को गिरफ्तार किया। उधर सुरक्षाबलों ने टेंग्नौपाल जिले के योंगखुल गांव से विभिन्न संगठनों के सात सक्रिय कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया है। सुरक्षा बलों ने थौबल जिले के वांग. बल से एक अन्य उग्रवादी को भी गिरफ्तार किया।

### शिवराज पूर्वोत्तर के तीन दिवसीय दौरे पर

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान गुरुवार से तीन दिन की पूर्वोत्तर क्षेत्र के दौरे पर रहेंगे और असम, मिज़ोरम एवं नागालैंड में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने बुधवार को यहां बताया कि दौरे के दौरान कृषि, बागवानी, पशुपालन एवं ग्रामीण विकास से जुड़े महत्वपूर्ण कार्यक्रमों की समीक्षा करेंगे और परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। वह किसानों तथा स्थानीय संगठनों के प्रतिनिधियों से सीधा संवाद भी करेंगे। श्री चौहान 29 मई से शुरू होने वाले 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' में राज्यों की सहभागिता पर भी चर्चा करेंगे।

### आंध्र में सिंचाई टैंक में पांच बच्चे डूबे

**कडप्पा।** आंध्र प्रदेश के कडप्पा जिले में ब्रह्ममगरी मट्टम मंडल के मल्लेपल्ली गांव में सिंचाई टैंक में पांच बच्चे डूब गए हैं। पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) राजेंद्र प्रसाद ने मीडिया को बताया कि मृतक बच्चे चरण (15), पार्थसारथी (12), हर्षवर्धन (12), दीक्षित (12) और थारुण यादव (12) मंगलवार रात नहाने के लिए सिंचाई टैंक में उतरे और डूब गए। उन्होंने बताया कि माता-पिता और रिश्तेदारों ने बच्चों की तलाश की और आखिरकार सिंचाई टैंक के किनारे उनके कपड़े मिले। पुलिस ने बच्चों के शवों को टैंक में खोजने के लिए विशेषज्ञ तैराकों को लगाया। इसके बाद सभी पांच शवों को सिंचाई टैंक से निकाल लिया गया और पोस्टमॉर्टम के लिए प्रोड्डातुर के जीजीएच में भेज दिया गया।

## पाक ने की थी नागरिकों को नुकसान पहुंचाने की कोशिश

**श्रीनगर, वार्ता**



■ सीमा पार से जानबूझकर की गई गोलाबारी, पांच बच्चों सहित 21 नागरिकों की हुई मौतः उमर

जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने बुधवार को कहा कि हाल ही में सीमा पार से की गई गोलाबारी में अधिकतम नागरिकों को नुकसान पहुंचाने के लिए नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पार से जानबूझकर प्रयास किया गया। सीमा पार से गत सात मई से गोल. ीबारी शुरू हुई। गोलाबारी के चार दिनों में जम्मू-कश्मीर में पांच बच्चों सहित 21 नागरिकों की जान चली गई। पुंछ जिले में 15 लोग मारे गए, जहां पाकिस्तानी सेना की ओर से भारी गोलाबारी की गई थी।

बुधवार को बारामूला जिले के उरी में गोलाबारी प्रभावित इलाकों का दौरा करने पर अब्दुल्ला ने कहा कि पाकिस्तान ने नागरिक इलाकों में अंधाधुंध गोलीबारी की थी। अब्दुल्ला ने उरी में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि दो से तीन दिनों के दौरान, उन्होंने (पाकिस्तान ने) नागरिक इलाकों में अंधाधुंध गोलीबारी की और ऐसा लगा कि वे जानबूझकर अधिकतम नागरिकों को नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर रहे थे। उन्होंने संघर्ष विराम पर राहत व्यक्त करते हुए कहा कि शुक्र है कि दूसरी तरफ से डीजीएमओ ने फोन उठाया और बात की, जिसके परिणामस्वरूप संघर्ष विराम हो सका। अभी तक सीमा और नियंत्रण रेखा पर शांति बनी हुई है। अब्दुल्ला ने संकट के प्रति प्रशासन की प्रतिक्रिया पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि क्षति का आकलन और राहत कार्य पहले ही शुरू हो चुका है और आने वाले दिनों में भी जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि इसमें समय लगेगा, लेकिन हम सुनिश्चित करेंगे कि प्रभावित लोगों का पुनर्वास हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि निवासियों के बीच बढ़ते डर के देखते हुए व्यक्तिगत तौर पर बंकरों की फिर से उठी मांग उठी है। उन्होंने कहा कि लोगों ने हाल के वर्षों में बंकरों के बारे में सोचना बंद कर दिया था, लेकिन पिछले कुछ दिनों ने सभी को याद दिलाया है कि सीमा पर स्थिति कितनी खराब हो सकती है। चाहे वह जम्मू हो या कश्मीर की तरफ, मैं जहां भी गया, लोगों ने साम. ुदायिक बंकरों की बजाय व्यक्तिगत बंकरों की मांग की। सबसे पहले हम तुरंत राहत प्रदान करेंगे। फिर हम केंद्र सरकार से बात करेंगे और गोलाबा. री से प्रभावित सभी क्षेत्रों के लिए बंकरों की व्यवस्था करेंगे। अब्दुल्ला ने कहा कि भारत ने इस लड़ाई की शुरुआत नहीं की। पहलगाम में हमारे निर्दोष लोगों पर हमला किया गया। हमले में 26 लोगों की जान चली गई। मैंने पहले दिन से ही यह कहा है। अगर वहां से बंदूकों की आवाज शांत हो जाती हैं, तो यहां से भी गोलियों की आवाज अपने आप शांत हो जाएंगी। मुख्यमंत्री ने गोलीबारी में जान गंवाने वाली नरगिस बेगम के परिवार के प्रति भी संवेदना व्यक्त की और कहा कि कोई भी शब्द उनके दुख या फिर इस त्रासदी की भयावहता को व्यक्त नहीं कर सकता।

### स्वदेशी जागरण मंच ने की तुर्की पर प्रतिबंध लगाने की मांग

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से जुड़े स्वदेशी जागरण मंच ने पाकिस्तान को तुर्की के सैन्य समर्थन की निंदा करते हुए आर्थिक प्रतिबंध, उड़ान प्रतिबंध और पर्यटन बहिष्कार का आह्वान किया है। जागरण मंच के राष्ट्रीय सह संयोजक अश्विनी महाजन ने बुधवार को यहां जारी एक बयान में कहा कि तुर्की पर आर्थिक प्रतिबंध लगाए जाएं और गैर-आवश्यक आयातों को प्रतिबंधित करें साथ ही संगमरमर, रसायन और मशीनरी जैसी प्रमुख तुर्की वस्तुओं पर उच्च शुल्क लगाएं जाए। तुर्की के लिए सीधी उड़ानों को अस्थाई रूप से निलंबित किया जाना चाहिए और विमानन 'कोडशेयर' विशेषाधिकारों को रद्द किया जाए। भारतीय पर्यटकों को तुर्की यात्रा के लिए हतोत्साहित किया जाए।

## महिलाएं राफेल उड़ा सकती हैं, तो सेना की कानूनी शाखा में क्यों नहीं



■ केंद्र से सुप्रीम कोर्ट ने किया सवाल

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सवाल किया है कि अगर महिलाएं भारतीय वायुसेना में राफेल लड़ाकू विमान उड़ा सकती हैं, तो फिर वे सेना की कानूनी शाखा में शीर्ष पदों पर क्यों नियुक्त नहीं हो सकतीं? सुप्रीम कोर्ट ने इसे लेकर केंद्र सरकार से जवाब मांगा है।

जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस मनमोहन की पीठ ने 8 मई को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है और केंद्र सरकार के जवाब के बाद पीठ अपना फैसला सुना सकती है। पीठ ने दो महिला अधिकारियों अर्शनूर कौर और आस्था त्यागी की याचिका पर फैसला सुरक्षित करते हुए यह टिप्पणी की। याचिकाकर्ताओं ने बताया कि जज एडवोकेट जनरल की परीक्षा में उनकी चौथी और पांचवीं रैंक आई थी, इसके बावजूद उनसे कम रैंकिंग वाले पुरुष अधिकारियों की नियुक्ति की गई। याचिका में कहा गया है कि विभाग में सिर्फ छह पद निकले थे, जिनमें से महिलाओं के लिए तीन ही रिक्तियां थीं। सुनवाई के बाद जस्टिस दत्ता ने अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी से पूछा कि अगर भारतीय वायुसेना में महिलाएं लड़ाकू विमान राफेल उड़ा सकती हैं, तो फिर सेना की जज एडवोकेट जनरल पदों पर ज्यादा महिलाओं को शामिल करना क्यों मुश्किल है?

## जेवर में लगेगी छठी सेमी कंडक्टर इकाई

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ पीएम की बैठक के बाद सूचना मंत्री ने बताया

केंद्र सरकार ने एचसीएल और फॉक्सकॉन के संयुक्त उद्यम के अंतर्गत उत्तर प्रदेश के जेवर में 3706 करोड़ रुपये के निवेश से एक और सेमी कंडक्टर इकाई की स्थापना के प्रस्ताव को मंजूरी दी है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को यहां केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। बैठक के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी कुमार वैष्णव ने एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि यह इकाई 2027 में उत्पादन शुरू कर देगी। उन्होंने बताया कि देश में पांच सेमीकंडक्टर इकाईयों का निर्माण चल रहा है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2022 में शुरू किए गए भारत सेमी कंडक्टर मिशन में जेवर में विकसित होने वाली इस छठी इकाई के साथ भारत रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण सेमीकंडक्टर उद्योग को विकसित करने की अपनी यात्रा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि स्वीकृत इकाई एचसीएल और फॉक्सकॉन का संयुक्त उद्यम है। ये यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण में जेवर हवाई अड्डे के पास एक संयंत्र स्थापित करेंगे। यह संयंत्र मोबाइल फोन, लैपटॉप, ऑटोमोबाइल, पीसी और डिस्प्ले वाले अन्य उपकरणों के लिए डिस्प्ले ड्राइवर चिप्स का निर्माण करेगा। इस संयंत्र को 20,000 वेफर्स प्रति माह के हिसाब से तैयार किया गया है। इसकी उत्पादन क्षमता तीन करोड 60 लाख चिप प्रति माह होगी। इस संयंत्र में दो लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा। श्री वैष्णव ने बताया कि सेमी कंडक्टर उद्योग पूरे देश में आकार ले रहा है। देश भर के कई राज्यों में विश्व स्तरीय संयंत्र स्थापित हो चुकी हैं। देश में 270 शैक्षणिक संस्थानों और 70 स्टार्टअप में छात्र और उद्यमी नए उत्पादों के विकास के लिए विश्व स्तरीय नवीनतम डिजाइन प्रौद्योगिकियों पर काम कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि भारत में लैपटॉप, मोबाइल फोन, सर्वर, चिकित्सा उपकरण, बिजली इलेक्ट्रॉनिक्स, रक्षा उपकरण और उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण के तेजी से विकास के साथ सेमीकंडक्टर की मांग बढ़ रही है।

### भारत शौर्य तिरंगा यात्रा को रवाना करते बोले योगी

## एक दिन आतंकवाद पाक को भी निगल लेगा

**लखनऊ, वार्ता**



■ जवानों के कारण भारत ने पाक के हौसले पस्त किए, सुरक्षा में सेंध लगाने वालों के जनाजे में कोई रोने वाला भी नहीं होगा

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आतंकवाद को प्रश्रय देने वाले पाकिस्तान को एक दिन आतंकवाद का यही विषैला सर्प निगल लेगा। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद सेना के शौर्य को सलामी देने के लिए उन्होंने बुधवार को अपने सरकारी आवास से भारत शौर्य तिरंगा यात्रा को रवाना किया।

योगी ने हाथ में तिरंगा लेकर यात्रा का नेतृत्व किया औरप्रदेशवासियों की तरफ से ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, जवानों, पूर्व सैनिकों, नौजवानों का अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि पूरा देश भारतीय सेना के शौर्य व पराक्रम को सैल्यूट करते हुए बहादुर जवानों का अभिनंदन करने के लिए उतावला दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि जब चुनौती हो और राष्ट्रीय संकट के लिए कोई जगह दे रहा हो, तो धैर्य और एकता ही हमारी सबसे बड़ी पूंजी होती है। इस माहौल में जवानों के कारण भारत ने पाकिस्तान के हौसले पस्त किए। दुनिया ने पाकिस्तान व उसके आकाओं के बेशर्मी भरे उस चेहरे को भी देखा, जिसमें आतंकियों के जनाजे में वहां के नेता व सैन्य अधिकारी भी शामिल हुए। यह चीजें दिखाती हैं कि पाकिस्तान विफल राष्ट्र है और 70.75 वर्षों में उसने केवल आतंकवाद के बीज बोए हैं। पाकिस्तान ने अपनी विफलता की कहानी ही दुनिया को बताई है। आतंकवाद को दिए जा रहे प्रश्रय इस बात को साबित करते हैं कि आतंकवाद एक दिन पाकिस्तान को भी निगल देगा। योगी ने कहा कि खोखला हो चुका पाकिस्तान आज जिस प्रकार का दुस्साहस कर रहा है, ऑपरेशन सिंदूर उसका जवाब था। आने वाले समय में यह तय है कि भारत की तरफ जो भी अंगुली उठाएगा और बहन-बेटियों के सम्मान के विरुद्ध सुरक्षा में सेंध लगाने का कार्य करेगा, उसके जनाजे में कोई रोने वाला भी नहीं मिलेगा। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान परस्त आतंकियों ने 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में वीभत्स व बर्बर घटना को अंजाम दिया था, जिसकी निंदा देश-दुनिया ने की थी, लेकिन आतंकवाद का पोषक पाकिस्तान व उसके आका मौन रहे।

### प्रमाण के बाद भी बाज नहीं आया पाक

योगी ने कहा कि हमारी सरकार ने सारे प्रमाण दिए, उसके बाद भी पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज नहीं आया तो अंततः 'ऑपरेशन सिंदूर' चलाया गया। पहले ही दिन 100 से अधिक आतंकियों व प्रत्यक्ष रूप से आतंकवाद के विषबेल को पालने-पोसने में योगदान देने वाले उनके परिवार से जुड़े लोगों को वीभत्स कृत्य की सजा दी गई। सभी ने भारतीय सेना के पराक्रम व शौर्य का लोहा माना। पाकिस्तान की हिमाकत का थल, वायु व नौसेना के बहादुर जवानों ने मजबूती से जवाब दिया और दुनिया को भी संदेश दिया कि हम छेड़ेंगे नहीं, लेकिन छेड़ने वालों को छोड़ेंगे नहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जवानों के सम्मान में भाजपा द्वारा तिरंगा यात्रा प्रारंभ की गई है। यह तिरंगा भारत के आन, मान-शान तथा शौर्य-पराक्रम का प्रतीक है। तिरंगा के प्रति सम्मान का भाव व्यक्त करने, सैनिकों को सर्वोच्च सम्मान देने व पीएम मोदी के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए यूपी में आज से तिरंगा यात्रा का शुभारंभ हो रहा है।

### मिलावटखोरी सामाजिक अपराध

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खाद्य पदार्थों में मिलावट और नकली दवाओं के कारोबार को 'सामाजिक अपराध' करार देते हुए कहा कि यह जनस्वास्थ्य से जुड़ा गंभीर विषय है, जिससे किसी भी प्रकार का समझौता अक्षम्य होगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि राज्य सरकार की 'जीरो टॉलरेंस' नीति के तहत मिलावटखोरों, नकली दवाओं के कारोबारी नेटवर्क और इस अपराध में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त व निर्णायक कार्रवाई की जाए। ऐसे लोगों को सार्वजनिक रूप से चिन्हित किया जाए और उनकी तस्वीरें प्रमुख चौराहों पर लगाई जाएं, ताकि जनता भी उन्हें पहचान सके और समाज में उनके प्रति नकारात्मक संदेश जाए। मुख्यमंत्री ने बुधवार को खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में निर्देश दिया कि तेल, घी, मसाले, दूध, पनीर जैसी दैनिक उपभोग की वस्तुओं की जांच यथासंभव उत्पादक इकाई पर ही की जाए। दूध व दुग्ध उत्पादों की विशेष रूप से सघन जांच के लिए समर्पित टीमें बनाई जाएं, जो लगातार निगरानी रखें। साथ ही पेशेवर रक्तदाताओं की पहचान कर इस पर भी प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि आमजन का स्वास्थ्य राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इस जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी पारदर्शिता और प्रतिबद्धता के साथ होना चाहिए। योगी को बताया गया कि राज्य में खाद्य एवं औषधि प्रयोगशालाओं के नेटवर्क का तेजी से विस्तार हुआ है। पूर्व में कार्यरत छह प्रमुख मंडलों के अलावा अब अलीगढ़, अयोध्या, आजमगढ़, बरेली, बस्ती, चित्रकूट, कानपुर, मिर्जापुर, मुरादाबाद, प्रयागराज, सहारनपुर और देवीपाटन मंडलों में भी नई प्रयोगशालाएं और कार्यालय स्थापित किए गए हैं। लखनऊ, गोरखपुर और झांसी में प्रयोगशाला भवनों का उच्चीकरण किया गया है। साथ ही, लखनऊ, मेरठ और वाराणसी में तीन आधुनिक माइक्रोबायोलॉजी प्रयोगशालाएं भी स्थापित की गई हैं, जिनमें सूक्ष्मजीव, प्रोटोजोआ, विषाणु, जीवाणु, माइक्रोटॉक्सिन्स तथा अन्य रोगकारक जीवों की जांच संभव हो पाई है।

## अर्थ व्यापार

## अप्रैल में महंगाई घटने से चढ़ा शेयर बाजार

**मुंबई, वार्ता**



देश में इस वर्ष अप्रैल में खुदरा और थोक महंगाई घटने से भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के नीतिगत दरों में और कटौती करने की उम्मीद बढ़ने से उत्साहित निवेशकों की चौतरफा लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार मजबूती के साथ बंद हुआ।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचक. ांक सेंसेक्स 182.34 अंक छलांग लगाकर 81,330.56 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 88.55 अंक की बढ़ोतरी लेकर 24666.90 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 1.19 प्रतिशत उछलकर 44,327.28 अंक और स्मॉलकैप 1.63 प्रतिशत की तेजी के साथ 49,978.95 अंक हो गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4125 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2855 में लिवाली जबकि 1121 में बिकवाली हुई, वहीं 149 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए कुल 2960 कंपनियों के शेयर रखें गए। इनमें से 2183 तेजी जबकि 694 गिरावट रही, वहीं 83 के भाव स्थिर रहे। अनाज और शाक-सब्जियों की कीमतों में नरमी के कारण भारत में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खुदरा महंगाई इस वर्ष अप्रैल में गिरकर 3.16 प्रतिशत पर आ गई।

इससे पिछले महीने मार्च में खुदरा मुद्रास्फीति 3.34 प्रतिशत और पिछले साल अप्रैल में 4.83 प्रतिशत रही थी। इसी तरह खाद्य पदार्थों की कीमतों में गिरावट और ईंधन की दरों में नरमी से अप्रैल में देश की थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित थोक महंगाई मार्च के 2.05 प्रतिशत घटकर तेरह माह के निचले स्तर 0. 85 पर आ गई। निवेशकों को महंगाई में गिरावट से आरबीआई की अगली मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में ब्याज दरों में कटौती किए जाने की उम्मीद बढ़ गई है। इससे बीएसई में बैंकिंग की 0.34 प्रतिशत की गिरावट को छोड़कर अन्य 20 समूहों में लिवाली का ज़ोर रहा।

इस दौरान धातु 2.46, कमोडिटीज 1.49, सीडी 0.77, ऊर्जा 1.23, एफएमसीजी 0.16, वित्तीय सेवाएं 0.10, हेल्थकेयर 0.63, इंडस्ट्रियल्स 1.73, आईटी 1.37, दूरसंचार 1.14, यूटिलिटीज 0.19, ऑटो 0.86, कैपिटल गुड्स 1. 49, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.16, तेल एवं गैस 1.46, पावर 0.73, रियल्टी 1.71, टेक 1.20, सर्विसेज 0.37 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 1.38 प्रतिशत उछल गए। विश्व बाजार में मिलाजुअल रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.53, जर्मनी का डैक्स 0.49 और जापान का निक्केई 0. 14 प्रतिशत लुढ़क गया। वहीं हांगकांग का हैंगसेंग 2.30 और चीन का शंघाई कम्पोजिट 0.86 प्रतिशत चढ़ गया।

## खाद्य तेलों में टिकाव, दालें महंगी



**नई दिल्ली।** विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा, जबकि मांग निकालने से दालें महंगी हो गईं वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

तेल-तिलहनः वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा 105 रिंगिट उबलकर 3934 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। वहीं मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.29 सेंट गिरकर 51.19 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनीः मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे। दाल-दलहनः दाल-दलहन के बाजार में तेजी रही। इस दौरान चना 150 रुपये, दाल चना 150 रुपये, मसूर दाल 100 रुपये, मूंग दाल 200 रुपये, उड़द दाल 100 रुपये और अरहर दाल 150 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गई। अनाजः अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहनः चना 6100-6200, दाल चना 7100-7200, मसूर काली 7650-7750, मूंग दाल 9850-9950, उड़द दाल 9250-9350, अरहर दाल 8450-8550 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपये और चावल 3550-3650 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ः चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये।

खाद्य तेलः सरसों तेल 15751 रुपये, मूंगफली तेल 18314 रुपये, सूरजमुखी तेल 16484 रुपये, सोया रिफाइंड 14725 रुपये, पाम ऑयल 13919 रुपये और वनस्पति तेल 16116 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा है।

## बीजेपी के मंत्री ने किया सोफिया व नारी का अपमानः अखिलेश

**लखनऊ।** भारतीय सेना की अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी पर मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह द्वारा दिए गए बयान के बीच समाजवादी पार्टी के मुखिया और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने प्रतिक्रिया दी है और इसे हर नारी और सेना का अपमान बताया है।

सपा मुखिया अखिलेश यादव ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि मप्र बीजेपी के एक मंत्री का अति निंदनीय बयान केवल एक उच्च सैन्य महिला अधिकारी ही नहीं, बल्कि देश की हर नारी और सेना का अपमान है। ये महानुभाव सदैव से भाजपाई और उनके संगी-साथियों की 'नारी विरा. ेधी' सोच के मुखपत्र रहे हैं। कुछ वर्षों पहले इन्होंने ही देश की एक प्रतिष्ठित अभिनेत्री के कार्य में बाधा डाली थी। बीजेपी की 'नारी शक्ति वंदन अभियान' जैसी झूठी घोषणाओं का सच ऐसे लोगों के दुष्विचार खोल देते हैं। ऐसे लोग मंत्री तो क्या, किसी गली-मोहल्ले तक के भी जन प्रतिनिधि नहीं बनने चाहिए। सवाल ये है कि इन्हें बीजेपी वाले स्वयं हटाएंगे या इनके खिलाफ एकजुट नारी शक्ति और जनता। बता दें कि बीजेपी नेता और एमपी सरकार के मंत्री विजय शाह ने कथित तौर पर कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर एक टिप्पणी की थी। उनके इस बयान को लेकर काफी हंगाम हुआ । मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने प्रधानमंत्री मोदी को पत्र भी लिखा था। कांग्रेस नेता ने कहा था कि मप्र बीजेपी सरकार के मंत्री विजय शाह द्वारा भारतीय सेना की वीरांगना कर्नल सोफिया कुरैशी को आतंकवादियों की बहन कहकर किया गया घृणित और राष्ट्र-विरोधी बयान, न केवल एक गंभीर अपराध है।

### प्रथम पृष्ठ का शेष...

**बड़बोले मंत्री....** सामने नहीं आया है संज्ञान और एफआईआर के निर्देश देने के बाद कांग्रेस ने कहा कि शाह को भाजपा से भी बाहर करना चाहिए। कांग्रेस नेता अरुण यादव ने कहा कि माननीय उच्च न्यायालय ने मंत्री विजय शाह के भारतीय सेना और राष्ट्रधर्म निभाने वाली भारतीय बेटी कर्नल सोफ़िया कुरैशी को लेकर दिए गए बयान को सेना के अपमान, उसकी अस्मिता और मनोबल को गिराने वाला माना है, लिहाजा अब आवश्यक हो गया है कि सरकार माननीय उच्च न्यायालय के निर्देश पर मंत्री विजय शाह के खिलाफ एफआईआर करे। अरुण यादव ने आगे कहा कि यदि भाजपा में नैतिकता और देश के लिए कुर्बानी देने वाले भारतीय सेना के प्रति दिली सम्मान है, तो विजय शाह को भाजपा से भी तत्काल प्रभाव से बाहर का रास्ता दिखाया जाए। इससे पहले पीसीसी चीफ जीतू पटवारी के नेतृत्व में कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल विजय शाह के खिलाफ एफआईआर कराने भोपाल के श्यामला हिल्स थाने पहुंचा था। हालांकि, यहां शिकायत दर्ज की गई, एफआईआर दर्ज नहीं की गई। अब हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेते हुए एफआईआर करने के निर्देश दिए हैं।

## ट्रम्प के खुलासे पर मोदी क्यों हैं मौनः कांग्रेस



■ सऊदी में ट्रम्प ने सार्वजनिक कार्यक्रम में किया खुलासाः रमेश

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के खुलासे के बाद भी आम तौर पर मुखर रहने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री एस. जयशंकर का अमे. रिका के दबाव के सामने चुप्पी साधना हैरान करता है।

कांग्रेस ने कहा है कि ट्रम्प ने खुलासा किया है कि उन्होंने प्रतिबंधों और व्यापारिक सौदों के लालच और धमकी का इस्तेमाल करके भारत को पाकिस्तान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई रोकने के लिए ब्लैकमेल कर मजबूर किया है। ट्रम्प ने तब एक्स पर सैन्य कार्रवाई रोकने की जानकारी भी दी थी। पार्टी संचार विभाग के प्रमुख जयराम रमेश ने कहा कि कुछ दिन पहले हमें पाक के साथ युद्धविराम की जानकारी अमेरिका के राष्ट्रपति से मिली थी। अब कल सऊदी अरब में एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान, राष्ट्रपति ट्रंप ने खुलासा किया कि उन्होंने प्रतिबंधों और व्यापारिक सौदों के लालच और धमकी का इस्तेमाल करके भारत को इस युद्धविराम के लिए मजबूर किया और ब्लैकमेल किया। इस खुलासे के बारे में आम तौर पर अत्यंत मुखर रहने वाले प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री का क्या कहना है। क्या उन्होंने अमेरिकी दबाव के सामने भारत के सुरक्षा हितों को गिरवी रख दिया।

### संसद का विशेष सत्र बुलाने का कोई औचित्य नहींः जदयू

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के प्रमुख घटक जनता दल-यूनाइटेड ने बुधवार को कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले और सिंदूर अभियान पर संसद का विशेष सत्र बुलाने की विपक्ष की मांग का कोई औचित्य नहीं है। जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने यहां कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले और भारतीय सेना की कार्रवाई पर विपक्ष संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग कर रहा है। विपक्ष चाहता है कि इस पूरे प्रकरण पर व्यापक स्तर पर चर्चा होनी चाहिए। प्रसाद ने कहा कि विपक्ष की इस मांग का कोई औचित्य नहीं है। सरकार इस संबंध में सर्वदलीय बैठक बुलाकर पूरी जानकारी दे चुकी है। उन्होंने कहा कि देश के वरिष्ठतम राजनेता और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी, शरद गुट के अध्यक्ष शरद पवार ने भी संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग को अव्यवहारिक बताया है। गौरतलब है कि कांग्रेस और उसके सहयोगी दल पहलगाम आतंकवादी हमले और सैन्य कार्रवाई पर चर्चा करने के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग कर रहे हैं।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# धर्म, न्याय और राष्ट्रधर्म का सजीव रूप हैं लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर: योगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोकमाता अहिल्या बाई होल्कर को धर्म, न्याय और राष्ट्रधर्म का सजीव स्वरूप बताते हुए कहा कि वे भारतीय सनातन संस्कृति की पुनर्स्थापना की अग्रदूत थीं। लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की जन्म त्रिशताब्दी के अवसर पर राजधानी लखनऊ स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित समारोह में योगी ने कहा कि अहिल्याबाई ने ह्धर्म रक्षति रक्षितघ्ह के वैदिक उद्घोष को न केवल जिया, बल्कि उसे मूर्त रूप भी दिया।

जब देश विदेशी आक्रांताओं से त्रस्त था, मंदिर विध्वंस किए जा रहे थे, तब अहिल्याबाई ने बिना भय के, बिना किसी राजनीतिक समर्थन के, उत्तर से दक्षिण और पूर्व से पश्चिम तक सनातन धर्म की पुनर्स्थापना का विराट कार्य अपने हाथों में लिया था, आज हमें उनके जीवन से सद्प्रेरणा लेकर देश और सनातन संस्कृति के गौरव की पुनर्स्थापना के लिए पूरे मनोयोग से समर्पित हो जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उल्लेख किया कि लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर ने स्वयं घोषणा की थी, मेरा पथ धर्म का पथ है, धर्म का पथ ही न्याय का पथ है और न्याय का पथ ही हमें सर्वशक्तिमान और समर्थ बनाने में सहायक हो सकता है।ह उनके इस उद्घोष ने ही उनके शासन और जीवन के कार्यों को दिशा दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें आज जो भव्य काशी विश्वनाथ मंदिर दिखता है, वह उसी मंदिर का स्वरूप है जिसे अहिल्याबाई होल्कर ने 1777 से 1780 के बीच अपने निजी संसाधनों से बनवाया था। उन्होंने कहा कि जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में काशी विश्वनाथ धाम कॉरिडोर का निर्माण हुआ, तो स्वयं प्रधानमंत्री ने 13 दिसम्बर 2021 को इसे अहिल्याबाई होल्कर के कार्य का ही विस्तारित रूप बताया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई केवल काशी तक सीमित नहीं रहीं। उन्होंने केदारनाथ धाम, रामेश्वरम्, सोमनाथ, हरिद्वार, महिष्मति और देश के अनेक तीर्थस्थलों के जीर्णोद्धार का कार्य किया। उन्होंने नदियों के घाटों, कुओं और बावड़ियों का निर्माण करवाया ताकि श्रद्धालुओं को सुविधा मिले और शुद्ध पेयजल की उपलब्धता बनी रहे। योगी आदित्यनाथ ने लोकमाता अहिल्या बाई को भारतीय नारीशक्ति की प्रतीक बताते हुए कहा कि उन्होंने न केवल राजनैतिक प्रशासन को धर्म-संगत और प्रजा-हितकारी बनाया, बल्कि सामाजिक न्याय और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में भी अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किए। उनकी प्रशासनिक दूरदृष्टि और साधु-संतों के प्रति श्रद्धा के साथ सेवा-भाव आज भी प्रेरणा क्ाु ोत है। उन्होंने बताया कि किस तरह लोकमाता अहिल्याबाई ने अपनी प्रशासनिक क्षमता और दूरदर्शिता से माहिष्मति में साड़ी उद्योग को बढ़ावा देकर महिलाओं को आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाने का कार्य किया। साथ ही उन्होंने विधवा पुनर्विवाह को प्रोत्साहित और बाल विवाह पर रोक लगा कर नारी सशक्तिकरण की दिशा में अनुकरणीय कार्य किया। मुख्य मंत्री ने कहा कि हमें महारानी अहिल्याबाई के जीवन से प्रेरणा लेकर भारत के प्राचीन गौरव और सनातन संस्कृति के उत्कर्ष में संपूर्ण मनोयोग से समर्पित होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस तरह सरदार वल्लभभाई पटेल ने स्वतंत्र भारत में सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण से एक सांस्कृतिक चेतना का सूत्रपात किया, उसी भावधारा की आधार शिला सैकड़ों वर्ष पहले लोकमाता अहिल्याबाई ने रखी थी। उन्होंने आदि शंकराचार्य की परंपरा को भी स्मरण करते हुए कहा कि भारत की सांस्कृतिक एकता चारों कोनों में स्थापित पीठों के माध्यम से आज भी कायम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह एक ऐतिहासिक अवसर है कि जब हम उनके योगदान को स्मरण कर रहे हैं, उसी समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में काशी, अयोध्या, उज्जैन और अब मां विंध्यवासिनी धाम में भी भव्य परियोजनाएं आकार ले रही हैं।



# अखिलेश ने यूपी के छह जिलों में की मिलेट्री स्कूल खोलने की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को कहा कि भारतीय सेना सबसे मजबूत, सशक्त और बहादुर है। हम सभी को अपनी सेना की बहादुरी पर गर्व है। श्री यादव ने देश की प्रतिरक्षा सुरक्षा में राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल धौलपुर के योगदान की तारीफ करते हुए कहा कि यह परंपरा देश की आजादी से लेकर निरंतर चल रही है।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में सच्चे देशप्रेमियों की, जो अनंत गौरवशाली परंपरा स्वतंत्रता सेनानियों से लेकर आज तक रही है, उसके आधार पर हमारी मांग है कि, उत्तर प्रदेश के लखनऊ, सहारनपुर, कन्नौज, इटावा, वाराणसी, संत कबीरनगर जिले में नए मिलिट्री स्कूल खोले जाएं, जिससे हमारे देश की अखंडता और एकता को चुनौती देने वाली ताघ्तों को सही में निर्णायक जवाब दिया जा सके। उन्होंने कहा किं आशा है कि वर्तमान संवेदनशील सामरिक परिस्थितियों को देखते हुए सरकार इस पर गंभीरता से विचार करेगी और देशहित को देखते हुए,



उत्तर प्रदेश में मिलिट्री स्कूलों की स्थापना की तत्काल घोषणा करेगी। उल्लेखनीय है कि श्री यादव राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल धौलपुर के स्टूडेंट रहे हैं। उन्होंने कहा कि जहां चलती आई है महान परंपरा वीरता की, वहां हम सबको सीख मिलती है शूरता-शीलता की। उन्होंने कहा कि हम सब ने अपने आदर्श वाक्य 'शीलम परम भूषणम्' से देशभक्ति अनुशासन और पराक्रम के सीन चरित्र का बीज मिलने वाले राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल धौलपुर का देश की प्रतिरक्षा सुरक्षा में अभूतपूर्व योगदान रहा है, यह परंपरा देश की आजादी से लेकर आज तक निरंतर है।

# इटावा सफारी पार्क : केनाइन डिस्टेंपर से जीते, अब बर्ड़ फ्लू का खतरा



**शाह टाम्स ब्यूरो**

**इटावा।** अपने शुरुआती दिनों में इटावा सफारी पार्क ने केनाइन डिस्टेम्पर नाम के संक्रमण के चलते एक दर्जन से अधिक एशियाई शेरों को गंवा दिया लेकिन अब सफारी को बर्ड़ फ्लू की आशंका का दंश झेलना पड़ रहा है जिसके चलते पार्क को 20 मई तक बंद कर दिया गया है।

बहुत कम लोगों को पता है कि कभी केनाइन डिस्टेम्पर का दंश एशियाई शेर झेल चुके है,बाद में सफारी प्रबंधन ने केनाइन डिस्टेम्पर की वेक्सीन बना उस पर कामयाबी पाई। केनाइन डिस्टेम्पर नामक संक्रमण से बचने के लिए अमेरिका फ्रांस लंदन आदि जैसे देशों से तमाम नामचीन विशेषज्ञ बुलाए गए थे, जिनकी सलाह के बाद केनाइन डिस्टेम्पर से निपटने के लिए एक वैक्सीन बनाई गई जिसके माध्यम से केनाइन डिस्टेम्पर पर विजय पाई गई। इटावा सफारी पार्क को भी प्रदेश के अन्य चिड़ियाघरों की तरह बर्ड़ फ्लू की आशंका की चलते एक सप्ताह के लिए बंद किया गया है। इस दौरान पर्यटक सफारी नहीं देख पाएंगे। गोरखपुर के शहीद अशफाक उल्ला प्राणी उद्यान में एक बाघिन में बर्ड़ फ्लू के लक्षण पाए जाने के बाद एहतियात के तौर पर प्रदेश भर के चिड़ियाघरों और सफारियों को बंद कर दिया गया। इसके चलते इटावा सफारी भी फिलहाल एक सप्ताह के लिए बंद की गई है। इटावा सफारी को इससे पहले वर्ष 2015 से 2016 तक कैनाइन डिस्टेंपर नाम की जानलेवा बीमारी ने काफी नुकसान पहुंचाया था। इस बीमारी के चलते सफारी के शुरुआती दिनों में ही करीब एक दर्जन शेरों की मौत हो गई थी। देश के विभिन्न भागों से डॉक्टर बुलाए गए लेकिन इस बीमारी ने सफारी का काफी नुकसान किया। हालांकि बाद में सफारी के विशेषज्ञ डॉक्टरों ने इस पर काबू पा लिया।

### बर्ड़ फ्लू के अंदेशे से इटावा सफारी पार्क 20 मई तक बंद

**इटावा।** एशियाई शेरों के सबसे बड़े आशियाने के रूप में देश दुनिया में लोकप्रिय इटावा सफारी पार्क को बर्ड़ फ्लू (एवियन इनफ्लुंजा) नामक संक्रमण के चलते एक सप्ताह तक पर्यटकों की आवाजाही के लिए बंद कर दिया गया है। फारी पार्क के निदेशक डॉ-अनिल कुमार पटेल ने बताया कि इटावा सफारी पार्क प्रबंधन ने 14 मई से 20 तक फिलहाल सफारी को पर्यटकों की आवाजाही के लिए पूरी तरह से बंद किया है। छह मई को गोरखपुर स्थित शहीद अशफाक उल्ला प्राणी उद्यान में एक बाघिन की मौत के बाद आई रिपोर्ट के बाद इटावा सफारी पार्क को बंद करने का निर्णय लिया गया है।

# दो एक्सप्रेसवे पर ई-वे हब बनाएगी उप्र सरकार

- **निर्माण व विकास का विस्तृत खाका तैयार, यूपीडा ने मास्टर प्लान को अमलीजामा पहनाया**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने पूर्वांचल व बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर कुल 12 ई-वे हब के निर्माण व विकास का विस्तृत खाका तैयार किया है। उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) ने मास्टर प्लान तैयार किया है। इसके जरिए दोनों ही एक्सप्रेसवे पर उत्तम यात्री सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए ई-वे हब के निर्माण व विकास को बल मिलेगा। अधिकृत जानकारी के अनुसार प्रक्रिया के अंतर्गत, पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर कुल 8 ई-वे हब बनेंगे जिसमें 299-18 करोड़ तथा बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर 126-25 करोड़ रुपए की लागत से 4 ई-वे हब का निर्माण होगा। पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के अंतर्गत सुल्तानपुर नोड पर 40-72 करोड़ तथा बांदा में 30-82 करोड़ रुपए की लागत से हाइवे की दोनों तरफ ई-वे हब का निर्माण किया जाएगा। यह इन दोनों एक्सप्रेसवे पर यात्री सुविधाओं के सबसे बड़े केन्द्र के तौर पर उभरेंगे।



यूपीडा द्वारा तैयार की गई कार्ययोजना के अनुसार इन ई-वे हब को वैश्विक मानकों के अनुरूप यात्री सुविधाओं से युक्त करने की तैयारी है। खास बात ए है कि ए सभी ई-वे हब एयरपोर्ट ग्रेड एमिनिटीज बेस्ड होंगे, यानी यहां राहगीरों को एयरपोर्ट जैसी आधुनिक सुविधाओं का लाभ मिलेगा। पूरा परिसर वातानुकूलित होगा जिसमें ज्यादा फुटफॉल वाले क्षेत्र में वातानुकूलन व्यवस्था बेहद उन्नत होगी। ई-वे हब में महिलाओं व पुरुषों के लिए अलग-अलग अत्याधुनिक टॉयलेट ब्लॉक्स का निर्माण किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, महिलाओं की जरूरतों अनुसार सैनिटरी नैपकिन वेंलडग यूनिट्स, सेंसर बेस्ड फॉसेट्स, सोप डिस्पेंसर, व एंटी बैक्टीरिया सैनिटरीवेयर की स्थापना होगी। यहां नर्सिंग रूम, किड्स फेंडली वॉशरूम तथा बच्चों को दुग्धपान कराने के लिए फीलडग व चेंलजग एरिया भी होंगे। दिव्यांगों की सुविधा के लिए अलग यूनिट्स का निर्माण भी किया जाएगा जिसमें होलल्डग बार, एंटी स्किड़ फ्लोलरग व व्हीलचेयर जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। पूर्वांचल व बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर ई-वे हब के निर्माण व विकास कार्यों के लिए विभिन्न प्रकार के कार्यों को पूरा किया जाना है जिनकी जल्द ही शुरुआत होने जा रही है। प्रक्रिया के अंतर्गत बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर बनने वाले ई-वे हब में 78-77 करोड़ की राशि सिविल व 11-90 करोड़ की धनराशि इलेक्ट्रिकल वर्क को पूरा करने पर खर्च की जाएगी। इसी प्रकार, एचवीएसी पर 69-60 लाख, 5 वर्षों के लिए मेंटिनेंस के लिए 2-28 करोड़ तथा यूपीपीसीएल आधारित कार्यों को 7-70 करोड़ रुपए की धनराशि खर्च कर पूरा किया जाएगा। वहीं, पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर बनने वाले ई-वे हब में सिविल वर्क पर 169-37 करोड़ तथा इलेक्ट्रिकल वर्क में 23-81 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। इसी प्रकार, एचवीएसी पर 1-39 करोड़, 5 वर्षों के लिए मेंटिनेंस पर 4-86 करोड़ तथा यूपीपीसीएल द्वारा किए जाने वाले कार्यों को पूर्ण करने के लिए 49-86 करोड़ रुपए की रकम खर्च की जाएगी।

# भारत शौर्य तिरंगा यात्रा में लखनऊ की सड़कों पर उमड़ा जनसैलाब

## पहले हम छेडेंगे नहीं, हमें कोई छेडेगा तो छोड़ेंगे नहीं : सीएम योगी

**शाह टाइम्सड्ड ब्यूरो**

**लखनऊ।** भारत शौर्य तिरंगा यात्रा के अवसर पर आज राजधानी लखनऊ की सड़कों पर देशभक्ति का ऐसा नजारा दिखा, मानो पूरा शहर तिरंगे को सलामी देने उमड़ पड़ा हो। कालिदास मार्ग से प्रारंभ हुई यह ऐतिहासिक यात्रा हजारों की भीड़ और 2000 फीट लंबे तिरंगे के साथ जब बढ़ी, तो देशप्रेम का ज्वार मानो लखनऊ की फिजाओं में गूंज उठा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कालिदास मार्ग स्थित मुख्यमंत्री आवास के सामने आयोजित सभा को संबोधित करते हुए कहा कि पहले हम छेडेंगे नहीं, लेकिन हमें कोई छेडेगा तो छोड़ेंगे नहीं। उन्होंने पहलगाम हमले का उल्लेख करते हुए कहा कि भारतीय सैनिकों ने जिस संयम और साहस के साथ जवाबी कार्रवाई की, वह पूरे देश के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान अपनी बर्बादी का इतिहास खुद लिख रहा है। हमारी सेनाओं ने आतंकवाद के ठिकानों पर निशाना साधकर जो कार्य किया, वह दुनिया भर में अद्वितीय उदाहरण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने संयम बरता, पंद्रह दिन तक इंतजार किया लेकिन पाकिस्तान चुप रहा।

जब हमारी सेनाओं ने कार्रवाई की, तो उन्होंने केवल आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया, जबकि बदले में पाकिस्तान की ओर से निर्दोष नागरिकों पर हमले किए गए। इसके बावजूद भारतीय सेवा ने धैर्य और अनुशासन का परिचय दिया। अंततः पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय मंच पर शर्मिंदगी झेलते हुए युद्धविराम की मध्यस्थता के लिए मजबूर होना पड़ा। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, भाजपा के प्रदेश महामंत्री अमरपाल मौर्य, कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना, बृजेश सिंह, आशुतोष टंडन और वरिष्ठ विधायक डॉ. नीरज बोरा भी मंच पर उपस्थित रहे। करीब 300 छात्रों ने 2000 फीट लंबे तिरंगे को संभालते हुए यात्रा की अगुवाई की। यह यात्रा कालिदास मार्ग से प्रारंभ होकर 1090 चौराहा होते हुए हजरतगंज तक पहुंची और वहीं अपने निर्धारित स्थान पर संपन्न हुई। हजारों नागरिकों, महिलाओं, युवाओं, बुजुर्गों और स्कूली बच्चों ने हाथों में तिरंगा लेकर नारेबाजी की ख्र हभारत माता की जयह्, ह्वीर शहीद अमर रहेंह् के नारों से वातावरण गूंजता रहा। प्रदेशभर के विभिन्न जिलों, कस्बों और नगरों से भी भारत शौर्य तिरंगा यात्राओं के सफल आयोजन की सूचना प्राप्त हुई है। भाजपा के निर्देश पर सभी जिलों में यह यात्रा निकाली गई, जिसमें स्थानीय विधायकों, सांसदों और जनप्रतिनिधियों के साथ बड़ी संख्या में आम नागरिकों की सहभागिता रही। यात्रा के दौरान विभिन्न स्थानों पर पहलगाम के शहीदों, सीमा पर बलिदान देने वाले सैनिकों और तीर्थ यात्रियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। स्कूली बच्चों द्वारा गीत, भाषण और देशभक्ति की प्रस्तुतियों ने माहौल को भावविभोर कर दिया।

आज लखनऊ ही नहीं, पूरा उत्तर प्रदेश देशभक्ति की भावना में सराबोर हो गया। हर नगर, हर गली और हर चौराहा आज मानो अपने सैनिकों को सलामी दे रहा था। भारत शौर्य तिरंगा यात्रा ने न सिर्फ वीरों की याद ताजा की, बल्कि युवा पीढ़ी में देशसेवा और राष्ट्रभक्ति की भावना भी भर दी। राधानी लखनऊ की तरह प्रदेश के अन्य जनपदों में भी भारत शौर्य तिरंगा यात्रा को अभूतपूर्व जनसमर्थन प्राप्त हुआ। रायबरेली में जिलाधिकारी कार्यालय से गांधी चौक तक निकाली गई यात्रा में एनसीसी कैडेट्स, स्कूली छात्र-छात्राओं, अधिवक्ताओं और व्यापार मंडलों ने हिस्सा लिया। सीतापुर में तिरंगा यात्रा का शुभारंभ कलेक्ट्रेट परिसर से हुआ जो मुख्य मार्गों से होते हुए कोतवाली चौराहा तक पहुंची। यहां शहीदों के सम्मान में मौन रखा गया और स्थानीय स्कूलों के बच्चों द्वारा देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए गए। शाहजहांपुर में शहीद उद्यान से प्रारंभ होकर यात्रा नगर निगम कार्यालय तक गई, जिसमें भारी संख्या में युवा वर्ग हाथों में तिरंगा लिए हुए देशभक्ति के नारों से वातावरण को गुंजायमान करता रहा। उन्नाव में यह यात्रा कचहरी परिसर से होती हुई घंटाघर तक निकाली गई।

# खड़गे के बयान पर रालोद महासचिव अनिल दुबे ने जताई आपत्ति

### कहा: सेना के पराक्रम पर सवाल न उठाएं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा ऑपरेशन सिंदूर को लेकर दिए गए बयान की कड़ी निंदा की है।

उन्होंने कहा कि जब भारत ने दुनिया के सामने अपनी सैन्य क्षमता और आतंकवाद के विरुद्ध संकल्प का परचम लहराया है, ऐसे समय सरकार से सवाल पूछना सेना के मनोबल को ठेस पहुंचाने जैसा है। श्री दुबे ने कहा कि यह समय सेना के पराक्रम को नमन करने का है, न कि उस पर राजनीति करने का। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार ने खड़गे के सवालों का उत्तर पहले ही दे दिया है और देश की जनता सेना के साहस का सम्मान करती है। दुबे मंगलवार को गोंडा जिले के करनैलगंज और तरबगंज में संगठन विस्तार कार्यक्रम के तहत पहुंचे थे। यहां आयोजित जनसभाओं में बड़ी संख्या में छात्र, नौजवान और किसान शामिल हुए तथा राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयन्त चौधरी के नेतृत्व में आस्था जताते हुए पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान 'राष्ट्रीय लोकदल जिंदाबाद' और 'चौधरी चरण सिंह अमर रहें' के गगनभेदी नारे भी लगे। श्री दुबे ने कहा कि जयन्त चौधरी के राजग में शामिल होने के बाद से युवाओं और किसानों के हित में निर्णायक कदम उठे हैं। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने बताया कि श्री जयन्त चौधरी, केंद्रीय कौशल विकास मंत्री के रूप में देशभर में रोजगार मेले और स्किल डेवलपमेंट शिविरों का आयोजन करवा रहे है।

# मिलावट और नकली दवाओं पर सख्ती, चौराहों पर लगेंगी दोषियों की तस्वीरें: योगी आदित्यनाथ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खाद्य पदार्थों में मिलावट और नकली दवाओं के कारोबार को जनस्वास्थ्य के लिए बड़ा खतरा बताते हुए इसे 'सामाजिक अपराध' करार दिया है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि इस अपराध में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध राज्य सरकार की 'जीरो टॉलरेंस' नीति के तहत कठोर और निर्णायक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि दोषियों की तस्वीरें प्रमुख चौराहों पर लगाई जाएं ताकि आमजन उन्हें पहचान सकें और समाज में उनके प्रति घृणा का भाव उत्पन्न हो।

मुख्यमंत्री ने खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) विभाग की समीक्षा बैठक में कहा कि तेल, घी, दूध, पनीर, मसाले जैसी दैनिक उपभोग की वस्तुओं की जांच उत्पादक इकाई पर ही कराई जाए। इसके लिए समर्पित टीमें गठित की जाएं, उन्होंने पेशेवर रक्तदाताओं की पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए और कहा कि जनस्वास्थ्य राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है, प्रदेश में खाद्य एवं औषधि प्रयोगशालाओं के विस्तार पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री को बताया गया कि अब राज्य के 12 नए मंडलों अलीगढ़, अयोध्या, आजमगढ़, बरेली, बस्ती, चित्रकूट, कानपुर, मिर्जापुर, मुरादाबाद, प्रयागराज, सहारनपुर और देवीपाटन में नई प्रयोगशालाएं और कार्यालय स्थापित किए गए हैं। लखनऊ, गोरखपुर और झांसी में प्रयोगशालाओं का उच्चीकरण किया गया है। वहीं लखनऊ, मेरठ और वाराणसी में स्थापित तीन आधुनिक माइक्रोबायोलॉजी लैब्स में सूक्ष्मजीवों और रोगकारक तत्वों की जांच शुरू हो चुकी है। मुख्यमंत्री ने इन प्रयोगशालाओं के संचालन के लिए 'कॉर्पस फंड' बनाए जाने का सुझाव भी दिया। नकली औषधियों पर नियंत्रण को लेकर मुख्यमंत्री ने पुलिस के साथ एफएसडीए की बेहतर समन्वय की आवश्यकता पर बल दिया, ताकि प्रवर्तन कार्रवाई और अधिक प्रभावी हो सके। बैठक में औषधियों की गुणवत्ता जांच की प्रगति की भी समीक्षा की गई। नमूनों की जांच प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने के लिए पासवर्ड-प्रोटेक्टेड बारकोड प्रणाली लागू की गई है, जिसमें वैज्ञानिक विश्लेषण रिपोर्ट डिजिटल रूप में प्रस्तुत की जाती है और उच्चाधिकारियों की स्वीकृति के बाद ही उसे मान्य माना जाता है। सार्वजनिक भागीदारी को बढ़ाने के उद्देश्य से 'फूड सेफ्टी कनेक्ट' मोबाइल ऐप और टोल फ्री नंबर 1800-180-5533 की सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

# महिला सेना अधिकारी पर टिप्पणी को लेकर मायावती का भाजपा पर तीखा हमला

- **कहा कि दुश्मनों के नापाक मंसूबे नाकाम हों, देश में भाईचारा बना रहे**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने एक बार फिर भारतीय राजनीति में महिला गरिमा और सामाजिक समरसता के सवाल पर मुखर रुख अपनाया है।

उन्होंने भाजपा से जुड़े नेताओं द्वारा महिला सेना अधिकारियों पर की गई अभद्र टिप्पणियों को लेकर गहरा आक्रोश जताया है। इंदौर प्रवास के दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए व बाद में ट्विटर पर दो तीखे ट्वीट कर उन्होंने भाजपा और केंद्र सरकार को कठघरे में खड़ा किया। मायावती ने कहा कि पहले विदेश सचिव और फिर उसके बाद सेना की महिला अफसर के प्रति घृणित, असभ्य व अमर्यादित टिप्पणी वास्तव में जोश व उमंग के उस पूरे अच्छे माहौल को नष्ट करने वाली है, जो पूरा देश भारतीय सेना की पाकिस्तान के विरुद्ध 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता से उत्साहित हैं। यह अति-दुखद व शर्मनाक है। उन्होंने आगे लिखा कि इस क्रम में मध्यप्रदेश के एक वरिष्ठ मंत्री द्वारा मुस्लिम महिला सेना प्रवक्ता के संबंध में की गई अभद्र टिप्पणी को भाजपा व केंद्र सरकार गंभीरता से लेकर उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई जरूर करे, ताकि दुश्मनों के नापाक मंसूबे नाकाम हों और देश में आपसी भाईचारा व समरसता न बिगड़ने पाए। मायावती ने कहा कि भारतीय राजनीति में सामाजिक न्याय के मूल्यों को बार-बार कुचला जा रहा है। उन्होंने कहा कि सेना में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी भारत की ताकत है जिसे प्रोत्साहित किया जाना चाहिए! मायावती ने सवाल उठाया कि जब पूरा देश सैन्य सफलता पर गर्व कर रहा हो, तब महिला अधिकारियों को लांक्षित करने की कोशिशें क्या वास्तव में भीतरघात नहीं हैं? उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि यह समय है जब सभी राजनीतिक दलों को मिलकर 'राष्ट्र सर्वोपरि' की भावना से काम करना चाहिए, न कि सत्ता के लिए संवेदनशील संस्थानों की छवि को ठेस पहुंचाने वाली भाषा का इस्तेमाल करना । मायावती की यह प्रतिक्रिया न केवल एक नेता के रूप में बल्कि बसपा की उस मूल विचारधारा का विस्तार है, जिसमें समानता, गरिमा, सामाजिक न्याय और महिला सम्मान को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाती है।

## समाचार विशेष

### बाघ ने ली एक और किसान की जान

**पीलीभीत।** मानव वन्यजीव संघर्ष रोकने के दावों के बीच पीलीभीत जिले के सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र में गन्ने की सिंचाई कर रहे किसान को बाघ ने मार डाला। घटना के बाद से पूरे क्षेत्र में बाघ का भय व्याप्त है। पुलिस के अनुसार मंगलवार देर शाम खेत में काम करके घर लौटते समय बाघ ने अचानक हमला कर दिया। घसीटते हुए करीब 300 मीटर दूर तक ले गया और अपना निवाला बना लिया। जब किसान के बेटे और ग्रामीण खोजते हुए खेत में पहुंचे तो उन्होंने बाघ को किसान को खाते हुए अपनी आंखों से देखा। ग्रामीणों ने लाठी-डंडे लेकर और पटाखे फोड़कर बाघ को भगाया। इसके बाद किसान का आधा खाया हुआ शव बरामद हुआ। घटना पीलीभीत टाइगर रिजर्व के पास स्थित नजीरगंज गांव में मंगलवार रात की है। मृतक की पहचान गांव के ही रहने वाले हंसराज (50) के रूप में हुई है। हंसराज के मंझले बेटे महेश कुमार ने बताया- पापा शाम में पानी लगाने गए थे। तीन बजे से पानी मिला था। पानी चालू करके शाम सात बजे घर पर खाना खाने आए थे। रात 10 बजे वापस लौटे गए थे, ताकि पानी बंद कर सकें और दूसरे लोग अपने खेतों में पानी भर सकें। साथ के लोग पीछे रह गए और पिता साइकिल से अकेले ही खेत पहुंच गए। खेत में पानी भर चुका था। पिता जी पानी बंद कर रहे थे कि तभी बाघ ने हमला कर दिया। पीलीभीत में पिछले एक साल में बाघ के हमले के पांच मामले में दो लोगों की मौत हो चुकी है। ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। उनका कहना है कि वन विभाग सिर्फ कागजों में सक्रिय है। गांवों के पास बाघ खुलेआम घूमते हैं, पर विभाग ने अभी तक कोई स्थाई व्यवस्था नहीं की गई।

### ताजमहल देखने आए पर्यटक की मौत

**आगरा।** ताजमहल देखने आए महाराष्ट्र के एक पर्यटक की बुधवार को मौत हो गई। महाराष्ट्र के लातूर निवासी लगभग 45 वर्षीय शिवललग बब"या स्वामी दोपहर करीब डेढ़ बजे ताजमहल के रॉयल गेट के निकट बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़े। वहां तैनात सीआईएसएफ की क्विक रिस्पांस टीम उन्हें तुरंत पश्चिमी गेट स्थित डिस्पेंसरी में ले गई। यहां उनकी हालत गंभीर देख अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने पर्यटक को मृत घोषित कर दिया। पर्यटक की मौत की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी। इसका पता मेडिकल परीक्षण के बाद ही चल सकेगा। मृत पर्यटक के साथियों ने बताया कि वे जयपुर भ्रमण करके आए थे, वहां उनकी पीठ में दर्द हुआ था, जिसके बाद दवाई ली थी।

### गृह क्लेश में फांसी लगाकर की आत्महत्या

**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश में ललितपुर जिले के नाराहट क्षेत्र में गृहक्लेश के चलते एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस सूत्रों ने बताया कि ग्राम पघेरिया निवासी मनीराम (40) आरएमबी कॉलेज के पास झोपघी बनाकर अपनी पत्नी सुनीता के साथ रहता था व मेहनत मजदूरी का कार्य करता था। किसी बात को लेकर पति-पत्नी के बीच विवाद हो गया और पत्नी अपने बच्चे को लेकर अपने मायके मध्य प्रदेश में अशोक नगर जिले के चंदेरी चली गई। उसके जाने के बाद मनीराम टपरे में रस्सी के फंदे पर लटक गया। पड़ोसियों ने घटना की सूचना सदर कोतवाली पुलिस को दी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचकर पुलिस ने उसे फांसी के फंदे से नीचे उतरवाया, लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी।

### ट्रक बाइक टक्कर में पति-पत्नी और बेटी घायल, बेटे की मौत

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले के कोतवाली क्षेत्र में बुढिया माई दर्शन करने बाइक से जा रहे पति-पत्नी और बेटी ट्रक की चपेट में आने से गम्भीर घायल हो गए जबकि बेटे की मौत हो गई। गुस्साए ग्रामीणों ने शाहगंज-प्रयागराज मार्ग को जाम कर दिया। पुलिस के अनुसार जिले में खुटहन थाना क्षेत्र के सघनपुर गांव निवासी 28 वर्षीय सुनील प्रजापति अपनी पत्नी 26 वर्षीय रोली, बेटे 6 वर्षीय कार्तिक और बेटी 3 वर्षीय काव्या के साथ बाइक पर सवार होकर सरपतहां थाना क्षेत्र के बरऊद बुढिया माई के दर्शन करने जा रहे थे। बाइक जैसे ही शाहगंज-प्रयागराज मार्ग स्थित कटहिया समीप पेट्रोल पंप के पास पहुंची शाहगंज की तरफ से जा रही ट्रक की चपेट में आने से सभी गंभीर रूप से घायल हो गए।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# अम्बेडकर पर अभद्र टिप्पणी को लेकर भड़के दलित

## कोतवाली पहुंच रिपोर्ट दर्ज कराने को दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का फोटो एडिट कर सोशल मीडिया पर उसके साथ अभ्रद टिप्पणी किये जाने के विरोध में सैकड़ों दलितों ने कोतवाली पहुंचकर इस कृत्य को अंजाम देने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की हैं।

कोतवाली हसनपुर क्षेत्र के गांव गंगाचोली मुस्तकाम के युवकों ने बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के फोटो को एडिट करने के बाद सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। साथ ही बाबा साहब के फोटो पर अभ्रद टिप्पणी भी कर दी। यह देखकर दलित समाज के लोगों में गुस्सा भर गया। सैकड़ो की संख्या में उत्तेजित दलित कोतवाली पहुंच गये। दलितों का कहना था कि आरोपी युवक आये दिन बाबा साहब के खिलाफ गलत शब्दों का इस्तेमाल करते रहते हैं। इसको लेकर पिछले दिनों गांव में पंचायत बुलाकर आरोपियों को समझाने का प्रयास भी किया गया था। उनका कहना था कि बाबा साहब के फोटो को एडिट कर जिस तरह से गलत शब्दों का इस्तेमाल किया गया है। उससे जातिवादी गतिविधियों को बढ़ावा देकर शांति व्यवस्था को भंग किये जाने का खतरा है। दलितों ने कहा कि इस घिघोने कार्य को अंजाम देने वाले आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाये। पुलिस ने उत्तेजित दलितों को समझा कर शांत कर दिया। तहरीर मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच करने में लगी हुई है।



अमरोहा। वृद्धाश्रम में वृद्धजनों का हालचाल जानतीं डीएम निधि गुप्ता वत्स।

# सीएचसी प्रभारी पर लगाए गंभीर आरोप

## सफाई कर्मी ने किया वीडियो वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। सफाई कर्मचारी ने सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल कर सीएचसी प्रभारी पर गाली गलौज कर झूठे केस में फंसाये जाने की धमकी भी दी है।

रहरा के सीएचसी में जितेंद्र कुमार सफाई कर्मचारी के पद पर तैनात है। बुधवार को सफाई कर्मचारी ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो को वायरल किया है। वायरल हो रहे वीडियो में सफाई कर्मचारी ने सीएचसी प्रभारी रहरा पर आरोप लगाये हैं। सफाई कर्मचारी का कहना था कि सीएचसी प्रभारी का रवैया स्टाफ के लोगों के प्रति सही नहीं है। सफाई कर्मचारी का कहना है कि 7 मई को सीएचसी प्रभारी ने उसे अपने केबिन में बुलाया और पुरानी रंजिश के चलते उसे गंदी-गंदी गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे। इसके साथ ही जाति सूचक शब्दों का भी उनके द्वारा इस्तेमाल किया गया। वह उसे झूठे केस में फसाने की भी धमकी दे रहे है। सफाई कर्मचारी ने पूरे मामले की जांच कर सीएचसी प्रभारी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। इससे पहले भी सीएचसी प्रभारी रहरा का किसी बात को लेकर विवाद हो गया था।

# महेश को बसपा जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी

## पार्टी के बिखरे वोट को समेटने की चुनौती

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। प्रदेश में लगातार कमजोर होती जा रही बहुजन समाज पार्टी पुराना वजूद पाने के लिए नये नये प्रयोग कर रही है। इसी क्रम में जिले के जिलाध्यक्ष को भी बदल दिया गया है। सोमपाल सिंह एडवोकेट की जगह महेश कुमार गौतम को अब यह जिम्मेदारी सौंपी गयी है।



बताते चलें कि विधानसभा के बाद लोकसभा चुनाव में भी बहुजन समाज पार्टी का जनाधार जिले में लगातार कमजोर होता गया। जिस कारण पार्टी मुखिया व पूर्व मुख्यमंत्री मायावती द्वारा पार्टी को मजबूती प्रदान करने के लिए लगातार नए प्रयास किये जा रहे हैं। पूर्व में उन्होने अनुशासनहीनता के आरोप में भतीजे आनन्द को हटाया था वहीं बाद में उन्हें अहम जिम्मेदारी दे दी गयी है। इसी क्रम में जिले के जिलाध्यक्ष को भी बदल दिया गया है। अब महेश गौतम को पार्टी का जनाधार मजबूत करने की जिम्मेदारी सोंपी गयी है। इससे पहले वह सैक्टर अध्यक्ष, विधानसभा प्रभारी, कोषाध्यक्ष, नगर अध्यक्ष जोया, जिला प्रभारी, सैक्टर प्रभारी मुरादाबाद, मुख्य मंडल प्रभारी मुरादाबाद आदि पदों पर रह चुके हैं।

# सौ साल पुराने अवैध रास्ते को बंद करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। तहसील क्षेत्र के गांव सागर थाली में 100 साल पुराना रास्ता अवैध रूप से बंद करने का आरोप लगाते हुए शिकायतकर्ताओं ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग। गजरौला के मोहल्ला नेपुरा निवासी मलखान सिंह ने बताया कि उसकी गांव सागर थाली में पैतृक भूमि है जिस पर 100 साल पुराना रास्ता चला आ रहा था जिस पर मलखान सिंह बहन ने किसानों की ट्रैक्टर ट्राली बजी निकलती थी जिसको गांव के ही रहने वाले दूसरे पक्ष के लोगों ने अपनी दबंगई और हेकड़ी के बल पर बंद कर दिया है जिस कारण किसानों को पशुओं के लिए चारा लाने में दिक्कत हो रही है। शिकायतकर्ता ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर 100 साल से चले आ रहे हैं रास्ते को खुलवाने की मांग की है। एसडीएम में राजस्व निरीक्षक को जांच के निर्देश दिए हैं।

# वृद्धाश्रम की एनजीओ को बदलने के निर्देश

## बुजुर्गों की देखभाल में न हो लापरवाहीः डीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने एनजीओ को निरीक्षण कर समाज कल्याण अधिकारी को निर्देश दिये कि यहां रहने वाले बुजुर्गो को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होनी चाहिए। उन्होने एनजीओ के अध्यक्ष पर नाराजगी व्यक्त कर बदलने के लिए विभाग को पत्र लिखने के निर्देश दिये।

बुधवार को डीएम निधि गुप्ता वत्स समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित वृद्धाश्रम में पहुंची। यहां वह एनजीओ द्वारा दी जा रही सुविधाओं से नाराज नजर आयीं। उन्होने जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देश दिये कि एनजीओ को चेंज करने के लिए विभाग को पत्र लिखा जाये। इसके अलावा उन्होंने आवासीय महिला आवास, शौचालय, पानी आदि की व्यवस्था को भी परखा। डीएम ने जिला समाज कल्याण अधिकारी को चेताते कहा कि वह कई बार व्यवस्थाएं सुधारने के आदेश दे चुकी हैं परन्तु समस्या जस की तस बनी है। यहां रहने वाले बुजुर्गो का खास ध्यान रखा जाये। सत्संग आदि की व्यवस्था भी करायी जाये।

# भूपेन्द्र ने बढ़ाया बच्चों का मनोबल

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** सेंट मेरीज कान्वेंट स्कूल की कक्षा 12 की जिला टॉप टेन सूची में शामिल छात्रा नमृता सिरोही व कक्षा दस में विद्यालय स्तर पर प्रथम छात्रा विदुषी सिंह के घर पहुंचकर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष पति व समा.

**■ टॉपर्स के घर पहुंचकर बढ़ाया उत्साह**

जवादी पार्टी पिछड़ा वर्ग के प्रदेश उपाध्यक्ष चौ.भूपेन्द्र सिंह ने उत्साहवर्धन किया। कहा कि बच्चों के प्रयास की जितनी सराहना की जाये वह कम ही है। बताया कि नमृता सिरोही के पिता कृष्णराज सिरोही ग्राम के पूर्व



प्रधान रह चुके हैं और माता स्वाति सिरोही गृहणी हैं, जबकि विदूषी सिंह के पिता राजीव सिंह व माता पूनम रानी दोनों अध्यापक हैं। इस मौके पर सुभाष ठेकेदार, सतेन्द्र प्रधान, अरूण कुमार, विपिन सिरोही, संजय सिंह, पीतम सिंह आदि मौजूद रहे।

# जयपाल सिंह शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष मनोनीत

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा की बैठक राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी के नेतृत्व में नगर के चौधरी चरण सिंह नगर स्थित राष्ट्रीय कार्यालय पर

**■ भाकियू संयुक्त मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने किया स्वागत**

आयोजित की गई, जिसमें केंद्रीय, प्रदेश कार्यकारिणी एवं जिला कार्यकारिणी के सदस्य शामिल हुए। राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी ने शिव इंटर कॉलेज गजरौला के पूर्व प्रधानाचार्य जयपाल सिंह को



शिक्षक प्रकोष्ठ का प्रदेशाध्यक्ष एवं अजय भाटी उर्फ छोटू भाटी निवासी तिगरिया भूड़ को छात्र संघ का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया। मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कार्यकर्ताओं ने दोनों नए पदाधिकारियों का फूल मालाओं से स्वागत किया।

# रजिस्ट्री कार्यालय में चोरों का धावा

## खिड़की तोड़कर चोरी का प्रयास, रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। तहसील परिसर में स्थित रजिस्ट्री कार्यालय में अज्ञात चोरों ने धावा बोल दिया। चोरों ने रजिस्ट्री कार्यालय के पीछे से खिड़की को तोड़कर अंदर घुसने का प्रयास किया लेकिन वह अपने प्रयास में विफल हो गए। इस घटना ने रजिस्ट्री कार्यालय की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

घटना मंगलवार की देर रात की है जब तहसील परिसर में स्थित रजिस्ट्री कार्यालय में अज्ञात चोरों ने कोमल लगाकर (खिड़की तोड़कर) चोरी का प्रयास किया। चोरी के प्रयास की ये घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गई। सुबह जब रजिस्ट्री कार्यालय खुला तो घटना की जानक. ारी हुई। रजिस्टार ने घटना की जानक. ारी पुलिस को दी जानकरी पर बछरायूं थाना पुलिस व फोरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने घटना की जानकारी ली फोरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए। मामले में रजिस्टार दिनेश कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर अज्ञात चोर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। थाना प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार ने बताया रजिस्ट्री कार्यालय में चोरी का प्रयास किया गया है मामले में अज्ञात चोर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही हैं।

# कृष्णा स्कूलः इंटर में निशित व हाईस्कूल में सुन्दर रहे टॉपर

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**सैदनगली।** कृष्णा पब्लिक स्कूल में कक्षा 10 एवं 12 के परीक्षा परिणाम में विद्यालय एवं जनपद स्तर पर स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को विद्यालय प्रबंधक एवं विधायक राजीव

**■ विधायक ने मिठाई खिलाकर बढ़ाया उत्साह**

तरारा, निदेशक डॉ.सरिता तरारा, पूर्व विधायक तोताराम एवं प्रधानाचार्य नीलम श्रीवास्तव ने मिठाई खिलाकर उत्साहवर्धन किया। कक्षा 12 के छात्र निशित बाजवा ने 97.2% अंको के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान व जनपद में नौवां स्थान रहा। अरशद सैफी ने 92 % द्वितीय



स्थान, हमजा चौधरी ने 91.4% तृतीय स्थान, अनम व हर्षल ने 84%. अंक प्राप्त किए। 10वीं के परीक्षा परिणाम में सुन्दर अग्रवाल ने 90% अंक प्राप्त करके प्रथम स्थान व मौ.साविक ने 88% अंको के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। विधायक राजीव तरारा ने छात्र-छात्राओं के प्रयास की सराहना करते हुए मनोबल बढ़ाया। कहा कि बच्चों ने पूरी मेहनत करते हुए अच्छे अंक प्राप्त किए और विद्यालय का नाम रोशन किया। उन्होंने उम्मीद जताते हुए कहा कि आने वाले वर्षो में भी यहां के छात्र-छात्राएं इसी तरह शानदार प्रदर्शन करेंगे और आगे बढ़ेंगे।




अमरोहा। अवैध पैथोलॉजी लैब को सील करते स्वास्थ्य अधिकारी।

# दो अस्पताल व दो अवैध लैब सील

## स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई से मचा हड़कम्प

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। जिलेभर में स्वास्थ्य विभाग ने छापेमारी कर दो अवैध अस्पताल व दो पैथोलॉजी लैब सील किये। जबकि टीम को देखकर कई अस्पताल व लैब संचालक ताले डालकर फरार हो गये। स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई से जिलेभर के अवैध अल्ट्रासाउंड, अस्पताल व लैब संच. ालकों में हड़कम्प मच गया।

बताते चलें कि बीते दिन सांसद कंवर सिंह तंवर ने कलेक्ट्रेट में दिशा की बैठक के दौरान अधिकारियों को जिलेभर के अवैध अल्ट्रासाउंड व अस्पतालों के खिलाफ अभियान चलाकर बंद कराने के निर्देश दिये थे। जिस पर स्वास्थ्य महकमा आज हरकत में आ गया। नोडल अधिकारी डा. शरद कुमार के नेतृत्व में गजरौला भानपुर फाटक स्थित आस्था मेडिकेयर पर छापा मारा गया। यहां एक मरीज का इलाज चल रहा था। संचालक सुमेर चौधरी से जब कागज मांगे गये तो वह इधर उधर देखने लगा। जिस पर मेडिकेयर को सीज कर दिया गया है। फाजलपुर फाटक के पास स्थित समर नर्सिंग सैंटर पर तीन मरीज महबूब, अयाज उद्दीन व निशा भर्ती थे। टीम को देखकर संचालक तारिक खान फरार हो गया। जबकि उक्त मरीजों को सरकारी अस्पताल भेजकर नर्सिंग सैंटर को सील कर दिया गया है। हसनपुर क्षेत्र में सिहाली जागीर स्थित चमन पैथोलॉजी लैब पर भी टीम ने छापेमारी की। जिसका संचालक कमरूद्दीन भी टीम को किसी प्रकार का कोई कागज नहीं दिखा पाया। उक्त लैब को भी सील कर दिया गया। रजबपुर क्षेत्र में अतरासी चौराहा स्थित मन्नत पैथोलॉजी लैब का संचालक शानेआलम टीम को देखकर फरार हो गया। टीम ने उक्त लैब को भी सीज कर दिया है। नोडल अधिकारी डा. शरद कुमार ने बताया कि अवैध अल्ट्रासाउंड, अस्पताल व लैब संचाल. कों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

# प्राइवेट स्कूलों की मनमानी पर रोक लगे



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**। जनसेवा सहयोग फाउंडेशन ने कलेक्ट्रेट में ज्ञापन सौंप प्राइवेट स्कूलों में की जा रही लूट खसोट पर रोक लगाने की मांग की है।सौंपे गये ज्ञापन में उन्होंने कहा कि अधिकांश प्राइवेट स्कूलों ने मात्र एक ही दुकान पर किताबे व यूनिफार्म लगा रखी है। दुकानदार कमिशन के चक्कर में उच्च दामों पर इन्हें बेचते हें पूर्व में भी इसकी शिकायत की जा रही है। परन्तु कार्रवाई नही की गयी। स्कूल संचालकों द्वारा सरकार के आदेशों का पालन नहीं किया जा रहा। ज्ञापन सौंपने वालों में नदीम अहमद, इसरार अहमद, आसिफ सुल्तान, धर्मेन्द्र पंवार, जीशान पाशा, तारिक अजीम, वसीम अकरम, सरफराज अहमद, सउद अहमद, फैजान मसरूर, फहीम नबी, आदिल अब्बासी, इमरान आदि मौजूद रहे।

# पुजारी पर अभद्रता का आरोप ग्रामीणों ने की शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** मंदिर के एक पुजारी पर पूजा करने आने जाने वालीं महिलाओं के साथ अभद्रता करने का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वा. सन दिया है। ब्लॉक क्षेत्र के के ग्राम कुमराला के ग्रामीणों का कहना है कि मंदिर का पुजारी महिलाओं से अभद्र भाषा का प्रयोग करता है, बच्चों को डांटता फटकारता है। बीते दिन भी ग्रामीणों ने पुलिस से पुजारी की शिकायत की थी और कार्रवाई की

**■ पुलिस ने जांच पड़ताल करके की दिया कार्रवाई का भरोसा**

मांग की थी। लेकिन उसने अपनी आदत में कोई सुधार नहीं किया। बुधवार को भी उसने यही अभद्रता की। जिसके बाद ग्रामीण थाने पहुंचे और आरोपी के विरूद्ध कार्रवाई की मांग की। इस मौके पर सोनू कुमार, योगेश कुमार, डॉक्टर नरेश, बलराम सिंह, प्रेमचंद, अमित कुमार, रेनू कुमार, मदन सिंह, रामवीर सिंह, सोनू कुमार, अवनीश कुमार, राजेश सिंह, सूरजभान आदि मौजूद रहे।

# गोस्वामीज मॉम्स प्राइड स्कूल ने किया छात्राओं की सुरक्षा के लिए द्वितीय महिला कमेटी का गठन



**पीलीभीत।** गोस्वामीज मॉम्स प्राइड स्कूल छात्रों की सुरक्षा के लिए द्वितीय महिला कमेठी (गजियंस – ग्रेस कमेटी) का आयोजन किया गया।

इस समिति की अध्यक्ष डॉक्टर सोनिया गोस्वामी विशेष सदस्य अनुज कुमार (सीसीओ), अरून कुमार, सदस्य आशा सिंह, स्मिता अग्रवाल अभिभावक प्रति. निधि बिन्नी सिंह देशवाल, सचिव विष्णु प्रिया प्रधानाचार्या जया घोष ने कक्षा 9 से 11 की छात्राओं के संग इस गोष्ठी का शुभारंभ किया। स्कूल के विद्यार्थियों ने साइबर क्राइम अफसरो से कुछ प्रश्न पूछे जिन्होंने बताया कि एआई का यूज करना सही है या नहीं छात्रों ने सवाल पूछे जिन्हे उन्हें जानकारी प्राप्त हुई उन्होंने बच्चों को बताया सोशल मीडिया पर सबसे ज्यादा इंस्टाग्राम के जरिए की जाती है अपना ईमेल पासवर्ड तथा पब्लिक वाईफाई पर नहीं कर पाएंगे

मोबाइल का सावधानी से उपयोग करने की जानकारी दी किस तरह जीमेल अकाउंट को किसी को शेयर नहीं करना क्योंकि जीमेल अकाउंट ही मेन अकाउंट होता है। गोष्ठी का आयोजन का उद्देश्य छात्राओं को साइबर अपराध से सुरक्षित रखना है आज हमारे देश ने जितनी तकनीकी क्षेत्र में प्रगति हासिल प्राप्त की है उतने अपराध भी बढ़ गए है उसमें प्रमुख है, साइबर अपराध जिसमें सबसे ज्यादा लड़कियाँ असुरक्षित होती है। विद्यालय में महिला कमेठी का आयोजन बालिकाओं को इन अपराधों के प्रति जागरूक करना तथा इनसे बचने के उपायों के सुझाव दिए गए है। गोष्ठी की पहल कक्षा नौ की छात्रा अनमता शम्सी और निवा फातिमा ने किया जिसमें उन्होंने साइवर क्राइम से सम्बन्धित कई विषयों पर बोला।

# गन्ने की सिंचाई कर रहे किसान को बाघ ने बनाया निवाला



**पूरनपुर।** गन्ने की फसल में पानी लगा रहे किसान को बाघ ने हमला कर मौत के घाट उतार दिया। घटना स्थल से काफी दूर अधखाया शव मिलने से सनसनी फैल गई। देर रात घटना की जानकारी लगने के में लोग पहुंच गए। सूचना मिलने के बाद आधी रात पुलिस और हरीपुर रेंजर टीम के साथ पहुंच गए। ग्रामीणों के विरोध के बाद बमुश्किल शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा गया। सूचना देने के बावजूद खुटार रेंजर के वनकर्मी नहीं पहुंचे। घटना को लेकर परिजनों का रोकर बुरा हाल है। पूरनपुर तहसील क्षेत्र के गांव नजीरगंज जंगल से सटा हुआ है। यहां जंगल का एरिया हरीपुर रेंज और आबादी का इलाका खुटार रेंज के अंतर्गत आता है। गांव के रहने वाले हंसराज 50 वर्ष पुत्र छोटेलाल मंगलवार शाम गन्ने की फसल में पानी लगाने गए थे। रात बाघ ने उनपर हमला कर मौत के घाट उतार दिया। परिजनों के पहुंचने के बाद खेत पर हंसराज के न मिलने पर खोजबीन की गई। जानकारी लगने के बाद काफी संख्या में ग्रामीण उनकी तलाश में जुट गए। लगभग आधा किलोमीटर दूर तिरुमल के खेत में ग्रामीण काट खाया तब देखा गया। कमर के नीचे का पूरा ऐसे बाघ का गया। मामले की सूचना पुलिस और वन विभाग को दी गई।

# ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स से सशक्त होंगे यूपी के युवा

**● रोजगार के साथ मिलेगी स्किलिंग की उड़ान**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार की नवप्रवर्तक ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स (जीसीसी) नीति 2025 राज्य के युवाओं को रोजगार और कौशल विकास के क्षेत्र में नया अवसर देने जा रही है। यह जानकारी प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. अनिल कुमार सागर ने मंगलवार को लखनऊ में पत्रकारों से बातचीत के दौरान दी।

उन्होंने कहा कि इस नीति के तहत न केवल दो लाख से अधिक रोजगार सृजित किए जाएंगे, बल्कि युवाओं को इंटर्नशिप, प्रशिक्षण, पेरोल सब्सिडी और अनुसंधान के क्षेत्र में आर्थिक सहयोग भी मिलेगा। डॉ. सागर ने बताया कि नोएडा और एनसीआर के साथ-साथ वाराणसी, कानपुर और प्रयागराज जैसे टियर-2 शहरों में जीसीसी स्थापित करने वाली कंपनियों को विशेष प्रोत्साहन दिया जाएगा, जिससे स्थानीय स्तर पर युवाओं को बेहतर अवसर प्राप्त होंगे और आर्थिक गतिविधियों में भी वृद्धि होगी। इंटर्नशिप और स्किल डेवलपमेंट के लिए विशेष प्रोत्साहन नीति के अंतर्गत कम से कम दो महीने की इंटर्नशिप पर प्रति छात्र पांच हजार प्रति माह तक की सब्सिडी दी जाएगी।

यह लाभ अधिकतम पचास इंटर्न्स तक, तीन वर्षों के लिए मिलेगा। इसके साथ ही प्रत्एक कर्मचारी के कौशल विकास हेतु पचास हजार तक की सब्सिडी दी जाएगी, जो प्रशिक्षण या कोर्स की लागत का पचास प्रतिशत होगी। यह लाभ प्रति वर्ष अधिकतम पचास लाख तक सीमित रहेगा। पेरोल और फ्रेशर्स सब्सिडी से रोजगार को मिलेगा बढ़ावा प्रदेश के युवाओं के लिए पेरोल सब्सिडी के तहत ₹1.8 लाख प्रति वर्ष तक और अन्य कर्मचारियों के लिए ₹1.2 लाख तक की प्रतिपूर्ति की जाएगी। यह सहायता अधिकतम बीस करोड़ तक तीन वर्षों के लिए दी जा सकेगी। फ्रेशर्स की भर्ती पर भी प्रति कर्मचारी बीस हजार तक की सब्सिडी दी जाएगी, बशर्ते कि संबंधित कंपनी कम से कम 30 युवाओं की वार्षिक नियुक्ति करे। यह योजना पांच वर्षों तक प्रभावी रहेगी डॉ. सागर ने बताया कि महिलाओं, अनुसूचित जाति/जनजाति, ट्रांसजेंडर और दिव्यांगजनों के लिए ईपीएफ अंशदान 100: प्रतिपूर्ति का प्रावधान है। यह सहायता अधिकतम ₹1 करोड़ प्रति वर्ष तक और तीन वर्षों तक दी जाएगी, जिससे इन वर्गों को समावेशी रोजगार में बढ़ावा मिलेगा। अनुसंधान और नवाचार के लिए एक्सीलेंस केंद्रों को सहयोग उन्होंने कहा कि जीसीसी नीति के तहत ख्रत्रिम बुद्धिमत्ता, फिनटेक, और रोबोटिक्स जैसे क्षेत्रों में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित करने हेतु ₹10 करोड़ तक का अनुदान दिया जाएगा। इसके अलावा, स्टार्टअप्स को पेटेंट, प्रोटोटाइप विकास, और शैक्षणिक साझेदारी के लिए भी सहायता दी जाएगी, जैसा कि यूपी औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति 2022 में निहित है। नोएडा में माइक्रोसॉफ्ट पहले ही दस हजार सीटों वाले डेवलपमेंट सेंटर की आधारशिला रख चुका है।

# 27 मई को मथुरा में आयोजित होगी रालोद प्रदेश कार्यसमिति की बैठक

## जयंत चौधरी होंगे मुख्य अतिथि

**● प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय की अध्यक्षता में होगी बैठक, 2027 की रणनीति पर होगा मंथन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक आगामी 27 मई को मथुरा में आयोजित की जाएगी। यह जानकारी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय ने दी। उन्होंने बताया कि इस अहम बैठक में प्रदेश के सभी जिलाध्यक्ष, महानगर अध्यक्ष, क्षेत्रीय व मंडल अध्यक्ष, प्रकोष्ठों के प्रदेश अध्यक्ष तथा विशेष आमंत्रित सदस्य भाग लेंगे। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद चौधरी जयन्त सिंह शामिल होंगे।

वहीं, राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) त्रिलोक त्यागी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय करेंगे। रालोद के प्रदेश मीडिया प्रभारी मयंक त्रिवेदी ने बताया कि इस बैठक में 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारी विशेष रूप से चर्चा का केंद्र होगी। पार्टी संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने की रणनीति के साथ-साथ वर्तमान में चल रहे सक्रिय सदस्यता अभियान की समीक्षा भी की जाएगी। चौधरी जयन्त सिंह अपने उद्बोधन में आगामी राजनीतिक दिशा और रणनीति पर विस्तृत मार्गदर्शन देंगे। उनके विचारों को लेकर पार्टी के पदाधिकारी और जिलाध्यक्ष अपने-अपने क्षेत्रों में जनसंवाद अभियान चलाएंगे। इसके माध्यम से वे राष्ट्रीय लोकदल की नीतियों और भारत रत्न चौधरी चरण सिंह के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। साथ ही, चौधरी जयन्त सिंह द्वारा कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय के माध्यम से युवाओं के लिए चलाए जा रहे रोजगार सृजन और आत्मनिर्भरता संबंधी कार्यों की जानकारी भी जनता तक पहुंचाई जाएगी। पार्टी इस बैठक को आगामी चुनावी रणनीति के लिहाज से मील का पत्थर मान रही है।

# बच्चों की नींव मजबूत बनाएं, तभी देश बनेगा विकसित : आनंदीबेन पटेल



**● सीतापुर दौरे में आंगनबाड़ी कार्यक्रम से लेकर विकास कार्यों की समीक्षा तक में रही सक्रिय**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सीतापुर।** प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने बुधवार को सीता. पुर जिले के खैराबाद स्थित भूमिजा बहुउद्देश्ईय हॉल में आंगनबाड़ी कार्यक्रम में भाग लिया। नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्ख्रतिक कार्यक्रमों से अभिभूत राज्यपाल ने मंच से उपहार वितरित करते हुए कहा कि ह्इन बच्चों का योग प्रदर्शन व अनुशासन प्रेरणादायक है। बच्चों को संस्कार देना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है, क्योंकि इन्हीं के कंधों पर देश का भविष्य टिका है।

राज्यपाल ने आंगनबाड़ी केंद्रों को बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा व पोषण का महत्वपूर्ण आधार बताते हुए कहा कि ह्यह केवल शिक्षा का ही माध्यम नहीं, बल्कि गरीब व वंचित वर्ग के समग्र विकास का केंद्र भी हैं।ह्व उन्होंने आह्वान किया कि हर बच्चा आंगनबाड़ी और विद्यालय से जुड़कर शिक्षित होख्रतभी विकसित भारत 2047 का सपना साकार होगा। उन्होंने कहा कि ह्जिस प्रकार माली पौधे की देखभाल करता है, वैसे ही हमें भी बच्चों को स्नेह, संस्कार और शिक्षा देना चाहिए। बेटियों को अब हर क्षेत्र में भागीदारी का अवसर मिलना चाहिए, वह जमाना गया जब उन्हें पराया समझा जाता था।ह्व इस अवसर पर राज्यपाल द्वारा विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को मंच से सामग्री और प्रमाण-पत्र वितरित किए गए, जिनमें प्रमुख हैं।

# सब्जी और फलों की खेती से समृद्ध होंगे किसान, योगी सरकार का व्यापक उद्यान विजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में खेती अब सिर्फ अन्न उत्पादन तक सीमित नहीं रहेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार ने बागवानी फसलोंख्रयानी फल और सब्जियोंख्रको ग्रामीण समृद्धि का माध्यम बनाने की ठोस योजना बनाई है। सरकार का फोकस इनके क्षेत्रफल, उत्पादन, उत्पाद की गुणवत्ता और प्रसंस्करण बढ़ाने पर है, जिससे किसान पारंपरिक फसलों की निर्भरता से आगे बढ़कर अधिक लाभदायक ख्रषि की ओर बढ़ सकें। वर्ष 2022 से 2027 के बीच सरकार ने बागवानी फसलों के तहत आने वाले क्षेत्रफल को 11.6: से बढ़ाकर 16: करने का लक्ष्य तय किया है, जबकि प्रसंस्करण सुविधाओं का दायरा 6: से 20: तक ले जाने की योजना है। इसके लिए 11,000 करोड़ रुपए के निवेश के लक्ष्य के साथ मेगा प्रोसेसिंग इकाइयों को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना कृषि क्षेत्र में पानी की बढ़ती चुनौती को देखते हुए सरकार ने ड्रिप और स्प्रिंकलर जैसी दक्ष सिंचाई विधियों को बढ़ावा देना शुरू किया है। पहले जहां इन विधियों से सिंचित रकबा मात्र 2.64: था, वहीं अब 2027 तक इसे 9: यानी करीब 10 लाख हेक्टेयर तक बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है। इससे न केवल जल की बचत होगी, बल्कि उपज की गुणवत्ता और मात्रा दोनों में सुधार होगा। उन्नत किस्म के पौधों और बीजों की उपलब्धता के लिए हर जिले में दो-दो श्सेंटर फॉर एक्सीलेंसश की स्थापना की जा रही है। इजराइल और नीदरलैंड जैसे देशों की तकनीकी सहायता से इन केंद्रों में किसानों को आधुनिक तकनीकों की जानकारी और बेहतरीन पौधों का प्रशिक्षण मिलेगा। साथ ही संरक्षित खेतीख्रजैसे पॉलीहाउस व शेडनेटख्र के लिए 500 हेक्टेयर विस्तार की योजना है, जिससे किसान बेमौसम भी गुणवत्तायुक्त फसलें उगा सकें। ख्रषि विविधीकरण को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने मशरूम उत्पादन, मधुमक्खी पालन, और अन्य वैकल्पिक फसलों की ओर किसानों का ध्यान आख्रष्ट किया है। 2027 तक दो लाख दस हजार किसानों को प्रशिक्षण देने का लक्ष्य है, जिसमें उन्हें सफल मॉडलों की विजिट और विशेषज्ञों से मार्गदर्शन दिलाया जाएगा। यह प्रयास केवल आय बढ़ाने का नहीं, बल्कि ख्रषि को जलवायु परिवर्तन के अनुकूल बनाने का भी हिस्सा है। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश पहले से ही आम, अमरूद, आंवला, आलू, मटर और लता व गोभी वर्गीय सब्जियों के उत्पादन में देश में अग्रणी है। लेकिन तकनीकी नवाचार और संरचित प्रशिक्षण के जरिए इनकी उत्पादकता को और ऊंचाई दी जा सकती है। सरकार का उद्देश्य स्पष्ट हैख्रकिसान समृद्ध हों, खेत बाग-बाग हों और उत्तर प्रदेश, बागवानी में आत्मनिर्भर भारत की अगुवाई करे।

## मनरेगा कार्यों में धांधली का आरोप

**सीतापुर।** विकास खंड सकरन की ग्राम पंचायत उमराखुर्द में बुधवार को चार कामों पर 124 मजदूरों की फर्जी हाजिरी लगाई गई। ग्राम पंचायत में स्कूल के पास से केशव के खेत तक बंधा निर्माण । चेतराम के खेत से सम्बारी के खेत तक चकबंद निर्माण। पतिराम के घर से चांदुलपुरवा तक चकबंद निर्माण। त्रिभुवन के घर से गंगाराम के घर तक चकबंद निर्माण होना दर्शाया गया है। ग्राम प्रधान व रोजगार सेवक द्वारा उक्त कार्यों की फर्जी हाजिरी मस्टररोल पर लगाई गई है। जब कि कार्य न तो ग्राम पंचायत से कराए जा रहे है और न ही उन पर मजदूर कार्य कर रहे है। जिम्मेदार मजदूरों की फर्जी हाजिरी लगा कर फर्जी तरीके से भुगतान करा रहे हैं। ग्रामीण अवध. ेश कुमार, शिवकुमार, जाहिद, अबरार आदि ने मनरेगा के तहत लगाई जा रही मजदूरों की फर्जी हाजिरी की शिकायत विभागीय अधिकारियों से की ह एडीओ पंचायत दिनेश कुमार यादव ने बताया शिकायत मिली है। मामले की जांच कर आवश्यक कार्यवाई की जाएगी

# गर्भवती महिलाओं और बच्चों को मिलेगा पोषण का सुरक्षा कवच योगी सरकार ने खोला खजाना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने कुपोषण के विरुद्ध अपनी प्रतिबद्धता को और सुख्रढ़ करते हुए आंगनबाड़ी केंद्रों से जुड़ी अनुपूरक पुष्टाहार योजना के लिए 51.89 करोड़ रुपए की अतिरिक्त धनराशि स्वीख्रत की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर यह निर्णय लिया गया है, ताकि प्रदेश के बच्चों, गर्भवती महिलाओं और किशोरियों को लगातार पौष्टिक आहार की आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। यह पहल राज्य सरकार द्वारा नैफेड के माध्यम से आपूर्ति की जा रही सामग्री की लागत में वृद्धि को देखते हुए की गई है, ताकि बढ़ती दरों का भार लाभार्थियों पर न पड़े और पोषण योजना निर्बाध रूप से संचालित होती रहे। सरकार द्वारा ष्अनुपूरक पुष्टाहार योजना हेतु टॉप-अप व्यवस्थाष् की शुरुआत भी की गई है, जो देश में अपने तरह की पहली नवाचार पहल मानी जा रही है। इस व्यवस्था के तहत यदि नैफेड द्वारा आपूर्ति की जाने वाली सामग्री की लागत भारत सरकार के निर्धारित मानकों से अधिक होती है, तो राज्य सरकार स्वयं उस अतिरिक्त लागत को वहन करेगी।

वित्तीय वर्ष 2024-25 की तीसरी और चौथी तिमाही के लिए क्रमशः 25.92 करोड़ और 25.97 करोड़ रुपए की राशि इस व्यवस्था के तहत स्वीख्रत की गई है। समन्वित बाल विकास योजना के अंतर्गत 6 माह से 6 वर्ष तक के बच्चों, गर्भवती और धात्री महिलाओं तथा किशोरियों को प्रदेश के लाखों आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से फोर्टिफाइड गेहूं दलिया, चना व मसूर दाल, खाद्य तेल जैसे पोषण तत्वों की आपूर्ति की जाती है। केंद्र और राज्य सरकार द्वारा 50-50 प्रतिशत की हिस्सेदारी से संचालित इस योजना का उद्देश्य बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के साथ-साथ मातृत्व स्वास्थ्य में सुधार लाना है। नैफेड की आपूर्ति व्यवस्था को इसलिए अपनाया गया क्योंकि प्रदेश में स्थानीय स्तर पर पुष्टाहार उत्पादन इकाइयों की स्थापना में अभी समय लग रहा है। हालांकि बीते कुछ समय में दाल और अन्य सामग्री की कीमतों में तेजी आई है, जिससे आपूर्ति लागत बढ़ी है। ऐसे में योगी सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि दाम बढ़ने के बावजूद लाभार्थियों तक पोषण सामग्री समय पर और समुचित मात्रा में पहुंचे। सरकार ने स्पष्ट किया है कि यदि नैफेड द्वारा भविष्य में चना दाल की आपूर्ति संभव न हो, तो उसके स्थान पर कोई अन्य उपयुक्त विकल्प मुख्यमंत्री द्वारा अनुमोदित किया जाएगा। साथ ही नैफेड द्वारा निर्धारित कास्ट नॉर्म से अधिक दरों पर सप्लाई होने की स्थिति में राज्य सरकार टॉप-अप की व्यवस्था के तहत उस अंतर को कवर करती रहेगी। यह नीति प्रदेश के पोषण लक्ष्यों को हासिल करने की दिशा में निर्णायक कदम है। पोषण आपूर्ति को दीर्घकालिक स्थायित्व देने के लिए योगी सरकार वर्ष 2026-27 तक प्रदेश में 347 टीएचआर यूनिट स्थापित करने का लक्ष्य लेकर चल रही है। उत्तर प्रदेश ग्रामीण आजी. विका मिशन के तहत महिला स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से संचा. लित होने वाली ए इकाइयां स्थानीय स्तर पर पुष्टाहार का उत्पादन करेंगी। इससे न केवल खाद्य आपूर्ति शृंखला मजबूत होगी, बल्कि ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का अवसर भी मिलेगा। अब तक कई जिलों में बुनियादी ढांचे के विकास के लिए तेजी से कार्य शुरू हो चुका है।

# सेमीकंडक्टर निर्माण में ऐतिहासिक छलांग की ओर अग्रसर उप्र

## 3700 करोड़ की लागत से दो वैश्विक दिग्गज कंपनियों का संयुक्त उपक्रम, 'आत्मनिर्भर भारत' की दिशा में निर्णायक पहल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** 'एक ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी' के लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ते उत्तर प्रदेश को आधुनिक तकनीकी क्षेत्र में 'सुपर हब' के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक और ऐतिहासिक कदम बढ़ा है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में नई दिल्ली में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में ग्रेटर नोएडा के जेवर क्षेत्र में सेमीकंडक्टर निर्माण यूनिट की स्थापना को स्वीख्रति दी गई है। यह परियोजना भारत सेमीकंडक्टर मिशन के अंतर्गत देश की छठी और उत्तर प्रदेश की पहली यूनिट के रूप में स्वीख्रत की गई है, जिसे दो प्रमुख अंतरराष्ट्रीय तकनीकी कंपनियां संयुक्त उपक्रम के रूप में स्थापित करेंगी। जेवर में निर्माणाधीन नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के समीप यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (ईडा) अधिख्रत क्षेत्र में स्थापित की जाने वाली यह यूनिट डिस्प्ले ड्राइवर चिप्स का निर्माण करेगी, जिनका उपयोग मोबाइल फोन, लैपटॉप, ऑटोमोबाइल, पर्सनल कंप्यूटर, सर्वर, चिकित्सा उपकरण, पावर इलेक्ट्रॉनिक्स, रक्षा प्रणाली तथा उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे तमाम उपकरणों में होता है। संयंत्र की मासिक क्षमता 20,000 वेफ़र और 36 मिलियन यूनिट डिजाइन उत्पादन पर आधारित होगी। अनुमानित 3,700 करोड़ रुपए के निवेश से तैयार होने जा रही यह यूनिट न केवल तकनीकी आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण होगी, बल्कि हजारों लोगों के लिए रोजगार के अवसर भी सृजित करेगी। प्रधानमंत्री मोदी के इस दूरदर्शी निर्णय पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह पहल 'आत्मनिर्भर भारत' और 'नया उत्तर प्रदेश' के निर्माण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर कहा कि भारत अब सेमीकंडक्टर विनिर्माण में वैश्विक नेतृत्व की ओर अग्रसर है और उत्तर प्रदेश उच्च स्तरीय इलेक्ट्रॉनिक्स व सेमीकंडक्टर उत्पादन के केंद्र के रूप में उभर रहा है। यह गौर करने योग्य है कि इस निर्णय के ठीक एक दिन पहले नोएडा में जापान की दिग्गज सेमीकंडक्टर कंपनी रेनेसास इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्पोरेशन ने विश्व की सबसे आधु. निक 3 नैनोमीटर चिप डिजाइन करने वाले सेंटर की शुरुआत की है। यह केंद्र विश्वस्तरीय तकनीक पर कार्य करेगा, जो फिलहाल दुनिया के कुछ गिने-चुने देशों और कंपनियों के पास ही उपलब्ध है। ऐसे में उत्तर प्रदेश में लगातार हो रहे ए निवेश राज्य की तकनीकी प्रगति और वैश्विक प्रतिस्पर्धा में हिस्सेदारी को पुष्ट करते हैं। इस दिशा में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2024 में लागू की गई 'उत्तर प्रदेश सेमीकंडक्टर नीति-2024' निर्णायक साबित हो रही है, जिसमें पूंजीगत सहायता, ब्याज उपादान, स्टांप डड्रूटी और विद्युत शुल्क में छूट सहित कई आकर्षक प्रावधान शामिल हैं। इस नीति का ही परिणाम है।

## बालपुर पुलिस पर रिश्वतखोरी के गंभीर आरोप

**गोंडा।** जिले के कर्नलगंज कोतवाली के बालपुर चौकी में पुलिसकर्मियों पर भ्रष्टाचार और दबंगों को संरक्षण देने के गंभीर आरा. ेप लगे हैं। सोशल मीडिया पर वायरल तस्वीरों और वीडियो में कथित तौर पर पुलिस की रिश्वतखोरी उजागर हुई है। मामला ग्राम भोंका से जुड़ा है, जहां 9 मई 2025 को दोपहर 2 बजे 4-5 लोगों ने एक महिला को उसके घर से जबरन उठाकर दुष्कर्म का प्रयास किया। हमले में पीड़िता के पेट और निजी अंगों पर गंभीर चोटें आईं, जिसके बाद उसे गोंडा के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। आरोप है कि बालपुर चौकी और कर्नलगंज थाना पुलिस ने पीड़िता की शिकायत दर्ज करने से इनकार कर दिया और उल्टे उसके परिवार के खिलाफ एनसीआर दर्ज कर दी। पीड़िता और उसके परिवार को लगातार जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं।

# मिशन शक्ति का पंचम चरण, बेटियों में जगा आत्मविश्वास, आत्मरक्षा से नेतृत्व तक बढ़ा कदम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार के मिशन शक्ति अभियान का पंचम चरण बेटियों के सशक्तिकरण की दिशा में एक प्रभावशाली पहल बनकर सामने आया है। वर्ष 2024-25 में संचालित इस चरण के अंतर्गत राज्य के 1.34 लाख विद्यालयों में बालिकाओं को शिक्षा, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता से जोड़ा गया। योगी सरकार की इस पहल ने बेटियों में आत्मविश्वास का नया संचार किया और उन्हें नेतृत्व की ओर प्रेरित किया।

इस चरण के दौरान बालिकाओं को श्सेफ टच-अनसेफ टचश, घरेलू हिंसा, यौन उत्पीड़न और हेल्पलाइन नंबरों के प्रति जागरूक करने के लिए रैलियों, पोस्टरों, संवादों और नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से व्यापक गति. विधियां कराई गईं। अभियान की खास बात यह रही कि यह केवल भाषणों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि बेटियों को आत्मरक्षा के व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिए गए। प्रोजेक्ट वीरांगना के तहत 10 लाख बालिक. ाओं को आत्मरक्षा की तकनीकें सिखाई गईं और स्काउट-गाइड प्रशिक्षण से नेतृत्व कौशल को भी निखारा गया। सरकार ने इस अभियान को डिजिटल और वित्तीय जागरूकता से भी जोड़ा। मोबाइल, बैंकिंग और इंटरनेट सुरक्षा जैसे विषयों पर बालि. काओं को प्रशिक्षण दिया गया, जिससे वे तकनीकी रूप से सशक्त बन सकें। इस उद्देश्य से हजारों शिक्षिकाओं और सुगमकर्ताओं को प्रशिक्षित कर 10 लाख से अधिक बालिकाओं को डिजिटल दुनिया की समझ दी गई। बैंकों के भ्रमण के माध्यम से बालिकाओं को वित्तीय प्रणाली का प्रत्यक्ष अनुभव भी कराया गया। श्मीना मंचश और श्सेल्फ एस्टीमश कार्यक्रम के माध्यम से 6 लाख से अधिक बालिकाओं को 'पावर एंजल' की भूमिका दी गई, जिनसे वे विद्यालय और अपने समुदाय में नेतृत्व करने लगीं। आत्मसम्मान और निर्णय लेने की क्षमता को बढ़ावा देने वाली इन पहलों से बेटियों में सार्वजनिक मंचों पर बोलने का आत्मविश्वास भी विक. सित हुआ। महिला स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय कार्य हुआ। 'पहली की सहेली' फिल्म के माध्यम से माहवारी स्वच्छता पर व्यापक जागरूकता फैलाई गई और हजारों बालिकाओं को निरूशुल्क सैनिटरी पैड वितरित किए गए। इसके अतिरिक्त, राज्यभर में कैरियर गाइडेंस मेले और मां-बेटी संवाद जैसे कार्यक्रमों ने परिवारों को भी इस अभियान से जोड़ा। अभियान की एक और अनूठी पहल श्एक दिन की अधिकारीश कार्यक्रम रही, जिसके तहत 7,500 बालिकाओं ने जिला. धिकारी, पुलिस अधीक्षक और शिक्षा विभाग के अधिकारियों की भूमिका निभाई।

# आईआईटी कानपुर के इनक्यूबेटेड स्टार्टअप ने रक्षा निर्माण के लिए की साझेदारी

**कानपुर।** आईआईटी कानपुर के स्टार्टअप इनक्यूबेशन एंड इनोवेशन सेंटर (एसआईआईसी) के अत्याधुनिक एयरोस्पेस स्टार्टअप वीयू डायनामिक्स ने इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी प्रकाश ऐस्फॉल्ट्ग्स एंड टोल हाईवेघ (इंडिया) लिमिटेड (पाथ ग्रुप) के साथ एक रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की है।

यह साझेदारी रक्षा निर्माण में भारत की स्वदेशी क्षमताओं को आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी, जिसके तहत अत्याधुनिक हवाई प्लेटफॉर्म का विकास किया जाएगा। इस साझेदारी से वीयू डायनामिक्स की एयरोस्पेस इंजीनियलरग और पाथ ग्रुप को पैमाने पर इंफ्रास्टक्चर के विकास में मदद मिलेगी। तकनीकी उत्पाद विकास और मजबूत निष्पादन क्षमताओं जैसी विशेषताओं के साथ ए दोनों संगठन रणनीतिक अनुप्रयोगों के लिए शानदार स्वदेशी हवाई प्रणालियों को विकसित करेंगी- इससे आत्मनिर्भर भारत के राष्ट्रीय विजन में योगदान मिलेगा। वीयू डायनामिक्स की स्थापना आईआईटी कानपुर के एयरोस्पेस इंजीनियलरग विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर सुब्रह्मण्यम सडरेला और डॉ- श्रावंती सडेरला ने की है। यह कंपनी सिविल और डिफेंस में इस्तेमाल के लिए अगली पीढ़ी की हवाई प्रणालियों का डिज़ाइन और निर्माण करती है। यह तकनीक पूरी तरह से स्वदेशी है, जिसका संचालन लंबे समय तक और आसानी से किया जा सकता है। आईआईटी कानपुर के डायरेक्टर प्रो- मणीन्द्र अग्रवाल ने कहा, ह्यह हमारे लिए बेहद गर्व की बात है कि हमारे कैंपस के एक युवा फैकल्टी डॉ- सडेरला द्वारा इनक्यूबेट किया गया स्टार्टअप यूएवी क्षेत्र में अपने इनोवेशन सॉल्यूशन के चलते इनवेस्टमेंट हासिल करने में सफल रहा है- मुझे पूरा भरोसा है कि साझेदारी सफल होने के साथ-साथ प्रभावशाली तकनीकी समाधान विक. सित करने के हमारे लक्ष्य में महत्वपूर्ण योगदान देगी।

वीयू डायनामिक्स के सह-संस्थापक प्रोफेसर सुब्रह्मण्यम सडेरला ने कहा कि पाथ के साथ साझेदारी हमारी हवाई तकनीकों के विस्तार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है- क्योंकि हम भारत की स्वदेशी एयरोस्पेस क्षमताओं को सशक्त बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं, इसलिए राष्ट्र-निर्माण के प्रति पाथ की प्रतिबद्धता उन्हें एक आदर्श साझेदार बनाती है। आईआईटी कानपुर के एसआईआईसी के सीईओ अनुराग सिंह ने कहा कि यह सहयोग स्टार्टअप्स और उद्योग जगत के अग्रणी संस्थानों के बीच साझेदारी की परिवर्तनकारी क्षमता का शानदार उदाहरण है।

# हर घर जल योजना की समयावधि चार साल और बढ़ाई गई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश में हमीरपुर जिले के गांवों में पूरी तरह पेयजल मुहैया न कराने के कारण शासन ने हर घर जल योजना की समयावधि चार वर्ष और बढ़ा दिया है,ताकि जो भी गांवो में काम पूरा होने को रह गया है वह पूरा किया जा सके। सबसे ज्यादा खराब हालत पत्योराडाडा ग्राम समूह पेयजल योजना की बताई जाती है।

वही शासन से नियुक्त नई कार्यदाई संस्था आईटी वर्ल्ड जल संस्थान द्वारा संचालित सभी गावों को कब्जे में कर कार्य की शुरुआत करेगी। अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे सुरेश कुमार वर्मा ने बुधवार को बताया कि जिले में करोडो रुपए की लागत से चार साल पहले से निर्माणाधीन हरौलीपुर योजना व पत्योरा डाडा योजना दोनो से 257 ग्राम सभाओं में पेयजल मुहैया कराने का लक्ष्य रखा गया था,जिसमे लजदल व पीएनसी कंपनी को जिम्मेदारी दी गई थी मगर जिले में योजना तो पूरी तरह पहुच गई है मगर पानी कई स्थानों में नही पहुच पा रहा है इसलिए शासन ने जलजीवन मिशन का कार्यकाल चार वर्ष तक के लिए बढ़ा दिया गया है। हालांकि जल निगम ग्रामीण ने शासन में रिपोर्ट भेजकर कहाहै कि जिले में 95 फीसदी घरो में पेयजल मुहैया कराया जा रहा है जबकि हकीकत यह है कि ज्यादाातर गांवों के लोग होठ चाटकर प्यास बुझाते है। कहीं एक बूंद पानी तो कहीं पानी का पता नही है कहीं दिन भर लीकेज से पानी बहता रहता है। योजना के तहत इंटेकवेल,अवर जलाशय,डब्ल्यूटीपी आदि कार्य तो हुए है मगर उसमे पानी न पहुच पा रहा है। लजदल कंपनी व पीएनसी दोनो कार्यदाई संस्थाओ को कई मर्तवा जबाव तलब किया गया है।

# चोरी के माल के साथ तीन गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सीतापुर।** सिधौली कोतवाली पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर कोतवाली क्षेत्र के बाड़ी चौकी के करीब पेट्रोल पंप के निकट छापेमारी की।

यहां पर पुलिस ने एक ऑटो में मौजूद लखनऊ जिले के मदेयगंज थाना क्षेत्र के मोहल्ला तुलसीपुरम निवासी शुभम पुत्र विजय अटरिया थाना क्षेत्र के कस्बा अटरिया निवासी विशाल कनौजिया पुत्र छोटकन्न कनौजिया तथा लखनऊ जिले के बक्शी का तलब थाना क्षेत्र के भवानीपुर निवासी ख्रष्णा पुत्र अजय को गिरफ्तार किया।

पुलिस का कहना है कि ख्रष्णा का हाल पता सिया पीजी कॉलेज है। जबकि शुभम का मूल पता अटरिया थाना क्षेत्र के ग्राम खेमपुर अंबरपुर है। पुलिस का कहना है कि तीनों शातिर अपराधी है। तीनों ऑटो में बैठकर चोरी की योजना बना रहे थे। पुलिस ने उनके पास से 5,500 रुपए नकदी,




30 मोबाइल फोन (जिनमें 25 कीपैड वाले मोबाइल फोन, 5 एण्ड्राइड फोन टच स्क्रीन मोबाइल सेट), 6 पावर बैंक, 29 चार्जर, 21 मोबाइल बैट्री, 1 इयर फोन, 2 लोहे के बेलचा, एक सफेद नीला आटो रिक्शा, एक अवैध तमंचा मय कारतूस के बरामद किया है। पुलिस का कहना है कि यह लोग एक साथ मिलकर रात्रि मे शटर आदि काट/तोड़ कर दुकानों मे घुसकर चोरी करते है। बरामद मोबाइल / चार्जर बैट्री / पावर बैंक आदि इन लोगो ने कल रात मे कस्बा सिधौली मे रेलवे स्टेशन के पास एक मोबाइल की दुकान का शटर बेलचा/सब्बल से तोड़कर चुराए थे। जिसे बेचने के लिए लखनऊ ले जाने की फिराक में थे।

# रिश्वत लेते राजस्व निरीक्षक को रंगे हाथ पकड़ा

- दस हजार रुपये देने गया था किसान
- जमीन पैमाइश के नाम पर मांगी रिश्वत
- किसान से मांगे थे पचास हजार, पच्चीस हजार में तय हुआ सौदा
- इज्जत नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** जमीन की पैमाइश कराने के नाम पर दस हजार रुपये की रिश्वत लेते नवाबगंज के ग्राम मुड़िया तेली निवासी राजस्व निरीक्षक रिठौरा सदर तहसील नरेन्द्र पाल गंगवार को भ्रष्टाचार निवारण संगठन (एंटी करप्शन) की टीम ने रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ एंटी करप्शन इंस्पेक्टर इश्तियाक वारसी ने इज्जत नगर थाने में भ्रष्टाचार अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई है।

एंटी करप्शन सीओ यशपाल सिंह ने बताया कि रिठौरा निवासी पूरनलाल शर्मा ने विभाग में लिखित शिकायत करते हुए आरोप लगाया था कि कस्बा रिठौरा में उनकी अलग-अलग गाटा संख्या के चार रकबे में कृषि भूमि है। इसकी उन्हें पैमाइश करानी थी।

आरोप है कि सदर तहसील के रिठौरा के राजस्व निरीक्षक नरेन्द्र पाल गंगवार ने इस काम के लिए उनसे 50 हजार रुपये की रिश्वत की मांग की। दोनों के बीच 25 हजार रुपये में तय हो गया, लेकिन पूरनलाल आरोपी को रुपये नहीं देना चाहता था।

इसके चलते एंटी करप्शन सीओ से मामले की शिकायत कर दी। इसके बाद इंस्पेक्टर इश्तियाक वारसी के नेतृत्व में ट्रैप टीम गठित की गई। पीड़ित के साथ टीम मंगलवार शाम को आरोपी के बताए स्थान रिठौरा स्थित ईदगाह के निकट तिराहे पर पहुंची।

पीड़ित ने जैसे ही आरोपी राजस्व निरीक्षक नरेन्द्र पाल गंगवार के हाथों में रुपये दिए, पहले से घेराबंदी किए हुए एंटी करप्शन की टीम ने मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि किसान पूरन लाल से 25 हजार रुपये में मामला तय हुआ था।

रिश्वत की पहली किस्त के रूप में दस हजार रुपये ले रहा था। राजस्व निरीक्षक नरेन्द्र पाल गंगवार के खिलाफ इज्जत नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। साथ ही आरोपी से टीम लगातार पूछताछ कर रही है। सीओ ने साफ किया है कि बरेली मंडल का कोई भी पीड़ित व्यक्ति पुलिस उपाधीक्षक भ्रष्टाचार निवारण संगठन के मोबाइल नंबर पर 9454405475 संपर्क करके अथवा कार्यालय आकर रिश्वत मांगे जाने के मामले में शिकायत कर सकता है।

# सिरफिरे की शर्मनाक हरकत

## दूसरी जगह शादी की तो भाई को जान से मार दूंगा

- घर में घुसकर युवती को बुरी नियत से दबोचा
- पुलिस ने युवक पर दर्ज किया मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** एक लड़की ने पड़ोस के ही एक युवक पर घर में घुसकर अश्लील हरकतें करने का आरोप लगाया है। आरोप है कि युवक ने उसको बचाने आई उसकी मां बहन को बुरी तरह मारा पीटा, और धमकी दी कि अगर उसकी शादी कहीं और की तो वह उसे उठाकर ले जायेगा। इस मामले में शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

ग्राम जाम सावंत जनूबी निवासी एक युवती का कहना है कि बीती 13 मई को जब वह घर पर अकेली थी, तब सुबह करीब 11:00 बजे पड़ोस का नाजिम पुत्र अब्दुल कलाम मौका पाकर उसके घर में घुस आया, और उसको बुरी नियत से दबोच कर जमीन पर लिटा लिया।



इसके बाद युवक उसके साथ गन्दी गन्दी हरकतें करने लगा, और विरोध करने पर उसका मुंह दवाकर उसके गुप्तांगों को दाबने लगा। चीखने चिल्लाने पर उसकी मां व बहन मौके पर आ गयी, और उसको छुड़ाने की कोशिश की तो उक्त नाजिम ने उसकी मां व बहन को लात-घूंसों व सरिया से मारा पीटा।

शोर शराबा होने पर उक्त युवक धमकी देते हुये बोला कि अगर उसने दूसरी जगह शादी कर ली तो तेरे भाई को जान से मार दूंगा। युवक ने यह भी धमकी दी कि अगर घटना के सम्बन्ध में पुलिस में शिकायत की तो तुझे जबरन उठाकर ले जाऊंगा।

घटना के बाद युवती ने मामले की तहरीर पुलिस को दी, जिसपर पुलिस ने आरोपी युवक नाजिम पुत्र अब्दुल कलाम निवासी जाम सावंत जनूबी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# इनवर्टर में करंट लगने से युवक की मौत


**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** थाना सुभाष नगर क्षेत्र के मणिनाथ इलाके में एक 24 वर्षीय युवक प्रवीण की करंट लगने से मौत हो गई। मृतक के मामा प्रमोद के अनुसार, बुधवार देर शाम पड़ोस में रहने वाला इलेक्ट्रीशियन सुबोध इनवर्टर बदलने के लिए प्रवीण के घर आया था। इसी दौरान उसने प्रवीण को एक तार पकड़ने को कहा जिसमें करंट था। करंट लगते ही प्रवीण बेहोश होकर गिर गया। परिजन उसे तत्काल अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। प्रवीण की मां संतोष देवी ने मैकेनिक सुबोध पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

# पत्रकार को पितृ शोक, किया गया सुपर्द ए खाक

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नवाबगंज।** क्षेत्र के वरिष्ठ पत्रकार मो० तैय्यब खां के पिता व सुन्नी विद्वान हाजी हाफिज मोहम्मद यूनुस खान का मंगलवार को निधन हो गया, उन्हें वुधवार को कस्बा रिठौरा के कब्रिस्तान में सुपर्द ए खाक कर दिया गया।

पिछले कई दिनों से अस्वस्थ चल रहे दैनिक जागरण के पत्रकार मोहम्मद तैयब खान के पिता हाजी हाफिज मोहम्मद यूनुस खान का मंगलवार की रात निधन हो गया, वे 80 वर्ष के थे। बुधवार को कस्बे में ही उन्हें सुपुर्द ए खघक कर दिया गया।

हाजी हाफिज मोहम्मद यूनुस खान अपने मिलनसार स्वभाव व सामाजिक सहभागिता के लिए जाने जाते थे। क्षेत्र में उनकी एक अलग ही पहचान थी। वह एक विख्यात सुन्नी विद्वान भी थे, इसके साथ ही सामाजिक कार्यों में भी वे सक्रिय भूमिका निभाते रहे। उनके निधन से परिवार में शोक की लहर तो दौड़ गई। कस्बा के आसपास के गांव के लोग भी अंतिम बार उन्हें देखने के लिए उनके घर की ओर दौड़ पड़े। बुधवार की सुबह नम आंखों के साथ पत्रकार के पिता को कस्बा रिठौरा के ही कब्रिस्तान में सुपुर्द ए खघक कर दिया गया। उनके इंतकाल पर पत्रकार दिनेश गंगवार, किशोर गंगवार, रमेश चंद्र शर्मा, अमित मिश्रा, जफरुद्दीन मंसूरी, जमील अंसारी, रंजन जैदी, फिजा अब्बास जैदी, सचिन मिश्रा के साथ ही सपा नेता नजाकत खां, मंसूर खां, पूर्व प्रधान हामिद अली सहित विभिन्न राजनीतिक, सामाजिक व पत्रकार संगठनों के प्रतिनिधियों आदि ने शोक जताया है और शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना प्रकट की है।

# 16 मई को कस्बे में निकाली जाएगी तिरंगा यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** ऑपरेशन सिन्दूर के समर्थन में भाजपा 16 मई को कस्बे में एक विशाल तिरंगा यात्रा निकालेगी।

भाजपा विधायक डॉक्टर एमपी आर्य द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक नगर के श्री कृष्ण इण्टर कॉलेज से सुबह साढ़े आठ बजे निकलने वाली तिरंगा यात्रा नगर के मुख्य मार्गों से निकलेगी। विधायक ने नगर के साथ ही क्षेत्र के लोगों से इस तिरंगा यात्रा में शामिल होने की अपील की है।

# जीआरएम स्कूल के रुद्राक्ष सिंह ने 96.66 अंक हासिल कर बढ़ाया जिले का मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बरेली।** सीबीएसई बोर्ड की 10वीं कक्षा के नतीजे मंगलवार को घोषित होते ही छात्रों में खुशी की लहर दौड़ गई। जीआरएम स्कूल, डोहरा रोड ब्रांच के छात्र रुद्राक्ष सिंह ने 96.66 फीसदी अंक हासिल कर विद्यालय और परिजनों का नाम रोशन किया है।

**विज्ञान में 99 और आईटी में परफेक्ट 100 अंक**

रुद्राक्ष ने विज्ञान में 99, गणित में 94 और सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) में 100 में से 100 अंक प्राप्त किए हैं। रुद्राक्ष के पिता रणजीत सिंह महात्मा ज्योतिबा फुले रोहिलखंड विश्वविद्यालय, बरेली में कार्यरत हैं। परिवार सुपर सिटी, बरेली में रहता है। रुद्राक्ष की सफलता पर स्कूल प्रबंधन, शिक्षकों और परिजनों ने उसे बधाई दी। रुद्राक्ष ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया है। वहीं, 12वीं के परिणाम में दिल्ली पब्लिक स्कूल की स्तुति वर्मा और यशस्वी कुमार ने 99.6 प्रतिशत अंक हासिल कर बरेली मंडल में टॉप किया है। सिटी कोऑर्डिनेटर वी.के. मिश्रा ने जानकारी दी कि जीआरएम डोहरा रोड ब्रांच के केशव भाटिया ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए 99.4 फीसदी अंक प्राप्त किए हैं। माधवराव सिंधिया स्कूल की पावनी ने 97.6 प्रतिशत अंक हासिल किए।

# बरेली पुलिस ने उतारा फखरूद्दीन पाकिस्तानी बुखार

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बरेली।** फरीदपुर थाना क्षेत्र में पाकिस्तान के एक समर्थक को गिरफ्तार किया गया है। दरअसल युवक ने पाकिस्तान के लिए प्रेम दर्शाते हुए पाकिस्तान जिंदाबाद लिखकर फेसबुक पर वीडियो शेयर कर दिया। जब मामले की शिकायत हिंदू संगठन के कार्यकर्ता हिमांशु पटेल ने बरेली पुलिस से लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से की तो पुलिस ने एक्शन लेते हुए युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

**अब लंगड़ाते हुए बोला पाकिस्तान मुर्दाबाद**

पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार करके जेल भेज रही है। यह मामला थाना फरीदपुर क्षेत्र के एक गांव का है, जहां फखरुद्दीन नाम के युवक ने फेसबुक पर देश विरोधी वीडियो बनाकर के शेयर कर दिया है, और कैप्शन में पाकिस्तान जिंदाबाद लिखा है।

कुछ दिन पहले देवरनियां थाना क्षेत्र में भी एक युवक ने पाकिस्तान जिंदाबाद लिखा था, जिसके बाद आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार करके जेल भेज दिया था। बरेली में इस तरह की घटना लगातार बढ़ती जा रही हैं, जिसमें युवक लगातार पाकिस्तान के लिए प्रेम दिखा रहे हैं। वहीं एसपी ग्रामीण अंशिका वर्मा ने बताया कि फरीदपुर थाना क्षेत्र में देश विरोधी वीडियो वायरल हुआ। जिसके बाद सोशल मीडिया साइबर सेल ने संज्ञान लेते हुए कार्रवाई की। आज आरोपी को धारा 351 (2) के तहत आरोपी को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया है।

समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।
मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी (बरेली)
मो0- 9456212547 8077380691
Email: irfanggnewslive@gmail.com

# आंगनबाड़ी कार्यकत्री और साहिकाओं के सेवानिवृत्ति होने पर दी विदाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** बाल विकास परियोजना की आंगनबाड़ी कार्यकत्री और सहायिकाओं को सेवानिवृत्ति पर विदाई दी गई। विकाश खण्ड कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में उन्हें फूल माला पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया।

सीडीपीओ भानू प्रताप सिंह ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां और सहायिकाएं हमारे समाज की नींव का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। वे बचपन के विकास और मातृ स्वास्थ्य की दिशा में अथक प्रयास करती हैं अक्सर सीमित संसाधनों और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भी यह कर्मचारी समर्पित भाव से कार्य करते हैं। जब ये समर्पित कर्मी सेवानिवृत्त होते हैं तो यह उनके दशकों के निस्वार्थ सेवा और समर्पण का सम्मान करने का क्षण होता है। उनके वर्षों के अटूट समर्पण, उनके धैर्य, उनकी करुणा और हमारे समाज के सबसे कमजोर सदस्यों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को सलाम करते हैं। उनकी विरासत अनगिनत बच्चों के उज्जवल भविष्य में जीवित रहेगी, जिनकी उन्होंने देखभाल की और जिनके जीवन को उन्होंने समृद्ध किया।

# राजस्थान में खोया मोबाइल लौटाकर पेश की इंसानियत की मिसाल

**फतेहगंज पश्चिमी।** आज के समय में जहां मोबाइल फोन की चोरी आम बात हो गई है, वहीं एक ईमानदार शख्स ने इंसानियत की मिसाल पेश कर सबका दिल जीत लिया। फतेहगंज पश्चिमी निवासी अदीब अंसारी जोकि ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन अध्यक्ष इमरान अंसारी के भांजे हैं, इनका कीमती आईफोन 15 राजस्थान के अजमेर में घूमने के दौरान भीड़भाड़ में गिर गया था, लेकिन किस्मत ने उसका साथ दिया और उसका मोबाइल एक सज्जन व्यक्ति के परिवार को मिला, जिसने न केवल फोन की डिटेल निकालकर संपर्क साधा, बल्कि उसे कोरियर के माध्यम से फतेहगंज पश्चिमी भिजवाकर ईमानदारी का परिचय दिया।अदीब अंसारी अजमेर टूर पर सातअप्रैल को गए।

इनका मोबाइल नौ अप्रैल को कहीं गिर गया था। राजस्थान चित्तौड़गढ़ जिले के कस्बा नीमच निवासी मोहम्मद हुसैन के परिवार को पड़ा मिला। इन्होंने ईमानदारी का परिचय देते हुए कीमती आईफोन कोरियर से भिजवाया। पिछले महीने अदीब अंसारी, जो फतेहगंज पश्चिमी कस्बे के रहने वाले हैं, राजस्थान के अजमेर शरीफ दरगाह की जियारत पर गए थे। वहां के भीड़भाड़ वाले इलाके में उनका कीमती आईफोन जेब से गिर गया।

# ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियाँ–2025

रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा निम्नलिखित ग्रीष्मकालीन स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ियों का संचालन किया जायेगा, जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:–

| गाड़ी संख्या | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | आवृति | चलने के दिन | चलने के तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 04088 | नई दिल्ली | 15:50 | पटना जंक्शन | 08:40 | प्रतिदिन | | 10.07.2025 तक |
| 04087 | पटना जंक्शन | 12:00 | नई दिल्ली | 04:40 | | | 11.07.2025 तक |
| 04064 | नई दिल्ली | 09:30 | शेखपुरा | 05:00 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04063 | शेखपुरा | 07:00 | नई दिल्ली | 23:35 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04066 | नई दिल्ली | 21:35 | सहरसा जंक्शन | 22:00 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04065 | सहरसा जंक्शन | 23:55 | नई दिल्ली | 23:30 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04022 | नई दिल्ली | 14:00 | गोरखपुर | 05:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04021 | गोरखपुर | 07:00 | नई दिल्ली | 23:10 | | शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04081 | नई दिल्ली | 23:45 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 11:40 | त्रि–साप्ताहिक | सोमवार, बुध, शनि | 12.07.2026 तक |
| 04082 | श्री माता वैष्णों देवी कटरा | 21:20 | नई दिल्ली | 09:30 | | मंगल, गुरु, रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04012 | दिल्ली जंक्शन | 19:30 | दरभंगा जंक्शन | 20:30 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04011 | दरभंगा जंक्शन | 22:00 | दिल्ली जंक्शन | 22:40 | | बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04024 | दिल्ली जंक्शन | 19:30 | वाराणसी जंक्शन | 09:45 | त्रि–साप्ताहिक | सोम,गुरु,शनि | 10.07.2025 तक |
| 04023 | वाराणसी जंक्शन | 18:35 | दिल्ली जंक्शन | 08:50 | | मंगल,शुक्र,रवि | 11.07.2025 तक |
| 04026 | दिल्ली जंक्शन | 23:05 | रक्सौल जंक्शन | 19:00 | साप्ताहिक | गुरुवार | 10.07.2025 तक |
| 04025 | रक्सौल जंक्शन | 22:00 | दिल्ली जंक्शन | 17:45 | | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04018 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 06:00 | साप्ताहिक | गुरुवार | 29.05.2025 तक |
| 04017 | मुजफ्फरपुर जं | 07:30 | आनंद विहार (ट) | 06:00 | | शुक्रवार | 30.05.2025 तक |
| 04020 | आनंद विहार (ट) | 19:30 | बरौनी जंक्शन | 18:00 | साप्ताहिक | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04019 | बरौनी जंक्शन | 20:00 | आनंद विहार (ट) | 19:00 | | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04070 | आनंद विहार (ट) | 00:20 | राजगीर | 19:50 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04069 | राजगीर | 23:30 | नई दिल्ली | 19:00 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04096 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | जयनगर | 12:00 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04095 | जयनगर | 17:00 | आनंद विहार (ट) | 19:55 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04098 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | सीतामढी | 02:30 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04097 | सीतामढी | 03:45 | आनंद विहार (ट) | 01:30 | | बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04030 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 04:30 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शनि | 17.05.2025 तक |
| 04029 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 06:15 | आनंद विहार (ट) | 03:10 | | बुध, रवि | 18.05.2025 तक |
| 04094 | आनंद विहार (ट) | 23:55 | जोगबनी | 07:30 | साप्ताहिक | गुरुवार | 10.07.2025 तक |
| 04093 | जोगबनी | 09:30 | आनंद विहार (ट) | 16:00 | | शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04207 | लखनऊ जंक्शन | 08:05 | नई दिल्ली | 17:50 | साप्ताहिक | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04208 | नई दिल्ली | 20:20 | लखनऊ जंक्शन | 06:00 | | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04213 | अयोध्या कैंट | 18:20 | आनंद विहार (ट) | 06:00 | त्रि–साप्ताहिक | रवि,मगल,गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04214 | आनद विहार (ट) | 09:00 | अयोध्या कैंट | 22:00 | | सोम,बुध,शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04687 | बनिहाल | 18:40 | बडगाम | 20:20 | सप्ताह मे 06 दिन | शुक्रवार को छोड़कर | 03.06.2025 तक |
| 04688 | बडगाम | 08:35 | बनिहाल | 10:40 | | | 03.06.2025 तक |
| 04217 | वाराणसी जंक्शन | 06:25 | लखनऊ जंक्शन | 11:45 | प्रतिदिन | | 30.06.2025 तक |
| 04218 | लखनऊ जंक्शन | 16:30 | वाराणसी जंक्शन | 21:50 | | | 30.06.2025 तक |
| 04219 | शाहगंज जंक्शन | 22:35 | अयोध्या धाम जंक्शन | 01:40 | प्रतिदिन | | 10.07.2025 तक |
| 04220 | अयोध्या धाम जंक्शन | 02:10 | शाहगंज जंक्शन | 04:40 | | | 10.07.2025 तक |
| 02270 | लखनऊ जंक्शन (वंदे भारत स्पेशल) | 14:15 | छपरा | 21:30 | सप्ताह में 06 दिन | मंगलवार को छोड़कर | 11.07.2025 तक |
| 02269 | छपरा (वंदे भारत स्पेशल) | 23:00 | लखनऊ जंक्शन | 06:30 | | | 11.07.2025 तक |
| 04604 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 18:15 | वाराणसी जंक्शन | 19:00 | साप्ताहिक | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04603 | वाराणसी जंक्शन | 05:30 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 11:25 | | मंगलवार | 08.07.2025 तक |
| 04206 | बाराणसी जंक्शन | 14:50 | चंडीगढ़ | 07:45 | साप्ताहिक | शनिवार | 05.07.2025 तक |
| 04205 | चंडीगढ़ | 09:30 | बाराणसी जंक्शन | 01:20 | | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04518 | भटिंडा जंक्शन | 20:50 | बाराणसी जंक्शन | 17:30 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04517 | बाराणसी जंक्शन | 20:40 | भटिंडा जंक्शन | 17:00 | | मंगल, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04209 | लखनऊ जंक्शन | 20:45 | चंडीगढ़ | 07:55 | त्रि–साप्ताहिक | सोम,बुध,शुक्र | 09.07.2025 तक |
| 04210 | चंडीगढ़ | 10:20 | लखनऊ जंक्शन | 21:30 | | मंगल,गुरु,शनि | 10.07.2025 तक |
| 04504 | चंडीगढ़ | 23:35 | पटना जंक्शन | 22:10 | साप्ताहिक | गुरुवार | 29.05.2025 तक |
| 04503 | पटना जंक्शन | 22:45 | चंडीगढ़ | 23:10 | | शुक्रवार | 30.05.2025 तक |
| 04302 | योग नगरी ऋषिकेश | 15:20 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 13:00 | साप्ताहिक | मंगलवार | 15.07.2025 तक |
| 04301 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 15:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 14:20 | | बुधवार | 16.07.2025 तक |
| 04606 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 21:30 | गुवाहाटी | 19:10 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 30.05.2025 तक |
| 04605 | गुवाहाटी | 23:20 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 20:45 | | सोमवार | 02.06.2025 तक |
| 04610 | जम्मू तवी | 06:20 | बाराणसी जंक्शन | 05:10 | साप्ताहिक | गुरुवार | 09.07.2025 तक |
| 04609 | वाराणसी जंक्शन | 09:00 | जम्मू तवी | 07:45 | | शुक्रवार | 10.07.2025 तक |
| 04304 | योग नगरी ऋषिकेश | 15:20 | गोरखपुर | 06:20 | साप्ताहिक | शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04303 | गोरखपुर | 09:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 00:55 | | रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04602 | फिरोजपुर कैंट जंक्शन | 15:10 | पटना जंक्शन | 18:00 | द्वि–साप्ताहिक | बुध, शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04601 | पटना जंक्शन | 20:50 | फिरोजपुर कैंट जंक्शन | 23:55 | | गुरु, रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04608 | अमृतसर जंक्शन | 20:10 | दरभंगा जंक्शन | 02:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04607 | दरभंगा जंक्शन | 04:00 | अमृतसर जंक्शन | 10:30 | | रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04212 | सुल्तानपुर जंक्शन | 04:00 | लोकमान्य तिलक | 14:00 | साप्ताहिक | सोमवार | 23.06.2025 तक |
| 04211 | लोकमान्य तिलक | 16:35 | सुल्तानपुर जंक्शन | 23:00 | | मंगलवार | 24.06.2025 तक |
| 05559 | रक्सौल जंक्शन | 05:30 | उधना जंक्शन | 12:35 | साप्ताहिक | शनिवार | 17.05.25 से 26.07.25 तक |
| 05560 | उधना जंक्शन | 15:35 | रक्सौल जंक्शन | 00:15 | | रविवार | 18.05.25 से 27.07.25 तक |
| 03255 | पटना जंक्शन | 22:20 | आनंद विहार (ट) | 18:35 | द्वि–साप्ताहिक | रवि, गुरु | 02.01.2025 से अगले आदेश तक |
| 03256 | आनंद विहार (ट) | 23:30 | पटना जंक्शन | 18:35 | | सोम, शुक्र | 03.01.2025 से अगले आदेश तक |
| 05049 | छपरा | 10:15 | अमृतसर जंक्शन | 13:50 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 07.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05050 | अमृतसर जंक्शन | 17:45 | छपरा | 23:55 | | शनिवार | 08.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05305 | छपरा | 22:00 | आनद विहार (ट) | 00:20 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 17.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05306 | आनद विहार (ट) | 22:10 | छपरा | 22:50 | | बुध, शनि | 19.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05057 | गोरखपुर जंक्शन | 22:45 | दिल्ली जंक्शन | 12:50 | साप्ताहिक | गुरुवार | 06.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05058 | दिल्ली जंक्शन | 14:00 | गोरखपुर जंक्शन | 06:25 | | शुक्रवार | 07.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 01701 | जबलपुर | 19:40 | अयोध्या कैंट | 11:00 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 01702 | अयोध्या कैंट | 13:30 | जबलपुर | 04:15 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 03309 | धनबाद जंक्शन | 10:10 | जम्मू तवी | 22:40 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शनि | 28.06.2025 तक |
| 03310 | जम्मू तवी | 23:30 | धनबाद जंक्शन | 14:00 | | बुध, रवि | 29.06.2025 तक |
| 02397 | गया | 14:15 | आनंद विहार (ट) | 07:10 | साप्ताहिक | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 02398 | आनंद विहार (ट) | 08:20 | गया | 00:30 | | सोमवार | 30.06.2025 तक |
| 03257 | दानापुर | 07:30 | आनंद विहार | 00:30 | साप्ताहिक | रविवार | 27.07.2025 तक |
| 03258 | आनद विहार (ट) | 05:00 | दानापुर | 20:45 | | सोमवार | 28.07.2025 तक |
| 03697 | गया | 14:15 | दिल्ली जंक्शन | 07:45 | सप्ताह में 6 दिन | रवि को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 03698 | दिल्ली जंक्शन | 08:55 | गया | 00:30 | | सोम को छोड़कर | 01.07.2025 तक |
| 05577 | सहरसा जंक्शन | 20:00 | आनंद विहार (ट) | 00:30 | सप्ताह में 5 दिन | गुरु, शनि को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 05578 | आनंद विहार (ट) | 05:15 | सहरसा जंक्शन | 10:30 | | शनि, सोम को छोड़कर | 02.07.2025 तक |
| 02393 | राजेंद्र नगर | 20:10 | नई दिल्ली | 12:10 | सप्ताह मे 6 दिन | गुरुवार को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | राजेंद्र नगर | 07:00 | | शुक्र को छोड़कर | 01.07.2025 तक |
| 02877 | रांची | 23:55 | नई दिल्ली | 03:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 02878 | नई दिल्ली | 04:00 | रांची | 05:00 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 05736 | कटिहार जंक्शन | 21:00 | अमृतसर जंक्शन | 09:45 | साप्ताहिक | बुधवार | 21.05.25 से 25.06.25 तक |
| 05735 | अमृतसर जंक्शन | 13:25 | कटिहार जंक्शन | 23:45 | | शुक्रवार | 23.05.25 से 27.06.25 तक |
| 09183 | मुंबई सेंट्रल | 22:50 | वाराणसी जंक्शन | 10:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 09184 | वाराणसी जंक्शन | 14:30 | मुंबई सेंट्रल | 04:20 | | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 03223 | राजगीर | 06:05 | हरिद्वार जंक्शन | 06:05 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 04324 | हरिद्वार जंक्शन | 07:20 | राजगीर | 07:15 | | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 03221 | राजगीर | 14:00 | शहीद कप्तान तुषार एम | 23:05 | साप्ताहिक | सोमवार | 30.06.2025 तक |
| 03222 | शहीद कप्तान तुषार एम | 03:15 | राजगीर | 15:00 | | बुधवार | 02.07.2025 तक |
| 05742 | न्यू जलपाईगुड़ी | 13:40 | अयोध्या धाम जंक्शन | 09:30 | साप्ताहिक | रविवार | 18.05.25 से 29.06.25 तक |
| 05741 | अयोध्या धाम जंक्शन | 11:40 | न्यू जलपाईगुडी | 09:30 | | सोमवार | 19.05.25 से 30.06.25 तक |
| 03311 | धनबाद जंक्शन | 23:50 | चंडीगढ़ | 04:30 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 27.06.2025 तक |
| 03312 | चंडीगढ़ | 06:00 | धनबाद जंक्शन | 09:00 | | गुरु, रवि | 29.06.2025 तक |
| 05113 | छपरा | 15:45 | आनद विहार (ट) | 14:25 | साप्ताहिक | बुधवार | 16.07.2025 तक |
| 05114 | आनंद विहार (ट) | 16:00 | छपरा | 14:00 | | गुरुवार | 15.05.25 से 17.07.25 तक |
| 05301 | मऊ जंक्शन | 04:00 | अंबाला कैंट | 00:30 | साप्ताहिक | गुरुवार | 15.05.25 से 17.07.25 तक |
| 05302 | अम्बाला कैंट | 01:40 | मऊ जंक्शन | 22:00 | | शुक्रवार | 16.05.25 से 18.07.25 तक |
| 05193 | छपरा | 14:00 | शहीद कप्तान तुषार एम | 23:05 | साप्ताहिक | सोमवार | 19.05.25 से 14.07.25 तक |
| 05194 | शहीद कप्तान तुषार एम | 00:10 | छपरा | 08:00 | | बुधवार | 21.05.25 से 16.07.25 तक |
| 07363 | हुब्बल्ली जंक्शन | 20:30 | योग नगरी ऋषिकेश | 23:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 24.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 07364 | योग नगरी ऋषिकेश | 06:15 | हुब्बल्ली जंक्शन | 06:30 | | गुरुवार | 27.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 01491 | पुणे | 17:30 | हजरत निजामुद्दीन | 18:10 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 01492 | हजरत निजामुद्दीन | 22:10 | पुणे | 23:55 | | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 09101 | वडोदरा जंक्शन | 19:00 | हरिद्वार जंक्शन | 14:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 09102 | हरिद्वार जंक्शन | 17:20 | वडोदरा जंक्शन | 11:25 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 07023 | चर्लपल्ली | 20:45 | हजरत निजामुद्दीन | 02:00 | साप्ताहिक | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 07024 | हजरत निजामुद्दीन | 04:00 | चर्लपल्ली | 06:30 | | मंगलवार | 01.07.2025 तक |
| 07621 | हुजूर साहिब नांदेड़ | 08:45 | हजरत निजामुद्दीन | 14:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 07622 | हजरत निजामुद्दीन | 21:40 | हुजूर साहिब नांदेड़ | 00:35 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 09309 | इंदौर जंक्शन | 17:00 | हजरत निजामुद्दीन | 05:00 | द्वि–साप्ताहिक | शुक्र, रवि | 29.06.2025 तक |
| 09310 | हजरत निजामुद्दीन | 08:20 | इंदौर जंक्शन | 21:00 | | शनि, सोम | 30.06.2025 तक |
| 09003 | मुंबई सेंट्रल | 10:30 | दिल्ली जंक्शन | 10:00 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 27.06.2025 तक |
| 09004 | दिल्ली जंक्शन | 13:05 | मुंबई सेंट्रल | 13:30 | | बुध, शनि | 28.06.2025 तक |
| 09425 | साबरमती | 17:20 | हरिद्वार जंक्शन | 17:00 | द्वि–साप्ताहिक | गुरु, रवि | 29.06.2025 तक |
| 09426 | हरिद्वार जंक्शन | 21:00 | साबरमती | 22:30 | | शुक्र, सोम | 30.06.2025 तक |
| 09603 | उदयपुर सिटी | 01:50 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 06:35 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 09604 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 10:50 | उदयपुर सिटी | 13:55 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 01441 | पुणे | 17:30 | हजरत निजामुद्दीन | 18:10 | साप्ताहिक | मंगलवार | 27.05.2025 तक |
| 01442 | हजरत निजामुद्दीन | 22:20 | पुणे | 02:45 | | बुधवार | 28.05.2025 तक |
| 01705 | जबलपुर | 15:45 | हरिद्वार जंक्शन | 13:50 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 01706 | हरिद्वार जंक्शन | 17:40 | जबलपुर | 17:50 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 07077 | चर्लपल्ली | 05:00 | देहरादून | 19:20 | साप्ताहिक | मंगलवार | 27.05.2025 तक |
| 07078 | देहरादून | 07:00 | चर्लपल्ली | 22:30 | | गुरुवार | 29.05.2025 तक |


रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय-सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हैल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वैबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

उत्तर रेलवे
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# हादसे में बाइक सवार दो मजदूरों की मौत

## मसूरी उत्तराखंड से लौटते समय हुआ हादसा, परिजनों में मचा कोहराम





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** मजदूरी करके घर लौट रहे बाइक सवार युवकों की अज्ञात वाहन की चपेट में आने के कारण मौत होने से परिवारों में कोहराम मच गया। परिजन युवकों के शवों को लेने के लिए रवाना हो गये थे।

कोतवाली क्षेत्र के गांव पीपलोती खुर्द निवासी नमन वाल्मीकि व गांव पतेई खादर निवासी संदीप वाल्मीकि उत्तराखंड के मसूरी में मजदूरी करके बीती रात बाइक से अपने घरों को लौट रहे थे। इस दौरान बाइक सवारी युवक जब जनपद बिजनौर में नहटौर के समीप पहुंचे तो अज्ञात वाहन से उनकी जोरदार भिड़ंत हो गई। भिड़ंत इतनी जोरदार थी कि नमन वाल्मीकि (20) व संदीप वाल्मीकि (28) की घटनास्थल पर दर्दनाक मौत हो गई। सूचना मिलते ही नहटौर पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। दोनों युवको के शवों का पंचनामा भरकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। जैसे ही दोनों युवकों की सड़क दुर्घटना में हुई मौत की खबर उनके घरों पर पहुंची तो वहां कोहराम मच गया। संदीप अपने पीछे पत्नी पूजा और दो मासूम बच्चों को रोता बिलखता छोड़ गया है जबकि नमन की अभी शादी नहीं हुई थी उसके रिश्ते की बात चल रही थी। परिजन मजदूर युवको के शवों को लेने के लिए जनपद बिजनौर मुख्यालय के लिए रवाना हो गये थे।

**नहटौर में अज्ञात वाहन ने बाइक रौंदी**



हसनपुर। हादसे में मजदूरों की मौत पर विलाप करते परिजन।

# ब्रेकर पर उछली बाइक गिरकर युवक की मौत

## छह माह पहले हुई थी शादी, साथी घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** सड़क पर बने ब्रेकर पर बाइक उछलने के बाद नीचे गिरे आदर्श कुमार (24) की मौत हो गई। जबकि, उनका साथी लविश गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया। मृतक की शादी छह महीने पहले ही हुई थी।

मृतक आदर्श कुमार नौगांवा सादात थानाक्षेत्र के नाजरपुर कलां गांव के रहने वाले किसान सुधीर के बेटे थे। दो भाइयों में बड़े आदर्श कुमार की शादी छह महीने पहले हुई थी। परिजनों के मुताबिक आदर्श कुमार डिडौली में हाईवे स्थित एक फैक्टरी में नौकरी करते थे। बुधवार की दोपहर आदर्श कुमार गांव के ही रहने वाले लविश के साथ बाइक पर सवार होकर अमरोहा आ रहे थे। इस दौरान उनकी बाइक अमरोहा नगर कोतवाली क्षेत्र के राज सेलिब्रेशन के सामने पहुंची। तभी सड़क पर बने ब्रेकर पर बाइक उछल गई और आदर्श व लविश जमीन पर गिरकर घायल हो गए। हादसे के बाद लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने एंबुलेंस के जरिए दोनों घायलों को साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने आदर्श कुमार को मृत घोषित कर दिया। जबकि, लविश की टांग फ्रैक्चर हो गई है। डॉक्टर ने उसे भी हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। हादसे की जानकारी मिलते ही परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। मृतक आदर्श कुमार की पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों के मुताबिक आदर्श कुमार की माता शारदा देवी का भी एक साल पहले बीमारी के चलते निधन हो गया था। सीओ सिटी अरुण कुमार ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। परिजनों की तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया। घटना का पता चलने पर परिजन भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। 13 मई की रात को पुलिस को सूचना मिली कि अहरौला तेजवन फाटक से आगे खंबा संख्या 3/21 के पास एक युवक की ट्रेन की चपेट में आकर मौत हो गई है। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान मय पुलिस बल के मौके पर पहुंचे और उन्होंने शव को कब्जे में लिया। शिनाख्त कराने का प्रयास किया तो उसकी पहचान जितेन्द्र (35) पुत्र अमर सिंह निवासी खाईखेड़ा खादर के रूप में हुई। घटना से परिजनों में चीख पुकार मची है। जितेन्द्र रंगाई पुताई का काम करके अपने परिवार का गुजारा करता था। उसकी पत्नी सुमन व तीनों बच्चों का रो रोकर हाल बेहाल है। उसके घर की आर्थिक स्थिति भी कमजोर है। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने बताया कि बीती रात्रि ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत की सूचना मिली थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा। कानून व्यवस्था की स्थिति सामान्य है।

**पुताई करके घर का गुजारा करता था जितेन्द्र**

# सरकारी अस्पताल के गेट पर हंगामा, शीशे तोड़े

## गलत काम के शक में भड़के लोग, आरोपियों के खिलाफ दी जाएगी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उझारी।** प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में गलत काम किये जाने का शक जताते लोगों ने जमकर हंगामा किया। किसी ने मैसेज भी वायरल कर दिया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर छानबीन की। केन्द्र प्रभारी ने हंगामा कर रहे लोगों पर शीशे तोड़ने का आरोप लगाते रिपोर्ट दर्ज कराने को तहरीर देने की बात कही है।

घटना बीती रात की है। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर तैनात दो कर्मचारी यहीं रूके थे। जबकि बाहर से गेट बंद कर दिया गया था। जिस कारण लोगों को शक हुआ कि अंदर कुछ गड़बड़ की जा रही है। उन्होंने केन्द्र के बाहर हंगामा शुरू कर दिया तथा गेट खोलने की मांग की। परन्तु अंदर मौजूद कर्मचारियों ने गेट खोलने से इंकार कर दिया। कुछ ही देर में मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। किसी ने घटना की सूचना पुलिस को दी। चौकी इंचार्ज सतवीर सिंह पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने केन्द्र के अंदर जाकर जांच पड़ताल की। परन्तु उन्हें यहां ऐसा कुछ भी संदिग्ध नजर नहीं आया। स्वास्थ्य केन्द्र प्रभारी डा. सबीहा सुल्तान ने बताया कि स्वास्थ्य कर्मचारी अस्पताल का कुछ सामान लेकर आये थे। देर हो जाने के कारण यही रूक गये। उन्होंने कहा कि हंगामा कर रहे लोगों ने शीशे तोड़े है जबकि मैसेज वायरल करने वाले के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने को तहरीर दी जायेगी।



# पत्नी से विवाद पर किसान ने फांसी लगाई

## बिना पुलिस को सूचना दिए अन्तिम संस्कार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** पत्नी से झगड़े के चलते मानसिक रूप से परेशान किसान ने फांसी लगाकर जान दे दी। शव अपने ही खेत में रस्सी के सहारे पेड़ से लटका मिलने पर परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने बिना किसी कानूनी कार्रवाई चुपचाप शव का अंतिम संस्कार कर दिया है। वहीं, पुलिस ने किसान द्वारा आत्महत्या किए जाने की जानकारी से इनकार किया है।

घटना थाना क्षेत्र के एक गांव की है। यहां रहने वाला एक 40 वर्षीय किसान क्षेत्र में पेंट के सामान की दुकान चलाता था। परिवार में पत्नी के अलावा एक बेटा और एक बेटी है। बताया जा रहा है कि किसान को शराब पीने की बुरी लत थी। दिन निकलते ही शराब पीने की उसकी आदत को लेकर पत्नी से अक्सर विवाद होता रहता था। दो दिन पूर्व भी दोनों के बीच इसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था। विवाद के चलते खुद को मानसिक रूप से परेशान दिखाने वाला किसान बुधवार को दिन निकलते ही घर से निकल गया। दोपहर तक घर वापस नहीं लौटने पर किसी अनहोनी को लेकर बेचौन परिजन जब ढूंढते हुए अपने ही खेत पर पहुंचे तो वहां का नजारा देख उनके होश उड़ गए। किसान का शव पेड़ पर रस्सी के सहारे झूलता हुआ मिला। इसके बाद परिजन खामोशी से शव घर ले आए और आनन-फानन मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया। सीओ सिटी अरुण कुमार सिंह ने बताया कि किसान के आत्महत्या किए जाने की जानकारी नहीं है।

# छात्र-छात्राओं पर फावड़े से हमले का प्रयास

## पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** इंटर कॉलेज पढ़ने के लिए जा रहे छात्र छात्राओं को मारने की नियत से युवकों ने फावड़ा हाथ में लेकर उनका पीछा किया। छात्र छात्राओं ने पुलिस को तहरीर देकर अपनी जान की सुरक्षा किये जाने की गुहार लगाई है।

थाना सैदनगली क्षेत्र के गांव के छात्र छात्राएं गांव मंगरौली के एक इंटर कॉलेज में पढ़ाई करने के लिए आते हैं। बताया जाता है कि बुधवार की सुबह छात्र छात्राएं कॉलेज पढ़ने के लिए जा रहे थे।पड़ोसी गांव रुद्रपुर के एक युवक ने अपने साथियों के साथ छात्र छात्राओं को मारने की नीयत से हाथ में फावड़ा लेकर उनका पीछा किया। दबंग युवक एवं उसके साथियों की इस हरकत से छात्र छात्राएं दहशत में है। उसके बाद छात्र छात्राएं वापस अपने घरों को लौट गये। उन्होंने अपने परिजनों को पूरे मामले से अवगत कराया तो परिवार के लोग छात्र छात्राओं को लेकर कोतवाली पहुंच गये। पीड़ित छात्र छात्राओं ने बताया कि आरोपी युवक कई दिनों से उन्हें जान से मारने की धमकी दे रहा है। छात्र छात्राओं ने पुलिस को तहरीर देकर दबंग युवकों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। योगी सरकार में दबंग युवक बैखौफ होकर जिस तरह से छात्र छात्राओं को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। उस पर पुलिस को कड़ा एक्शन लेना होगा ताकि कोई भविष्य में ऐसी घटना घटित ना हो पाये।



# घर से भैंस ले जाने को महिला पर हमला

## चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** घर में घुसकर भैंस को जबरदस्ती ले जाने से रोका तो महिला से छेड़खानी की गई। विरोध करने पर मारपीट की। जान से मारने की धमकी दी। लोगों की भीड़ जमा होने पर आरा. ेपी मौके से भगा निकले। मामले में चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

नौगांवा सादात थानाक्षेत्र के एक गांव में किसान का परिवार रहता है। उन्होंने दस दिन पहले अपनी एक भैंस का सौदा सैदपुर इम्मा गांव के रहने वाले इरफान उर्फ तुरबत के साथ 85 हजार रुपये में तय किया था। इस दौरान बतौर बयाना 20 हजार रुपये दे दिए गए थे। 12 मई को किसान घर से बाहर गया हुआ था, तभी सैदपुर इम्मा के रहने वाले इरफान उर्फ तुरबत, गुड्डू और मखदुमपुर का रहने वाला सुहेल और अज्ञात व्यक्ति घर में घुस आए। सभी आरोपी हूटर लगी कार में सवार होकर आए थे। छोटा हाथी साथ लेकर आए थे। इस दौरान सभी मिलकर किसान की भैंस को जबरदस्ती छोटा हाथी में लादने लगे। इस दौरान किसान की पत्नी ने विरोध किया तो उसके साथ छेड़खानी की और लाठी डंडों से मारपीट की। पीड़िता के शोर मचाने पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। तभी आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। सीओ अवधभान भदोरिया ने बताया कि मामले में इरफान उर्फ तुरबत, गुड्डू, सुहेल और अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है।

## असलम बने सपा व्यापार सभा के विधानसभा अध्यक्ष



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** असलम सिद्दीकी को सपा का विधानसभा अध्यक्ष जबकि उसमान अली को ब्लाक अध्यक्ष बनाया गया है। लोक लेखा समिति के सभापति व सदर विधायक महबूब अली एवं पूर्व एमएलसी परवेज अली की संस्तुति पर असलम सिद्दीकी को सपा व्यापार सभा का विधानसभा अध्यक्ष जबकि उसमान अली को ब्लाक अध्यक्ष मनोनित किया गया है। आज श्री अली ने दोनों नवनियुक्त पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र सौंपकर उनसे अन्य लोगों को पार्टी से जोड़ने का आह्वान किया है। इस मौके पर मुमताज खां, निहाल सिद्दीकी, हकीम शौकत, गुलरेज, दानिश सिद्दीकी, हारून खान, कमाल खान, मोबीन अहमद, आफताब सिद्दीकी आदि मौजूद रहे।

# दलित युवक से मारपीट में मुकदमा दर्ज

## क्रिकेट खेलने को लेकर हुआ था विवाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** दलित युवक के साथ मारपीट किये जाने के मामले में पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार करने में जुटी है।

नगर के मोहल्ला मनापुर निवासी प्रशांत कुमार पुत्र राकेश कुमार के साथ सुखदेवी इंटर कॉलेज के मैदान में टहलते समय पांच युवकों ने मारपीट कर बुरी तरह से घायल कर दिया था। क्रिकेट खेलने को लेकर विवाद हुआ था जिसके चलते आरोपियों ने प्रशांत की पिटाई की थी। मारपीट के दौरान आरोपियों ने घायल के साथ जाति सूचक शब्दों का भी प्रयोग किया था। दलित युवक की पिटाई होने के बाद सैकड़ो की संख्या में लोग रात को कोतवाली पहुंच गये थे। गुस्साई भीड़ को पुलिस ने समझा कर शांत कर दिया था। पुलिस ने मारपीट करने के मामले में मनोक चौहान पुत्र कमल सिंह ग्राम कुड़ी वीरान, विनय प्रधूम ग्राम सेमला, मनीश यादव ग्राम धीमर खेड़ी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# रेडीमेड शोरूम से लाखों का माल उड़ाया

## पुलिस ने किया मौका मुआयना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** बाजार में रेडीमेड की दुकान को अज्ञात चोरों द्वारा बीती रात निशाना बनाकर वहां रखी दस हजार रुपए की नगदी सहित लाखों रुपए के माल पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस ने सूचना मिलने पर मौका मुवायना है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव काला खेड़ा निवासी ब्रह्मपाल पुत्र नत्थू सिंह ने नगर के पुराना डाकघर के निकट रेडीमेड कपड़ों की दुकान करके अपने परिवार का पालन पोषण करता है। मंगलवार की रात्रि प्रतिदिन की भांति ब्रह्मपाल दुकान बंद करके अपने घर को चला गया था। बुधवार की सुबह लगभग आठ बजे जब ब्रह्मपाल ने दुकान खोली तो उसके होश उड़ गये। क्योंकि दुकान के पीछे का गेट टूटा हुआ था। पीड़ित दुकानदार द्वारा बताया गया कि अज्ञात चोरों द्वारा दुकान के पीछे का गेट तोड़कर वहां रखी रखी दस हजार रुपए की नगदी, इनवर्टर बैट्रा, 12 कोट पेंट एवं 30-40 जींस चोरी करके ले गये हैं। जिससे उसे लगभग एक लाख रुपए का नुकसान हुआ है। चोरी की सूचना पर डायल 112 एवं कोतवाली पुलिस द्वारा मौका मुआयना किया गया। पीड़ित ब्रह्मपाल द्वारा कोतवाली पहुंचकर अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी गई है।



# मंडल में नागपाल स्कूल की आरना को तीसरा स्थान

## हाईस्कूल में 99 प्रतिशत अंक हासिल करके अमरोहा जिले में पाया पहला स्थान

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** सीबीएसई बोर्ड के जारी हुए परिणाम में हाईस्कूल में 99 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में अव्वल रहने वाली नागपाल इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा आरना त्रिपाठी का मंडल के टॉप टेन सूची में तीसरा स्थान है। इस उपलब्धि से स्कूल प्रबंधन व परिजनों में हर्ष का माहौल है। मूल रूप से प्रयागराज के मीरापुर निवासी एवं जुबिलेंट इन्ग्रेविया लिमिटेड के एसोसिएट डायरेक्टर की बेटी आरना त्रिपाठी नागपाल इंटरनेशनल स्कूल में कक्षा दस की छात्रा है। मंगलवार को जारी हुए सीबीएसई बोर्ड के रिजल्ट में इस छात्रा ने खुद को जिला टॉपर बनाया था लेकिन बुधवार को स्कूल प्रबंधन को यह जानकारी मिली कि आरना त्रिपाठी का नाम मुरादाबाद मंडल की टॉप टेन सूची में तीसरे स्थान पर है। इसके बाद स्कूल प्रबंधन में हर्ष का माहौल बन गया और इन्होंने दूरभाष पर आरना त्रिपाठी को बधाई दी। स्कूल की चेयरपर्सन अंशु नागपाल एवं मार्गदर्शक एवं पूर्व सांसाद देवेन्द्र नागपाल ने मीडिया को बताया कि बुधवार को आरना त्रिपाठी के मंडल में तीसरा स्थान प्राप्त करने की जानकारी मिली है। यह काफी गर्व की बात है। बता दें कि नागपाल स्कूल के इंटरमीडिएट कक्षा के छात्र धनंजय पांडेय ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए जिला टॉप टेन में सातवां स्थान प्राप्त किया था।



## लाभार्थियों ने सीएम का आभार जताया



**अमरोहा।** युवा उद्यमी विकास योजना के लाभार्थियों ने मुख्यमंत्री का आभार जताया। गांव रहरा निवासी मनीषा ने युवा उधमिता विकास अभियान के अन्तर्गत पांच लाख रूपये का लोन लेकर ब्यूटी पार्लर का संचालन किया। इसके साथ उन्होने दो लोगों को भी रोजगार दिया। गांव अल्लीपुर खादर निवासी राजकुमारी ने आटा चक्की लगाने के लिए इसी योजना के अन्तर्गत पांच लाख रूप्ये प्राप्त किये। गांव शेखपुर निवासी विजेन्द्र सिंह ने पैथोलॉजी लैब के लिए ऋण प्राप्त किया। सभी लाभार्थियों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार जताया।

# एम्बूलेंस पर पथराव कर चालक को पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** बाइक सवार युवकों ने एंबुलेंस को रोक कर उस पर पथराव करते हुए चालक की पिटाई कर दी। पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव सोहरका निवासी आकाश पुत्र डालचंद एंबुलेंस पर चालक है। बुधवार को वह दोपहर 2:00 बजे एंबुलेंस लेकर नगर से गांव भैंसरोली जा रहा था। चालक का आरोप है कि रास्ते में दो बाईकों पर सवार आधा दर्जन युवकों ने एंबुलेंस को रोकने का प्रयास किया। उसके बाद उन्होंने एंबुलेंस पर पथराव करना शुरू कर दिया। उसके साथ भी मारपीट की गई। शोर मचाने पर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गये। उसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गये। पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है।

# रामपुर केयर हॉस्पिटल की शिकायत के बाद स्वास्थ्य विभाग का छापा

## केयर हॉस्पिटल के संचालक की मनमानी का मामला आया प्रकाश में

**( हरमेश भाटिया )**
**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** शहर के केयर हॉस्पिटल के संचालक की मनमानी करने का मामला प्रकाश में आया है जहां लखनऊ से लुबना सईद अपने पिता. जी को चार दिन पहले इलाज के लिए केयर हॉस्पिटल में भर्ती कराया था लेकिन अस्पताल के संचालक की मनमानी के चलते पेशेंट को डिस्चार्ज कर लिया गया।

मामला लखनऊ निवासी लुबना सईद ने अपने पिता मोहम्मद शाहिद जमाली को तबीयत खराब होने के कारण केयर हॉस्पिटल में भर्ती कराया था।

जहां अस्पताल में पूर्ण तरीके से सुविधा न मिलने के कारण शिकायतकर्ता ने अस्पताल संच. ालक से इसकी शिकायत की जिसके चलते अस्पताल संचालक ने दिमारदार से अभद्रता की और कहा कि अपने मरीज को लेकर यहां से चले जाओ। तीमारदार ने परेशान होकर रामपुर सीएमओ से इस मामले की शिकायत की जहां केयर हॉस्पिटल में स्वास्थ्य विभाग की टीम पहुंची और अस्पताल के संचालक को साथ ले हॉस्पिटल का जायजा लिया।




शिकायतकर्ता लुबना सईद का कहना है कि मेरे पिता को चार दिन पहले केयर हॉस्पिटल में ईलाज के लिए भर्ती कराया गया था जहां मरीज को ICU में रखा गया था लेकिन ICU में जो मरीज के लिए सुविधा दी जाती है वह सुविधा उपलब्ध नहीं थी, बिजली जाने पर जनरेटर की सुविधा भी नहीं है।
ICU में भी सबको बिना पंखे ब के रखा गया है, मरीज को एक रूम से दूसरे रूम में शिफ्ट करने के लिए कोई मूलभूत सुविधा रैम्प की उपलब्ध नहीं है। शिकायतकर्ता का कहना है कि मेरे द्वारा स्वास्थ्य विभाग की टीम को लिखित शिकायत दी गई है कि जो भी अस्पताल में सुविधा उपलब्ध नहीं है मरीजों को परेशान होना पड़ रहा है।
उसको लेकर स्वास्थ्य विभाग अस्पताल के संचालक पर कार्रवाई करें जिससे कि मरीजों को जो दिक्कतें हो रही है वह उत्पन्न ना हो।

**बर्जन**
एसीएमओ कत वरुण का कहना है कि मरीज के परिजनों की ओर से तहरीर दी गई है जिसमें कहा गया है कि केयर हॉस्पिटल संचालक का व्यवहार ठीक नहीं है और हमारे मरीज को भी यहां अस्पताल में कोई मूलभूत सुविधा उपलब्ध नहीं हो पा रही है अस्पताल में मरीज को लाने ले जाने के लिए में गेट पर ना तो कोई रैम बनी है,, ना तो हॉस्पिटल में लाइट की सुविधा है और न ही कोई सुविधा पूर्ण तरीके से मरीज को दी जा रही है एसीएमओ ने बताया कि केयर हॉस्पिटल हॉस्पिटल मैं जो मरीज मिले हैं उन सभी के नाम नोट कर लिए गए हैं अब इसमें जांच की जाएगी जांच के बाद ही अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# सांसद ने जिले के टॉपर्स बच्चों को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** सांसद मोहिबुल्लाह नदवी ने अपने कैप कार्यालय तोपखाने पर हाई स्कूल का इंटरमीडिएट के बच्चे जिन्होंने अच्छे नम्बरों से जिले में टॉप किया था उन बच्चों को सांसद ने सम्मानित किया। इसके अलावा स्कूल के टीचर्स प्रिंसिपल व बच्चों के माता-पिता जो साथ में आए थे उनको भी आश्वासन दिया के किसी बच्चे को आगे अगर एजुकेशन में कोई भी दिक्कत आती है तो मैं उसकी सहायता करूंगा। किसी भी बच्चे को एजुकेशन में कोई दिक्कत नहीं आने दूंगा और बच्चों की हौसला की। जिले के टॉप 10 नंबर प्राप्त करने वाले करने वाले 42 बच्चों को सम्मानित किया गया। सांसद मोहिबुल्लाह नदवी ने अपने कार्यालय पर प्रेस कांफ्रेंस करके कहा कि भारत की बेटियों ने मिशन सिन्दूर में सफलता प्राप्त की तथा भाजपा के नेताओं ने वह मंत्रियों ने भी कर्नल सोफिया कुरैशी पर आपत्तिजनक टिप्पणी करके सेना के मनोबल को तोड़ने का काम किया है तथा देश की सेना को भी धर्म के चश्मे से देखकर जोड़ा है जिससे सेना का अपमान हुआ है। जिसे हमारा देश कभी बर्दाश्त नहीं करेगा। बीजेपी के नेताओं ने भी सुप्रीम कोर्ट पर भी टिप्पणी की थी और कहा था कि सुप्रीम कोर्ट देश में गृह युद्ध करना चाहता है। जनता सब समझ चुकी है कि भाजपा के नेता हमेशा बांटने की राजनीति करते हैं हमारा देश एक अखंड भारत है और वह इन नेताओं की भाषाओं को अच्छी तरह समझ चुका है अगर मंत्री विजय शाह ने इस्तीफा नहीं दिया तब मैं व सपा ऐसे मंत्रियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करेंगे। जंग की कार्यवाही हमारे देश ने शुरू की थी तथा तीसरे मुल्क ने बीच में पड़कर सीजफायर कराया है इससे भी हमारी सेना का मनोबल टूटा है। जंग में हमारा पूरा देश हिंदू मुस्लिम सिख इसाई सब एक साथ खड़े थे और हमारे देश की सेना अपनी कार्यवाही ब खूबी निभा रही थी तथा दुश्मन देश के दांत खट्टे कर दिए थे अमेरिका ने व्यापार का समझौता के दबाव में लेकर सीजफायर कराया है। इंडिया गठबंधन ब विपक्षी सभी दलों ने विशेष सत्र बुलाने की सरकार से मांग की है इस मौके पर सांसद जी के साथ सांसद मीडिया प्रभारी महबूब अली पाशा एडवोकेट, हाफिज नूरी, अरशद एडवोकेट, नासिर शेख, जमील सैफी, उस्मान, आसिफ, रामबहादुर आदि लोग शामिल रहे।




# मिशन रोड सेफ्टी के अन्तर्गत चलाया गया जन जागरूकता अभियान

**( मो. आसिफ अली )**
**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैदनगर/रामपुर।** बुधवार को सड़क सुरक्षा के लिए जन जागरूकता अभियान एवं डिजिटल रोड सेफ्टी अभियान के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में बुधवार को यातायात, रामपुर पुलिस द्वारा यातायात जागरूकता अभियान परवाह के अन्तर्गत सैन्ट मेरी स्कूल रामपुर तथा थाना अजीमनगर, रामपुर पुलिस द्वारा सैन्ट फ्रांसिस कॉन्वेन्ट स्कूल ग्राम अजीमनगर में छात्र-छात्राओ व अध्यापकगण को ऑपरेशन परवाह के अन्तर्गत यातायात नियमों के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी, जिसमें छात्र-छात्राओ व अध्यापकगणों को यातायात के नियमो का पालन करने तथा रोड सेफ्टी के सम्बन्ध में अनुपालन हेतु विस्तार से समझाया गया। सभी से अपने माता-पिता तथा आस-पास के लोगों को भी जागरूक करने हेतु अपील की गयी।



# पीड़ित के परिवार से भूडासी मिलने पहुंचे सांसद

**( सुमित कुमार )**
**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** कोतवाली क्षेत्र के भुड़ासी में बीते शनिवार को दलित परिवार की बेटी की शादी में बारातियों के साथ विवाद व पत्थर बाजी की घटना हुई थी।जिसकी बावत दलित परिवार का हाल चाल जानने के लिये रामपुर के सांसद मोहिबुल्लाह नदवी भुड़ासी गांव पहुंचे उन्होंने दलित परिवार से बात कर उनका हासिल जाना इस दौरान उन्होंने कहा कि हमारे जो दलित भाइयों के साथ पहले जो अत्याचार हुआ या हो चुका है और अब उसे हिंदुस्तान की जमीन पर दौहराने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि सभी लोकतंत्र का हिस्सा है। हम समाज में बांटने की बात नहीं कर सकते समाज में सभी को बराबर का हक मिलेगा चाहे वह ब्राह्मण , दलित , मुस्लिम, सीख चाहे वह ईसाई हो अगर वह हिंदुस्तानी है तो उसका हक बराबर मिलेगा। किसी को किसी का अपमान करने की इजाजत नहीं मिलेगी। पूरा हिंदुस्तान एक परिवार है और यह जो इंसानियत से गिरी हुई बातें हैं कोई किसी को दलित समझ कर नीचा समझ रहा है कोई किसी को ताना दे रहा है इस तरह किसी को बिल्कुल नहीं करना है हमें आगे बढ़ने की सोचना है। ऐसे लोगों के खिलाफ कानून में जो हमें हक दिया है हम कानून से लड़ेंगे। हमारी किसी समाज से लड़ाई नहीं है हमारी लड़ाई उस मानसिकता से है जो किसी को ऊंच नीच में बाटती हो हमारी उससे लड़ाई है। इससे हमारी लड़ाई पहले भी थी आज भी है आगे भी रहेगी। हम देश एक परिवार हैं। इसको टूटने नहीं दिया जाएगा। इस दौरान एडवोकेट मेहबूब अली पाशा और शाहबाद से नसीम मियां व पीड़ित परिवार व गांव के लोग मौजूद रहे।



# पुलिस मुठभेड़ में तीन गौकश घायल, किए गिरफ्तार

**तीन तमंचे तीन जिन्दा व तीन खोखा कारतूस एवं एक मोटर साइकिल स्पलेन्डर बिना नम्बर प्लेट आदि बरामद**

**शाह टाइमस ब्यूरो**

**रामपुर।** पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक जनपद रामपुर के कुशल निर्देशन में थाना सिविल लाईन पुलिस द्वारा दिनांक 13/14.05.2025 की रात्रि में 03 शातिर गौकशों को पुलिस मुढभेड में गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार गौकश शहर के आस-पास छुट्टा गौवंशीय पशुओं को मौका देखकर काट लेते थे।

घटना का संक्षिप्त विवरण दिनांक 13/14.05. 2025 की रात्रि में मुखबिर की सूचना पर चौकिंग के दौरान थाना सिविल लाइन पुलिस को एक बिना नम्बर वाली मोटर साइकिल पर 03 व्यक्ति आश्रम पद्धति रोड कच्चे रास्ते पर जाते दिखाई दिये । पुलिस द्वारा टोकने पर मोटर साइकिल तेज कर भागने लगे । पुलिस से घिरता देख मोटर साइकिल सवार व्यक्ति मोटर साइकिल छोडकर भागने लगे तथा पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया, पुलिस द्वारा आत्मरक्षार्थ जबाबी कार्यवाही में तीनों व्यक्ति पैर में गोली लगने से घायल हो गये । घायलों को उपचार हेतु जिला अस्पताल रामपुर भिजवाया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण निम्नवत है इकरार पुत्र खुर्शीद निवासी बजरिया खान सामा थाना गंज रामपुर, साजिद पुत्र बब्लू उर्फ बब्बू कुरैशी नि0 ग्राम अब्दुल्ला थाना मिलक जनपद रामपुर,फैमान उर्फ फरमान पुत्र रहमत खा निवासी तीतर वाली पाखड थाना गंज रामपुर है जिनके पास से बरामदगी 02 अदद तमंचे 315 बोर नाजायज मय दो अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर, 02 अदद खोखा कारतूस 315 बोर एक अदद तमंचा 12 बोर व एक जिन्दा कारतूस 12 बोर मय एक अदद खोखा कारतूस 12 बोर एक दाब, रस्सी एक अदद मोटरसाईकिल स्पलेन्डर प्लस रंग काला चौसिस नं. MBLHAW087KHB00418, इन्जन नं. HA10AGKHB00357 बिना नम्बर प्लेट मिली है।

पूछताछ करने पर अभियुक्तों ने बताया कि वे अपने-अपने घरों का खर्चा चलाने के लिए संगठित रुप से शहर के आस-पास छुट्टा गौवंशीय पशुओं को मौका देखकर काट लेते हैं। गिरफ्तार अभियुक्त साजिद पुत्र बब्लू उर्फ बब्बू कुरैशी उपरोक्त थाना मिलक से प्रचलित एचएस है। कृत कार्यवाही थाना सिविल लाइन पर मु.अ. सं.- 193/2025, धारा- 109(1) बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट बनाम इकरार आदि 03 नफर उपरोक्त पंजीकृत किया गया ।

गिरफ्तारी करने वाली टीम उ. नि. रामकुमार वशिष्ठ उ. नि.योगेश कुमार, उ. नि. पवन कुमार, हे.का. 455 लोकेन्द्र सिंह, हे.का. 543 कौशर अली, का. 394 मोहित कुमार आदि रहे।



# सड़क चौड़ीकरण के लिए दुकान और मकानों पर लगाए गए लाल निशान, जल्द शुरू होगा काम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** सड़क चौड़ीकरण की तैयारी जोरों पर चल रही हैं। जिसे लेकर नंगे के प्रमुख मार्ग को चौड़ा किया जाना है, जिसे लेकर अब काम शुरू हो गया है। बुधवार को पीडब्ल्यूडी की टीम ने नगर के रामपुर चौराहे से लेकर बिलारी चौराहे तक मकानों व दुक. ानों पर लाल निशान लगाए। अब जल्द ही इन मार्ग को चौड़ा करने का काम शुरू होगा।

सड़क चौड़ी होने के बाद यातायात व्यवस्था में सुधार होगा और आए दिन लगने वाले जाम से भी लोगों को छुटकारा मिलेगा। पीडब्ल्यूडी की टीम ने चौड़ीकरण की जद में आने वाले भवनों व दुकानों पर निशान लगाकर अंतिम मार्किंग कर ली है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार सुबह पीडब्ल्यूडी की टीम शाहबाद पहुंची। इस दौरान एसडीएम शाहबाद हिमांशु उपाध्याय उनके साथ रहे। यहां से टीम ने रामपुर चौराहे से लेकर बिलारी चौराहा तक सड़क के किनारे बने मकान व दुक. ानों पर लाल निशान लगाए। जानक. ारी देते हुए पीडब्ल्यूडी के एई मनो. हर प्रसाद ने बताया कि आवादी भाग में जहां जहां अतिक्रमण हैं वहां सड़क चौड़ीकरण को लेकर निशान लगाए जा रहे हैं।

सड़क चौड़ीकरण के दौरान सड़क किनारे फुटपाथ बनाया जाएगा और साथ ही साथ नाली निर्माण भी कराया जाएगा।



# सेवानिवृत्त शिक्षक सम्मान समारोह एवं शैक्षिक संगोष्ठी का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** बुधवार को शहर के जिला सहकारी बैंक रामपुर सभागार में विकास खण्ड चमरौआ के समस्त बेसिक शिक्षक परिवार एवं समस्त शैक्षिक संगठनों द्वारा 'सेवानिवृत शिक्षक सम्मान समारोह एवं शैक्षिक संगोष्ठी' का आयोजन किया गया। सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि जिला सहकारी बैंक रामपुर के चेयरमैन मोहनलाल सैनी विशिष्ट अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना देवी, वित्त एवं लेखा अधिकारी विकास खंडेलवाल और खण्ड शिक्षा अधिकारी चमरौआ राजेंद्र सिंह बोरा, पन्नालाल सैनी, जिला समन्वयक मध्याह्न भोजन राहुल सक्सेना उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला सहकारी बैंक रामपुर के चेयरमैन मोहनलाल सैनी ने समस्त सेवानिवृत शिक्षक शिक्षिकाओं को उनके अग्रिम जीवन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि व्यक्ति कभी रिटायर नहीं होता वह केवल अपनी सेवाओं से रिटायर होता है। उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि विश्व में भारत का सर्वोत्तम स्थान है और इसकी संस्कृति सर्वश्रेष्ठ है एवं शिक्षक समाज में भारतीय संस्कृति को सदैव आगे बढ़ने का कार्य करते हैं, एक शिक्षक नए समाज का निर्माण करता है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने समस्त सेवानिवृत्त शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को उनकी सेवानिवृत्ति पर शुभकामनाएं देते हुए उनके द्वारा विभाग को दिए गए अमूल्य योगदान की सराहना की एवं आश्वासन दिलाया कि उनके समस्त प्रकार के देयकों से संबंधित कार्य' अति शीघ्र पूर्ण कर दिए जाएंगे। समस्त अतिथि गणों द्वारा सेवानिवृत्त शिक्षक/ शिक्षिकाओं को प्रतीक चिन्ह एवं उपहार प्रदान किए गए साथ ही फूल मालाएं पहनाकर शाल ओढ़ाकर सम्मानित' किया गया। वरिष्ठ शिक्षिका अनीता गुप्ता द्वारा सेवानिवृत शिक्षक/ शिक्षिकाओं को एक - एक पौधा भेंट किया गया साथ ही उपस्थित सम्मानित अतिथिगणों को भी उनके द्वारा एक-एक पौधा सम्मान स्वरूप भेंट किया गया। कार्यक्रम के अंत में चमरौआ विकास खण्ड के खंड शिक्षा अधिकारी राजेंद्र सिंह बोरा द्वारा समस्त सम्मानित अतिथि गणों एवं सेवानिवृत शिक्षकों का आभार व्यक्त किया गया एवं उन्होंने समस्त सेवानिवृत शिक्षक शिक्षिकाओं को उनके अग्रिम जीवन हेतु शुभकामनाएं प्रदान की।

कार्यक्रम में जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के जिला महामंत्री अंजुम सक्सेना ने अपनी 'स्वरचित कविता के माध्यम से समस्त सम्मानित अतिथि गणों एवं सेवा. निवृत हुए शिक्षकों को उनके कार्यकाल हेतु बधाई दी। उत्तर प्रदेश के प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री चरन सिंह ने कहा की समस्त शिक्षकों ने विभाग में महत्वपूर्ण योगदान दिया गया है एवं विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को जीवन में आगे बढ़ने हेतु नई दिशा प्रदान की है। कार्यक्रम का संचालन कर रहे शिक्षक सुरेंद्र यादव द्वारा अपनी मधुर आवाज में एक शिक्षक के जीवन और उनके द्वारा दिए जाने वाले बहुमूल्य योगदान पर आधारित एक सुंदर वक्तव्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में नरेंद्र कुमार सैनी, मनोज कुमार, प्रसन्न प्रकाश, अमितेश झा, चमन सिंह गौतम, सौरभ शर्मा, उमेश पाल सिंह, नरेश कुमार, विनीत श्रीवास्तव, विवेक सैनी, गौरवदीप गुप्ता, नीरज अग्रवाल, प्रदीप कुमार, आलोक सक्सेना, राकेश कुमार विश्वकर्मा, सुमित गंगवार, फुरकान मोहम्मद, महेंद्र कुमार हल्दिया, तरुण उपाध्याय, शालिनी रावत, विशाखा' आदि शिक्षकों ने विभिन्न व्यवस्थाओं में अपना अमूल्य योगदान दिया । तथा समस्त टीचर्स उपस्थित रहे ।




# कॉमर्स में फिर चमके सनी टीचर के छात्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** सीबीएसई द्वारा मंगलवार को कक्षा 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए। हर साल की तरह इस बार भी कॉमर्स विषय में सनी अरोड़ा के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उच्च स्थान प्राप्त किया।

कॉमर्स स्ट्रीम के छात्र गर्वित जैन'' ने 96.6%अंक प्राप्त कर विद्यालय में सर्वोच्च स्थान अर्जित किया। वहीं 'जैज जॉनसन' ने भी उल्लेखनीय अंक प्राप्त कर न केवल अपने शिक्षक सनी बल्कि अपने माता-पिता का नाम भी रोशन किया। सनी अरोड़ा के अन्य छात्रों ने भी कॉमर्स विषय में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। कई अन्य छात्रों क भी कॉमर्स के विषय में 90% से अधिक अंक प्राप्त किये। इस सफलता पर सनी टीचर ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही, जिन छात्रों के अंक अपेक्षा से कम आए हैं, उन्हें निराश न होकर मेहनत और लगन से आगे बढ़ने की सलाह दी।


सनी अरोड़ा टीचर

# पिकअप वाहन से टकरा कर बाइक सवार दो युवक घायल

## गंभीर हालत में जिला अस्पताल किया रैफर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बढ़ापुर।** गांव इस्लामाबाद चौराहे पर एक बाइक महिंद्रा पिकअप वाहन से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

कस्बे के मुहल्ला नौमी निवासी हिमांशु पुत्र सुनील कुमार और बृजेश कुमार पुत्र विजय सिंह बाइक द्वारा किसी कार्य से नगीना गए हुए थे। देर रात 11 बजे के करीब दोनों बाइक से वापस घर लौट रहे थे। बढ़ापुर-नगीना मार्ग पर गांव इस्लामाबाद के चौराहे पर उनकी बाइक कस्बे के सीमावर्ती गांव कुंजेटा निवासी धीरज पुत्र त्रिमल सिंह के महिंद्रा पिकअप वाहन से टकरा गई। हादसे में हिमांशु और बृजेश गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पीआरवी पुलिस मौके पर पहुंची और स्वजन को सूचना देकर घायलों को उपचार के लिए एम्बुलेंस से सीएचसी नगीना भिजवाया। वहां पर गंभीर हालत देखते हुए चिकित्सक ने दोनों को उच्च उपचार के लिए बिजनौर के अस्पताल भेज दिया। वहीं पुलिस ने वाहन को कब्जे में ले लिया है।

# हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम के लिए नव कार्यकारिणी का गठन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** श्रीमद हनुमत सेवा समिति कार्यसमिति की बैठक बाबा श्री नीब करौरी कृपा कुंज (ध्यान केंद्र) पर आयोजित की गई।

बैठक में समिति की ओर से संरक्षक पंकज भटनागर द्वारा अप्रैल 2025 में संपन्न हुए तीन दिवसीय हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम का विवरण प्रस्तुत किया गया तथा हनुमान जन्मोत्सव 2026 में किये जाने वाले कार्यक्रमों के लिए नव कार्यकारिणी का गठन भी किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से मयंक अग्रवाल को अध्यक्ष, आयुष राज वर्मा को उपाध्यक्ष, तरुण शर्मा शास्त्री को पुनः कोषाध्यक्ष चुना गया। समिति की महिला अनुभाग का प्रभारी श्रीमती नमिता वर्मा को नियुक्त किया गया है। बैठक में मुख्य रूप से वरिष्ठ समाजसेवी लक्ष्मी नारायण अग्रवाल (लक्ष्मी गारमेंट्स) तथा रामदास जी महाराज (गुरुजी), पवन कौशिक महाराज, सुभाष चंद्र कौशिक, पंकज भटनागर, डा. अनुज कुमार वर्मा (निवर्तमान अध्यक्ष), यतेंद्र शर्मा एडवोकेट, कपिल तुली, धर्मेंद्र पवार, मेघराज सिंह, महेंद्र सिंह, महावीर सिंह, श्रीमती नमीता वर्मा, श्रीमती मुन्नी देवी आदि उपस्थित रहे। बैठक समापन पर श्री हनुमान चालीसा पाठ व महामंत्र का जाप किया गया।

# अदालत से गैर हाजिर चार वारंटी गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रायपुर सादात।** अदालत से गैर हाजिर वारंटियों पर पुलिस भारी पड़ रही है। मुकदमों की पैरवी करने में विफल मारपीट व फौजदारी के अलग-अलग मामलों में अदालत से जारी वारंट के आधार पर नगीना देहात पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार कर चालान कर दिया

प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने कहा कि अपने मुकदमों की पैरवी करने में विफल या गैर हाजिर होने पर यदि अदालत से किसी का वारंट जारी होता है तो उसके साथ कोई रियायत नहीं बरती जाएगी। थाना नगीना देहात में सन 2022 में पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 2850/2022 धारा 452 तथा 325 के आरोप में पुलिस ने रोहतास तथा मलखान पुत्रगण टीकम सिंह निवासी ग्राम रानी कोटा को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया था लेकिन दोनों भाई अपने मुकदमे की पैरवी करने में विफल रहे। अदालत ने दोनों भाइयों का एनबीडब्ल्यू वारंट जारी किया था। इसके अलावा थाना नगीना देहात क्षेत्र के ग्राम रानी कोटा निवासी विजय सिंह तथा राजेश सिंह पुत्रगण गोकल सिंह निवासी ग्राम रानी कोटा के विरुद्ध भी सन् 2022 में धारा 323, 324, 504, 506 के तहत मुकदमा पंजीकृत हुआ था। पुलिस ने इन दोनों लोगों को भी गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया था। इनका भी मुकदमा न्यायालय में विचाराधीन है। यह दोनों भाई भी अपने मुकदमे की पैरवी करने में विफल रहे और इन दोनों भाइयों का भी अदालत ने वारंट जारी किया था। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने सब इंस्पेक्टर दीपक कुमार तथा कांस्टेबल निखिल कुमार, महिला कांस्टेबल दीक्षा की टीम गठित की थी और वारंटी को शीघ्र गिरफ्तार करने की हिदायत दी थी। पुलिस ने अदालत से फरार चल रहे चारों वारंटी को गिरफ्तार करके वारंट के आधार पर उनका चालान कर दिया।

# श्री श्री रविशंकर का जन्मदिवस सैनिकों के लिए ध्यान व प्रार्थना के साथ मनाया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** सत्संग भवन, बड़ी मंडी में गुरुदेव श्री श्री रविशंकर जी का जन्मदिवस आर्ट ऑफ लिविंग के तत्वावधान में सादगी, ध्यान और भक्ति के साथ मनाया गया। इस आयोजन का संचालन आर्ट ऑफ लिविंग टीचर लवी अग्रवाल द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में विशेष रूप से ध्यान, मंत्रजप और भावपूर्ण सत्संग का आयोजन हुआ। जो देश के सैनिकों व उनके परिवारों की शांति और सम्मान को समर्पित था।

इस अवसर पर प्रतिभागी साधकों में मुक्ता मणि अग्रवाल, रितेश मेहरोत्रा, मुदित अग्रवाल, ध्रुव अग्रवाल तथा शालिनी सिंघल उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मधुश्री गुप्ता एवं प्रीति विश्नोई का विशेष योगदान रहा। सभी साधकों ने गुरुदेव के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की और सेवा, ध्यान एवं करुणा के पथ पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन प्रसाद वितरण के साथ हुआ।

# सिख संगत ने पूर्व नेतृत्व पर जताया भरोसा

## गुरुद्वारा कमेटी दोबारा चुनी गई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा चुनाव में सिख संगत ने एक बार फिर पूर्व नेतृत्व पर भरोसा जताते हुए सरदार अमरजीत सिंह एडवोकेट को पुनः अध्यक्ष चुना। वहीं सरदार गुरुचरन सिंह चावला को सर्वसम्मति से सचिव पद की जिम्मेदारी सौंपी गई।

चुनाव उपरांत अध्यक्ष अमरजीत सिंह एडवोकेट ने संगत का आभार जताते हुए कहा कि वह सबके सहयोग से गुरुद्वारे की मर्यादा, सेवा और कार्यप्रणाली को और सुदृढ़ बनाएंगे। उन्होंने कहा कि सभी को साथ लेकर चलने की नीति के तहत कार्य किया जाएगा और किसी के मान-सम्मान में कमी नहीं आने दी जाएगी।

इस अवसर से पूर्व गुरुद्वारा परिसर स्थित दीवान हॉल में सतपाल सिंह सिडाना के परिवार द्वारा उनके माता-पिता की स्मृति में आयोजित श्री अखंड पाठ का समापन हुआ। पाठ पूर्णता के उपरांत अरदास व गुरु का अटूट भोग हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

कार्यक्रम में सरदार प्रीतम सिंह, सुरेंद्र सिंह, मोहन सिंह, गुरविंदर सिंह, शरणागत सिंह, जसप्रीत सिंह एडवोकेट सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। अंत में गुरुद्वारा प्रबंधक समिति द्वारा लंगर का आयोजन किया गया, जिसमें सभी ने मिलकर भाईचारे का संदेश दिया।

# आईटीआई में 276 सीटों के सापेक्ष भी होगा प्रवेश



**बिजनौर।** जनपद में संचालित राजकीय आईटीआई जनपद बिजनौर में टाटा टेक्नोलॉजी लिमिटेड के सहयोग से संचालित विभिन्न ट्रेड में 276 सीटों के सापेक्ष भी वर्ष 2025 में प्रवेश किए जाएंगे, जिसमें राजकीय आईटीआई बिजनौर में कैम प्रोग्रामर 40, इंडस्ट्रियल रोबोटिक्स एंड डिजिटल मैन्युफैक्चरिंग टेक्नीशियन 40, इंडस्ट्रियल इंटरनेट ऑफ थिंग्स टेक्नीशियन 20, राजकीय आईटीआई नजीबाबाद में मैकेनिक इलेक्ट्रिक व्हीकल 24, इंडस्ट्रियल रोबोटिक्स एंड डिजिटल मैन्युफैक्चरिंग टेक्नीशियन 40, मैकेनिक मोटर व्हीकल 24, बेसिक डिजाइनर एंड वर्चुअल वेरीफायर 24, आर्टीशन यूजिंग एडवांस्ड टूल 20, प्लंबर 48 में भी अगस्त 2025 से प्रारंभ हो रहे सत्र हेतु प्रवेश आवेदन पत्र पर ऑनलाइन किए जा रहे हैं। ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने कक्षा 10 की परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है यथाशीघ्र अपना प्रवेश आवेदन पत्र www.scvtup.in पर ऑनलाइन करना सुनिश्चित करें। यह जानकारी राजकीय आईटीआई, बिजनौर के प्रधान सहायक राकेश शर्मा ने आईटीआई चलो अभियान के अंतर्गत प्रचार प्रसार करते हुए आरजीपी इंटर कॉलेज बिजनौर के प्रधानाचार्य बिशनलाल एवं चंद्रहास सहित समस्त स्टाफ को दी।

# एमएससी तृतीय सेमेस्टर ( गणित ) का परीक्षाफल घोषित



## भूमिका राजपूत व नेहा रही प्रथम स्थान पर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** एम.जे.पी. रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली द्वारा एम.एस.सी. तृतीय सेमेस्टर (गणित) के घोषित परिणाम में कृष्णा कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड इन्फॉर्मेशन टैक्नोलॉजी, बिजनौर के छात्र/छात्राओं का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा।

एम.एस.सी. तृतीय सेमेस्टर (गणित) की छात्र भूमिका राजपूत व नेहा ने संयुक्त रुप से 7.85 एसजीपीए प्राप्त कर प्रथम, अदिति सिंह ने 7.69 एसजीपीए प्राप्त कर द्वितीय तथा व मानसी रानी व तनु तोमर ने संयुक्त रुप से 7.23 एसजीपीए प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय परिवार इन सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करता हैं।

कृश्णा कॉलेज के प्रबन्धक मनोज कुमार ने सभी उत्तीर्ण छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और बताया कृष्णा कॉलेज का परिणाम सदैव ही अत्युत्त्म रहा है। हमारा निरन्तर यही प्रयास रहता है कि छात्राओं को कॉलेज में आधुनिक व शैक्षिक वातावरण मिले, जिससे कि वह प्रोफेशनल एजुकेशन को बेहतर रुप से समझ सकें व अपने जीवन में उपयोग कर लाभांवित हो सकें।

कॉलेज के संस्थापक निदेशक राजीव कुमार, प्रबन्धक मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, कॉलेज प्राचार्या डा. सीमा शर्मा तथा विभागाध्यक्षा डा. पूनम गुप्ता व सहायक प्रवक्ता प्रतिभा मेहरोत्रा व संचित कुमार ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# एजुकोल का रिजल्ट रहा शत-प्रतिशत

## दसवीं में अदीबा सलीम व सुरुश शम्सी ने किया कालेज टॉप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** एजुकोल द गर्ल्स स्कूल में कक्षा दसवीं, बारहवीं बोर्ड परीक्षाफल गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी उत्साह से परिपूर्ण रहा तथा परीक्षाफल देखकर सभी छात्राएँ खुशी से झूम उठीं। कक्षा दसवीं में अदीबा सलीम ने 96.2%, कृतिका राज ने 95%, भूमि सैनी ने 93%, जरफ्शा ने 89.6%, ख्याति चौहान ने 87.2%, रीत सिंह ने 85.6% कक्षा बारहवीं में सुरुश शम्सी ने 87.8%, दिव्यांशी चौहान ने 87.6%, आराध्या हिरणवाल ने 86.4, इकरा अंसारी 84.6%, अलीशा नूर ने 83.8, सुरुचि सिंह 83.4%, प्राप्त कर विद्यालय का नाम उज्जवल किया। छात्राओं ने अपनी सफलता का श्रेय अपने अध्यापको एवं माता -पिता को दिया, जिनके परिश्रम एवं आशीर्वाद से उन्होने यह सफलता प्राप्त की।

विद्यालय प्रबंधक डॉ. लोकेंद्र सिंह ने सभी छात्राओं को बधाई देते हुए मिठाई वितरित की तथा प्रधानाचार्या मिस प्रीति अग्रवाल ने छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि सभी छात्राएं आगे भी ऐसे ही अपने विद्यालय, माता-पिता तथा गुरुजनों का नाम रोशन करें। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# ड्रग्स के प्रयोग से होने वाले दुष्प्रभावों पर निकाली जागरूकता रैली



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** राजा ज्वाला प्रसाद आर्य इंटर कॉलेज में ड्रग्स के प्रयोग से होने वाले दुष्प्रभाव के जागरूकता अभियान के क्रम में जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर एवं जिला विद्यालय निरीक्षक जय करन यादव के आदेश के अनुपालन में प्रधानाचार्य कैप्टन बिशन लाल की देखरेख में एनसीसी एनएसएस एवं स्काउट क्रेडिट्स द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई।

प्रधानाचार्य कैप्टन बिशन लाल ने कहा कि ड्रग के उपयोग से हृदय गति में वृद्धि, उत्साह, निर्भरता, लत और गुर्दे और यकृत रोग हो जाते हैं। क्योंकि ड्रग्स मस्तिष्क पर दुष्प्रभाव डालता है और सामान्य शारीरिक कार्यों को बाधित करते हैं और शरीर की संतुलन बनाए रखने की क्षमता में बाधा डालते हैं। इसलिए हमें सुरक्षित जीवन के लिए ड्रग्स के उपयोग से दूर रहना चाहिए। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य गयूर आसिफ, जिला विज्ञान समन्वयक सुधांशु वत्स, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार यादव एवं चंद्रहास सिंह, लेफ्टिनेंट तेजपाल सिंह, सीटीओ भूपेंद्र पाल सिंह, नरेंद्र कुमार, करनवीर सिंह, सुभाष बाबू राजपूत, अतुल कुमार रस्तोगी, विनोद कुमार यादव आदि मौजूद रहे।

## गुलदार का शावक मिलने से दहशत

**कोतवाली देहात।** ग्राम जीवनपुर में ग्रामीण अपने खेतों में काम कर रहे थे। तभी राजवीर सिंह के खेत में गुलदार का एक शावक मिला। गुलदार का शावक देखकर किसानों में भय व्याप्त हो गया। किसान शावक को अपने साथ गांव में ले आए तथा वन विभाग को सूचना दी। गुलदार को यशपाल सिंह के घर पर ले आए। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम गुलदार के शावक को फिर से खेत में ही छोड़ आई। वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि गुलदार के शावक की माता उसे अपने साथ ले जा सकती है। गुलदार के शावक की मॉनिटरिंग की जाएगी। गुलदार का शावक मिलने के बाद ग्रामीणों में भय है कि कहीं मादा गुलदार किसानों पर हमला कर दे।

# दहेज के लिए विवाहिता को दिया तीन तलाक, मुकदमा दर्ज

## देवर पर बलात्कार करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** एक महिला की तहरीर पर पुलिस ने दहेज के लिए परेशान करने तथा तीन तलाक दिए जाने के आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। महिला ने यह भी आरोप लगाया है कि उसके देवर ने चाकू की नोक पर उसके साथ बलात्कार किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला नौंधना निवासी रुकसाना पुत्री जमशेद का कहना है कि उसकी शादी मुस्लिम रीति रिवाज से मोहम्मद आरिफ पुत्र मोहम्मद कासिम निवासी नूरपुर के साथ हुई थी तथा उसके दो पुत्र है। पीड़िता का कहना है कि शादी के समय उसके पिता ने लगभग दस लाख रुपये खर्च कर अपनी हैसियत से भी अधिक काफी दान दहेज दिया था। लेकिन आरोप है कि उक्त दहेज से उसके ससुराल वाले सन्तुष्ट नहीं थे और दहेज में सेंट्रो कार सहित घर की महिलाओं के लिए सोने के जेवर व 2 लाख रुपये की मांग कर रहे थे। मांग पूरी नहीं किये जाने पर उसको प्रताड़ित किया जाता था। पीड़िता का यह भी आरोप है कि उसका देवर उस पर बुरी नजर रखता था। एक दिन घर पर अकेला पाकर चाकू की नोंक पर उसके साथ बलात्कार किया। पीड़ित महिला का कहना है कि जब उसने यह बात अपने पति व ससुराल वालों को बताई तो उन्होंने धमकी दी कि यदि उसने किसी से कुछ कहा तो वे उसके पति से तलाक दिलाकर जिंदगी बर्बाद कर देंगे। पीड़िता का कहना है कि उसके पति ने अपने घरवालों के कहने पर उसे फोन पर तीन तलाक दे दिया है।थानाध्यक्ष पुष्पेंद्र कुमार ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर महिला के पति मोहम्मद आरिफ सहित ससुर कासिम, देवर मोहम्मद आसिफ, सास शमीमा बानो, नंद गुफराना, अताउर्रहमान सहित अनस के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

# अपर गन्ना आयुक्त ने किया निरीक्षण

## सहकारी गन्ना विकास समिति में विभागवार अभिलेखों को देखा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** अपर गन्ना आयुक्त डॉ. बी.बी. सिंह ने चांदपुर पहुंचकर सहकारी गन्ना विकास समिति लिमिटेड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने समिति के समस्त विभाग वार कार्यालय में पहुंचकर अभिलेखों को देखा और उनके रख रखाव के बारे में जानकारी ली।

डा. सिंह ने उपस्थित अधिकारी /कर्मचारियों से संवाद भी किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान समिति में नये भवनों, खाद गोदाम, खाद की बिक्री, कृषि यंत्रों के रख रखाव और उनके संचालन के बारे में भी विस्तार से जानकारी ली। अपने निरीक्षण के दौरान सब कुछ ओके पाये जाने पर समिति सचिव जितेंद्र कुमार एवं सीनियर ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक विश्वामित्र पाठक के द्वारा समिति में बनाई हुई बेहतर व्यवस्था पर हर्ष जताया। इस दौरान समिति मे जिला गन्ना अधिकारी पीएन सिंह भी मौजूद रहे। जबकि समिति से संजीव कुमार त्यागी, शमीम अहमद, दिग्विजय सिंह सहित अनेक गन्ना पर्यवेक्षक एवं समिति स्टाफ भी उन्हें अपने कार्यालय में उपस्थित रहे।

गौरतलब है कि इससे पहले उपायुक्त गन्ना एवं चीनी (मुरादाबाद परिक्षेत्र) सरदार हरपाल सिंह वार्षिक निरीक्षण कर चुके हैं।

# बेकसूर पर मुकदमा दर्ज भविष्य चौपट होने को तैयार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हीमपुर दीपा।** हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक युवक पर हुए हमले के बाद स्वयं युवक ने बिजनौर आलाधिकारियों को अपने ऊपर हुए हमले और लूट की सूचना दी, जिसके बाद पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। उधर आलाधिकारियों के फोन आने के बाद जहां पुलिस ने पीड़ित से संपर्क साधा तो वहीं युवक के द्वारा मिली तहरीर को ही सही मानते हुए कुछ लोगों पर नामजद मुकदमा लिख दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र के ग्राम सैदाबाद निवासी मुसर्रत पर कुछ दिन पूर्व रात करीब 7 से 8 बजे के बीच गंज सैदाबाद नहर पर तीन से चार युवकों ने हमला कर दिया। इसके बाद पीड़ित ने बिजनौर के आलाधिकारियों पर फोन करते हुए लूट की सूचना दी। वहीं बिजनौर से अधिकारियों की घंटी बजते ही हीमपुर दीपा पुलिस हरकत में आ गई और पीड़ित से संपर्क साधा।

उधर पीडित द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने तीन से चार नामजद युवकों के खिलाफ संगीन धाराओं में नामजद रिपोर्ट दर्ज कर दी। बताया जाता है कि इन नामों में शामिल कई लोगो को पुलिस ने उठाकर पूछताछ भी की परंतु कुछ हाथ नहीं लगा। उधर इस प्रकरण में पत्रकार गुलफाम अहमद का भी नाम लिखवा दिया गया जो घटना के समय अपने पत्रकार साथी की दुकान पर मौजूद था, जिसका सीसीटीवी फुटेज भी उसके पास मौजूद है। इतना ही नहीं तहरीर मिलते ही जब पुलिस ने भी युवक को फोन किया तो वह उस समय भी एक शादी में शामिल होने मीरापुर जा रहा था। पुलिस द्वारा पूछताछ में भी उसकी लोकेशन ठीक मिली थी। बावजूद उसके पुलिस ने पत्रकार पर मुकदमा लिख दिया। विशेष बात यह भी है कि पीड़ित पत्रकार का आईटीबीपी और अन्य कई भर्तियों में नम्बर आया हुआ है यदि उक्त मामले में शीघ्र विवेचना नहीं हुई तो बेकसूर गुलफाम का भविष्य चौपट हो जाएगा, जिसके बाद पुलिस चाहकर भी कुछ नहीं कर पायेगी।

उधर जब पीड़ित मुसर्रत से बात की गई तो वह स्वयं कन्फ्यूज दिखाई दिया। उसने स्वयं किसी बेकसूर को जेल न भेजने का हवाला देते हुए स्थानीय पुलिस से पहले ही यह बात कह देने की बात कही। बता दें कि बीते दिनों थाना क्षेत्र में हुए खनन को लेकर मसर्रत ने जहां तहां प्रशासनिक अधिकारियों सहित पत्रकारों पर फोन घूमा दिया था, जिसके बाद विपक्षी का खनन न केवल रुक गया था बल्कि खूब झगड़ा भी हुआ था। उक्त मामले में मुसर्रत द्वारा ही फोन कर पत्रकारों को बुलाया गया था और इसके बाद स्वयं ने ही पत्रकार को नामजद कर मुकदमे में शामिल कर दिया।

## आईपीएलः नए शेडयूल ने रोमांचक बनाई लीग

# आखिरी दो दिन तय करेंगे प्लेऑफ की पोजिशन




**मुंबई, वार्ता।** बीसीसीआई ने 12 मई को आईपीएल का नया शेड्यूल रिलीज किया। लीग स्टेज के 13 ही मैच बचे हैं। 3 टीमें प्लेऑफ की रेस से बाहर हो चुकी हैं, जबकि 7 टीमों में टॉप-4 की जंग हैं। नए शेडयूल ने टूर्नामेंट को और भी रोमांचक बना दिया। आखिरी 2 दिनों में लखनऊ, मुंबई, पंजाब और बेंगलुरु के मैच हैं। चारों ही टीमें प्लेऑफ की रेस में हैं और आखिरी मुकाबलों के नतीजों से टॉप-2 स्पाट भी तय होंगे। गुजरात 11 मैचों में 8 जीत से 16 पाइंट्स लेकर पहले नंबर पर है। टीम के 3 मैच दिल्ली, लखनऊ और चेन्नई से बचे हैं। टाइटंस इनमें से एक भी मैच जीतकर प्लेऑफ में पहुंच जाएगी। हालांकि, टीम को टॉप-2 में फिनिश करना है तो कम से कम 2 मैच जीतने होंगे। तीनों मैच जीतकर जीटी टॉप-2 में अपनी पोजिशन कन्फर्म कर लेगी। बेंगलुरु के भी 11 में से 8 जीत से 16 पाइंट्स हैं, लेकिन गुजरात से खराब रन रेट के कारण टीम दूसरे नंबर पर है। आरस.ीबी को भी प्लेऑफ में पहुंचने के लिए 3 में से 1 ही जीत चाहिए। टीम को कोलकाता, हैदराबाद और लखनऊ से भिड़ना है। टॉप-2 में फिनिश करना है तो आरसीबी को भी बचे हुए तीनों मैच जीतने होंगे। पंजाब के 11 मैचों में 7 जीत और एक बेनतीजा मैच से 15 पाइंट्स हैं। टीम को राजस्थान, दिल्ली और मुंबई से भिड़ना है। पीबीकेएस को प्लेऑफ में जगह कन्फर्म करने के लिए 3 में से 2 मैच जीतने होंगे। 17 पाइंट्स के साथ अगर टीम को क्वालिफाई करना है तो दिल्ली को हराना ही होगा। पंजाब ने अगर कैपिटल्स को हरा दिया तो दिल्ली या मुंबई में से कोई एक टीम ही प्लेऑफ में पहुंच पाएगी, क्योंकि दोनों को आपस में भी भिड़ना है। पंजाब को टॉप-2 में फिनिश करने के लिए तीनों मैच जीतने होंगे, साथ ही गुजरात या बेंगलुरु के 1 मैच में हारने की दुआ करनी होगी। मुंबई इंडियंस ने शुरुआती 5 में से 1 ही मैच जीता था, लेकिन टीम ने आखिरी 7 में से 6 मैच जीतकर प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीद बना ली। ड५ 12 में से 7 मैच जीतकर 14 पाइंट्स लेकर चौथे नंबर पर है। 5 बार की चैंपियन टीम को प्लेऑफ में जगह बनानी है, तो दिल्ली और पंजाब के खिलाफ बचे हुए दोनों मैच जीतने होंगे। एमआई एक भी मैच हार गई तो प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदों को दूसरी टीमों के भरोसे छोड़ देगी। दिल्ली ने टूर्नामेंट की शुरुआत लगातार 5 मैच जीतकर की, लेकिन टीम ने पिछले 6 में से 4 मुकाबले गंवा दिए। कैपिटल्स 6 जीत और 1 बेनतीजा मैच से 13 पाइंट्स लेकर पांचवें नंबर पर है। डीसी के 3 मैच गुजरात, मुंबई और पंजाब से हैं, तीनों टॉप-4 में है। यहां से अगर कैपिटल्स को क्वालिफाई करना है तो तीनों मैच जीतने ही होंगे। टीम ने अगर मुंबई और पंजाब को हरा दिया तो 2 जीत से भी प्लेऑफ में जगह मिल जाएगी। डिफेंडिंग चैंपियन कोलक.ाता को 12 मैचों में महज 5 जीत मिली, टीम का 1 मैच बेनतीजा भी रहा, इनसे 11 पाइंट्स लेकर कोल.काता छठे नंबर पर है। ज्ञ्ज्ञत के 2 मैच बेंगलुरु और हैदराबाद से हैं। टीम एक भी मैच हारी तो प्लेऑफ से बाहर हो जाएगी। 2 मैच जीतने के बाद भी ज्ञ्ज्ञत को प्लेऑफ में पहु.चना है तो पंजाब, मुंबई और दिल्ली

# आईपीएल में वापसी के लिए तैयार रोहित शर्मा

- **मुंबई इंडियंस के अभ्यास सत्र में जमकर बहाया पसीना, लीग स्टेज पर मुंबई के बचे दो मैच**



**नई दिल्ली, वार्ता।** टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का एलान कर चुके भारतीय कप्तान रोहित शर्मा आईपीएल 2025 के बचे हुए सत्र में वापसी के लिए तैयार हैं। बुधवार को उन्हें मुंबई इंडियंस के अभ्यास सत्र में जमकर पसीना बहाते देखा गया, जिसका वीडियो टीम ने आधिकारिक हैंडल से जारी किया है। उल्लेखनीय है कि भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम के बाद आईपीएल के बचे हुए 17 मैचों का कार्यक्रम का जारी हो चुका है। 17 मई से टूर्नामेंट की दोबारा शुरुआत होगी जबकि तीन जून को फाइनल मुकाबला खेला जाएगा।

लीग स्टेज पर मुंबई अब तक 12 मैच खेल चुकी है। 13वां मुकाबला 21 मई को खेला जाएगा, जिसमें पांच बार की विजेता टीम का सामना दिल्ली कैपिटल्स से होगा। यह मैच मुंबई में ही खेला जाएगा। फिलहाल मुंबई इंडियंस अंक तालिका में चौथे स्थान पर है और लीग स्टेज पर उनके दो मैच बाकी हैं। इनमें जीत के साथ टीम प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई करना चाहेगी। आगामी मैच के लिए मुंबई इंडियंस ने अभ्यास शुरू कर दिया है। बुधवार को हार्दिक पांडडा की अगुआई वाली टीम वानखेड़े पहुंची। यहां रोहित शर्मा को कर्ण शर्मा, रॉबिन मिंज, अश्विनी कुमार और तिलक वर्मा के साथ नेट्स पर समय बिताते देखा गया। पूर्व कप्तान रो.हित शर्मा इस वक्त शानदार फॉर्म में चल रहे हैं। उन्होंने अब तक खेले 11 मैचों में तीन अर्धशतकों की मदद से 300 रन बनाए हैं।

### डीपी विश्व अंतर्राष्ट्रीय लीग टी-20 के चौथे सत्र की शुरूआत यूएई राष्ट्रीय दिवस से होगी

**दुबई, वार्ता।** डीपी विश्व अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट टी-20 लीग के चौथे संस्करण की शुरुआत यूएई के राष्ट्रीय दिवस दो दिसंबर से होगी। इस टूर्नामेंट में छह टीमों के बीच 34 मैच खेले जायेंगे। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला चार जनवरी 2026 को होगा। इस अवसर पर आईएल टी-20 के अध्यक्ष अमीरात क्रिकेट बोर्ड के उपाध्यक्ष खालिद अल जरोनी ने कहा कि हमें यह पुष्टि करते हुए खुशी हो रही है कि डीपी वर्ल्ड इंटरनेशनल लीग टी20 चौथ सत्र यूएई नेशनल डे 'ईद-अल-एतिहाद' पर शुरू होगा, जो यूएई कैलेंडर पर सबसे महत्वपूर्ण दिनों में से एक है। उन्होंने कहा कि यूएई राष्ट्रीय दिवस वह दिन है जिस दिन हम संयुक्त अरब अमीरात का जश्न मनाते हैं जो दुनिया भर के लोगों का घर है, जिसमें लाखों क्रिकेट प्रशंसक शामिल हैं।

# भारत ने नेपाल को 4-0 से हराया




**सैफ अंडर-19 चैंपियनशिप**

- **मुकाबले में मेजबान भारतीय टीम ने प्रत्येक हाफ में दो गोल किए**

**यूपिया (अरुणाचल प्रदेश), वार्ता।** भारतीय फुटबॉल टीम नेपाल पर 4-0 से बड़ी जीत दर्ज कर सैफ अंडर-19 चैंपियनशिप के ग्रुप बी में शीर्ष स्थान पर रही। गोल्डन जुबली स्टेडियम में मंगलवार की रात खेले गए मुकाबले में मेजबान भारतीय टीम टीम ने प्रत्येक हाफ में दो गोल किए। भारत के लिए रोहेन लसह चपहामायुम ने (28वें, 76वें) मिनट में गोल किए, जबकि स्थानीय खिलाड़ी ओमंग डोडम ने (29वें) और डैनी मेइतेई ने (84वें)मिनट में एक-एक गोल किया। इस जीत के साथ भारतीय टीम ग्रुप बी में दो मैचों में छह अंक लेकर शीर्ष पर है। वहीं नेपाल दो मैचों में तीन अंक लेकर दूसरे स्थान पर रहा। भारतीय टीम शुक्रवार को ग्रुप ए के उपविजेता मालदीव से भिड़ेगी, जबकि ग्रुप ए विजेता बांग्लादेश उसी दिन नेपाल से सेमीफाइनल खेलेगी।

# आईपीएल के शेष हिस्से में खेलेंगे बोल्ट




- **पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस को अब भी अपने तीन प्रमुख विदेशी खिलाड़ियों का इंतजार**

**मुम्बई, वार्ता।** न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के शेष हिस्से में अपनी टीम मुम्बई इंडियंस के लिए खेलने का निर्णय किया है। 36 वर्षीय बोल्ट को मुम्बई इंडियंस ने मेगा नीलामी में 12-5 करोड़ रुपये में खरीदा था। बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने आईपीएल के इस सत्र में 8-49 की इकॉनमी रेट से 18 विकेट लिये हैं।

सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 26 रन देकर चार विकेट अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा है। वह पूरे टूर्नामेंट में संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर हैं। पांच बार की चैंपियन मुम्बई को अब भी अपने तीन प्रमुख विदेशी खिलाड़ियों की उपलब्धता का इंतजार है। दक्षिण अफ्रीका के रायन रिकल्टन और कोर्बिन बॉश, और इंग्लैंड के ऑलराउंडर विल जैक्स की भागीदारी को लेकर अब भी संशय बना हुआ है। दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट बोर्ड के अनुसार उनके खिलाड़ियों की एनआ.सी 25 मई तक वैध है। इंग्लैंड के क्रिकेट बोर्ड(ईसीबी) ने आईपीएल में भाग लेने वाले इंग्लैंड के खिलाड़ियों को 29 मई से शुरू हो रही वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू वनडे सीरीज़ के लिए समय पर लौटने का निर्देश दिया है।

# पुरुष जिम्नास्ट को लक्ष्य हासिल करने के लिए इच्छाशक्ति की जरूरतः आशीष

**नई दिल्ली, वार्ता।** राष्ट्रमंडल खेल 2010 में रजत और कांस्य पदक जीतकर इतिहास रचने वाले जिम्नास्ट आशीष कुमार ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करने के लिए पुरुष जिम्नास्ट को अपनी इच्छाशक्ति को जगाना होगा।

भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) की प्रतिभा पहचान एवं विकास समिति (टीआईडीसी) के सदस्य आशीष कुमार ने कहा कि इस आयोजन ने एथलीटों को बेहत.रीन अवसर प्रदान किए हैं। उन्होंने कहा कि जोश भीतर से आना चाहिए। आप खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं और उपकरण दे सकते हैं, लेकिन अगर उनमें 'अंतर्राष्ट्रीय पदक जीतने' की अंदर कुछ बड़ा करने का जोश नहीं है तो कुछ भी हासिल नहीं हो सकता। कई लोग राष्ट्रीय स्तर पर ही पदक जीतने के बाद ही संतुष्ट हो जाते हैं। इस मान.सिकता को बदलना होगा। खेलो इंडिया योजना ने शुरुआती किशोरावस्था में जिम्नास्टिकों के लिए नए द्वार खोले हैं और अब खिलाड़ियों, कोचों और फेडरेशन पर इस सफलता का लाभ उठाने और इसे आगे ले जाने की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि हां, हम एथलीटों से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद कर रहे हैं, लेकिन असली काम अब शुरू होता है उचित विकास सुनिश्चित करना होगा, खासकर लड़कों के बीच।ह टीआईडीसी उन प्रतिभाशाली एथलीटों की पहचान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है जिन्हें खेलो इंडिया एथलीट (केआईए) के रूप में शामिल किया जा सकता है और राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्रों (एनसीओई) में प्रशिक्षित किया जा सकता है। उनका मानना है कि सब-जूनियर वर्ग, 14 वर्ष के कम उम्र के जिम्नास्ट के लिए प्रशिक्षण के स्तर में व्यापक बदलाव होना चाहिए। उन्होंने कहा कि उस उम्र (14 वर्ष की) में शरीर जल्दी ठीक हो जाता है। इसलिए, शुरुआती वर्षों से ही हमें उचित शक्ति और कंडीशनिंग शेड्यूल के साथ उनकी सहन शक्ति बढ़ाने पर जोर देना होगा। अगर हम शुरुआत में ही इन चीजों को हल्के में लेंगे, तो 25 साल की उम्र तक उनका शरीर कार्यक्षमता को संभालने में सक्षम नहीं होगा। विदेशी कोच व्लादिमीर चेर्टकोव के तहत प्रशिक्षण के अपने दिनों को याद करते हुए उन्होंने कहा कि जब हम 2010 में राष्ट्रमंडल शि.विर में थे, तो कोच व्लादिमीर ने हमें अपनी क्षमता से आगे बढ़ने के लिए कहा। उन्होंने हमें सिखाया कि बार-बार तनाव को झेलने में सक्षम शरीर का होना कितना महत्वपूर्ण है। जैसे किसी परीक्षा में अच्छे अंक लाने के लिए आप 20-30 बार याद करते हैं। जिमनास्टिक में भी यही होता है आप तब तक अपनी शारी.रिक गतिविधियों को दोहराते हैं जब तक कि आपका शरीर उस लक्ष्य को हासिल करने में सक्षम न हो जाये। उन्होंने कहा कि पुरुष जिम्नास्टिक में सुधार की जरूरत है। हमने हाल ही में महिलाओं के बीच सफलता देखी है, लेकिन पुरुषों को अभी लंबा रास्ता तय करना है। यहीं पर खेलो इंडिया सबसे बड़ा प्रभाव डाल सकता है क्षमतावान लड़कों की पहचान करके और उन्हें लंबे समय के लिए तैयार कर सकते हैं।

# श्नाइडर को हराकर पाओलिनी इटेलियन ओपन के सेमीफाइनल में

- **पाओलिनी ने मैच में 6-7(1-7), 6-4 व 6-2 से जीत दर्ज की**

**रोम, वार्ता।** इटली की टेनिस खिलाड़ी जैस्मीन पाओलिनी ने रूस की डायना श्नाइडर को हराकर इटैलियन ओपन के सेमीफाइनल में जगह बना ली है।

छठी वरीयता प्राप्त पाओलिनी ने मंगलवार को खेले गए वर्षा बाधित मुकाबले में रूस की श्नाइडर पर 6-7 (1-7) 6-4 6-2 से जीत दर्ज की। इस जीत के साथ वह 2014 के बाद अंतिम चार में पहुंचने वाली पहली इटली की महिला टेनिस खिलाड़ी बन गईं। सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद पाओलिनी ने कहा कि यह वास्तव में कठिन मैच था। मैं बहुत खुश हूं कि मैंने मुकाबला जीता, लेकिन यह एक रोलर कोस्टर था। हर कदम पर मैंने एक नई तरकीब खोजी। मैंने अंत तक संघर्ष किया। निश्चित रूप से दर्शकों ने मेरी मदद की। इसलिए मैं जीत से वास्तव में बहुत खुश हूं।

# स्टार्क की पत्नी ने बताई धर्मशाला में ब्लैक आउट की कहानी



**मैसेज मिलाः यहां से तुरंत निकलो, फाफ ने शूज तक नहीं पहने मिसाइल हमले की अफवाह थी**

**मेलबर्न, वार्ता।** डीसी के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क की पत्नी एलिसा हीली ने धर्मशाला में ब्लैकआउट की रात की कहानी बताई है। उन्होंने एक पाडकास्ट में बताया कि मिसाइल हमले की अफवाह के बीच कैसे धर्मशाला स्टेडियम को खाली कराया गया और कैसे प्लेयर्स और उनके परिवार वालों को सुरक्षित होटल तक पहुंचाया। ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम की कप्तान हीली ने विलो टाक पाडकास्ट कहा कि वहां डर का माहौल था और स्थिति काफी खराब हो गई थी। जब अचानक एक व्यक्ति आया और कहा यहां से तुरंत निकलो। उसका चेहरा सफेद हो गया था।

वहां मिसाइल हमले की अफवाह फैल गई थी। 8 मई को पाकिस्तान के ड्रोन अटैक के बीच धर्मशाला में पंजाब-दिल्ली मैच बीच में रोक दिया गया था। फिर 20 मिनट के अंदर स्टेडियम खाली करा दिया गया था। फिर खिलाड़ियों के साथ-साथ सहयोगी स्टॉफ को एक बस के जरिए होटलों में वापस ले जाया गया। बीसीसीआई ने अगले दिन स्पेशल वंदे भारत ट्रेन से सभी को दिल्ली पहुंचाया। क्योंकि, सभी उड़ाने रद्द कर दी गई थी। एलिसा हीली की 3 बातें- जब खेल रोका गया था, एलिसा उस समय अन्य खिलाड़ियों के परिवार के सदस्यों के साथ स्टैंड में मौजूद थीं। यह मानते हुए कि यह एक मामूली समस्या है एलिसा और उनके साथ मौजूद अन्य लोग पहले तो शांत रहे, लेकिन फिर चीजें हाथ से निकल गईं। बिजली के कुछ टावर की बत्ती गुल हो गई और हम बस वहीं इंतजार कर रहे थे। मैंने कुछ सीट दूर अफवाह सुनी कि हमें स्टेडियम खाली करना पड़ सकता है, क्योंकि बिजली गुल हो गई है।

हमारे साथ परिवार और अतिरिक्त सहयोगी स्टॉफ का एक बड़ा समूह था। अगले ही मिनट एक आदमी (जो हमारे ग्रुप के साथ था और हमारा ध्यान रखता था।) आता है और कहता है कि हमें तुरंत निकलना होगा। उसका चेहरा सफेद पड़ गया था।' अचानक हमें वैन में ठूंस दिया गया और हम होटल वापस चले गए। वहां स्थति काफी अच्छी नहीं थी। हम पंजाब के कुछ खिलाड़ियों के साथ बस में बैठे थे। मुझे लगता है कि श्रेयस मेरी बस में था।

# रेलवे के सचिन शर्मा ने ऑस्ट्रेलिया में जीता आयरमैन चैलेंज

- **दुनिया की सबसे कठिन स्पर्धाओं में से एक को पूरा किया**

**अहमदाबाद, वार्ता।** पश्चिम रेलवे (प रे) के वरिष्ठ अधिकारी सचिन शर्मा ने ऑस्ट्रेलिया में आयरनमैन चैलेंज जीत लिया है।

मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक की ओर से बुधवार को यहां जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार प रेलवे के महाप्रबंधक के सचिव सचिन अशोक शर्मा (आईआरटीएस 2008) ने पोर्ट मैक्वेरी, ऑस्ट्रेलिया में आयोजित दुनिया की सबसे कठिन स्पर्धाओं में से एक आयरनमैन ट्रायथलॉन को सफलतापूर्वक पूरा किया। आयरनमैन शारीरिक और मानसिक धीरज की अंतिम परीक्षा है, जिसमें 3-8 किमी पानी में तैराकी, 180 किमी साइकिल चलाना और 42.2 किमी की पूर्ण मैराथन दौड़ शामिल है, जिसे 17 घंटे के भीतर पूरा किया जाना था। श्री शर्मा ने आयरनमैन ट्रायथलॉन को 12 घंटे, 26 मिनट और 52 सेकेंड में सफलतापूर्वक पूरा किया और इस चुनौती को सफलतापूर्वक पूरा करने वाले वे पहले भारतीय रेलवे अधिकारी बन गए।

भारी बारिश और सुरक्षा चिंताओं के कारण नाटकीय घटनाक्रम में आयोजकों को ट्रायथलॉन के तैराकी चरण को रद्द करने के लिए मजबूर होना पड़ा। नतीजतन, दौड़ सुबह 0945 बजे 180 किलोमीटर के बाइक सेगमेंट के साथ शुरू हुई, जिसमें एथलीटों को प्रशांत महासागर के किनारे जंगल से गुज़रते हुए एक आश्चर्यजनक लेकिन चुनौतीपूर्ण मार्ग से गुजरना पड़ा। 1,800 मीटर की ऊंचाई के साथ, इस कोर्स को आयरनमैन सर्किट पर सबसे सुंदर और चुनौतीपूर्ण माना जाता है। कोर्स के सबसे चुनौतीपूर्ण हिस्सों में से एक मैथ्यू फ्लिंडर्स ड्राइव था-जिसमें 17 प्रतिशत की ढलान थी।

# विराट कोहली के साथ खेलने का सपना अधूरा रह गयाः वार्नर




## विराट के जल्दी संन्यास ने निराश किया, उनमें बहुत क्रिकेट बचाः जावेद अख्तर

**नई दिल्ली, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर डेविड वार्नर ने कहा, विराट को.हली के साथ एक टीम में खेलने का सपना अधूरा रह गया। मैं आईपीएल में भी विराट के साथ नहीं खेल सका। वहीं गीतकार जावेद अख्तर ने कहा, विराट के जल्दी संन्यास लेने से निराश हूं, उनमें बहुत क्रिकेट बचा था। टीम इंडिया के विराट को.हली ने 12 मई को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लिया। 36 साल की उम्र में रेड बाल क्रिकेट से रिटायरमेंट के बाद कई दिग्गजों ने कहा कि उन्होंने जल्दबाजी में यह फैसला लिया। विराट टेस्ट में 10 हजार रन भी पूरे नहीं कर सके, उन्होंने 30 सेंचुरी लगाकर 9230 रन बनाए। डेविड वार्नर ने रेव्जस्पोर्ट्ज को दिए इंटरव्यू में कहा, विराट के खिलाफ मैंने 1 दशक तक क्रिकेट खेला, शुरुआती मैचों में ही मुझे पता चल गया कि वे कितने चौलेंजिंग है। तेंदुलकर, द्रविड़, लक्ष्मण जैसे प्लेयर्स के संन्यास के बाद बाद विराट ने टीम की जिम्मेदारी संभाली। मैंने हमेशा उनके खिलाफ खेलना एंजाय किया। प्ल्य्स में जब भी उनके सामने खेला तो उनकी एनर्जी ने मुझे प्रभावित किया। मेरा सपना था कि किसी मौके पर विराट के साथ एक ही टीम में खेलूं। मुझे यह बात हमेशा सताएगी। डेविड वार्नर और विराट कोहली 2024 के टी-20 वर्ल्ड कप में आखिरी बार एक-दूसरे के खिलाफ भिड़े थे। वार्नर ने आगे कहा, श्टेस्ट और वनडे में विराट के रिकॉर्ड बेहतरीन रहे। रन चेज करते हुए तो उनका आसपास भी कोई नहीं। इंडिया के लिए खेलते हुए कभी भी उनकी एनर्जी कम नहीं हुई। विराट की कप्तानी ने उन्हें बाकियों से अलग बनाया, उन्होंने ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड में बताया कि वे क्यों खास हैं। कई प्लेयर्स ने कहा कि विराट को थोड़ा और खेलना चाहिए था, लेकिन मुझे लगता है कि विराट को पता है कि कब उन्हें खेलना बंद करना है। वे अपने गेम के बखूबी जानते हैं, इसलिए मैं उनके फैसले का सपोर्ट करता हूं। वे हमेशा बेहतरीन लीडर के रूप में पहचाने जाएंगे। हिंदी फिल्मों के गीतकार और कहानी लेखक जावेद अख्तर भी विराट के संन्यास से निराश नजर आए। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि विराट निश्चित रूप से ज्यादा जानते हैं, लेकिन एक फैन के रूप में मुझे उनके टेस्ट से जल्दी संन्यास ने निराश किया। मुझे लगता है कि उनमें अब भी बहुत क्रिकेट बचा है। मैं उनसे विनती करता हूं कि वे अपने फैसले पर दोबारा विचार करें। वरुण ग्रोवर ने लिखा, कोहली टेस्ट के सबसे बड़े किरदार स्टैंड-अप कामेडियन और मसान जैसी फिल्में लिखने वाले वरुण ग्रोवर ने सोशल मीडिया पर कहा, श्टेस्ट क्रिकेट बाकी खेलों से अलग है क्योंकि ये नैरेटिव का खेल है। इतने सारे वैरिएबल- 4 पारियां, 5 दिन, 22 स्पेशलिस्ट, रोज बदलता मौसम, कई बार एक दिन में 3 बार बदलता मौसम, हवा की नमी, पिच की तबीयत, सिक्के से लिखी किस्मत, और हर पल बदलती मानसिक संभावनाएं। वैसे तो हर खेल अपने आप में जीवन के किसी पहलू का पर्याय होता है लेकिन टेस्ट क्रिकेट किसी लिटरेसी उपन्यास सा है- कई सारी विधा एक ही स्याही में समेटे हुए। इसलिए टेस्ट क्रिकेट में वही सफल हुए, जिनके पास कहने को कोई कहानी थी। लंबी कहानी जो गीली, सूखी, देशी, विदेशी हर पिच पर लिख के भी खत्म न हो। विराट कोहली इस उपन्यास के पिछले दशक के सबसे बड़े किरदार हैं। उन्होंने न सिर्फ इस उपन्यास के सारे रसों को जिया, बल्कि इसे और समृद्ध भी बनाया।

# आखिर जवान की वापसी

22 अप्रैल का पहलगाम हत्याकांड, उसके बाद पाकिस्तान के भारत के तीन राज्यों पर ड्रोन और चाइना मेड मिसाइलों से हमले तथा इन हमलों का भारत की ओर से दिए गए जवाब व इसके बाद सीजफायर के बीच भारत के लिए एक और राहत भरी खबर आई है। पाकिस्तान ने बीएसएफ के जवान पूर्णम कुमार को रिहा कर दिया है। इस बात की पुष्टि बीएसएफ ने भी की है। हालांकि पाकिस्तान का एक रेंजर अभी भारत के कब्जे में है। उल्लेखनीय है कि जब 22 अप्रैल को पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 28 पर्यटकों को मौत के घाट उतार दिया था, वह भी उनसे उनका धर्म पूछकर। इसके अगले ही दिन यानि 23 अप्रैल को बीएसएफ का जवान पूर्णम कुमार गलती से पाकिस्तान बॉर्डर की तरफ चला गया था, तब से वह पाकिस्तानी सेना के कब्जे में था, जिसे आज अटारी-बाघा बार्डर पर भारतीय बीएसएफ को सौंपा गया। इस तरह की अदला-बदली सेना के माध्यम से अपने-अपने देश को मोहब्बत का पैगाम देती है। क्योंकि यदि पाकिस्तान चाहता तो कुलभूषण की तरह ही उसे भी नहीं छोड़ता, लेकिन जिस प्रकार से अघोषित युद्ध के बीच बीएसएफ के जवान को भारत को सौंपा है, उससे साफ है कि पाकिस्तान की सेना कोई भी ऐसा काम नहीं करना चाहती, जिससे उनके देश में अमन चैन को बाधा पहुंचे। अब सवाल यह उठ रहा है कि क्या पूर्णम कुमार को फौरन ड्यूटी पर वापस ले लिया जाएगा। इस का उत्तर है नहीं, क्योंकि सेना के कुछ नियम होते हैं, जिन्हें फालो करना होता है। जैसा कि विंग कमांडर अभिनंदन के मामले में हुआ था। दरअसल, बालाकोट एयरस्ट्राइक के दौरान पाकिस्तान के एफ-16 फाइटर जेट को मारकर जब मिग-21 भारत लौट रहा था, तब उस समय विंग कमांडर जिस मिग-21 को उड़ा रहे थे, वह रास्ते में क्रैश हो गया और यह भारतीय फाइटर जेट पाकिस्तानी सरहद से करीब 10-12 किलोमीटर अंदर जा गिरा था। तब पाकिस्तानी रेंजर्स ने विंग कमांडर अभिनंदन को बंदी बना लिया था। हालांकि, बाद में विंग कमांडर अभिनंदन को पाकिस्तान ने पूरे सम्मान के साथ भारत को सौंप दिया था, लेकिन उन्हें अपने वतन वापस आने के बाद फौरन बाद फिर से ड्यूटी की जिम्मेदारी नहीं सौंपी गई थी। इससे पहले उन्हें कुछ प्रोटोकॉल्स से गुजरने होते हैं। कुछ समय के लिए उस जवान को ग्राउंडेड कर दिया जाता है। प्रोटोकॉल के मुताबिक, सामान्य तौर पर जब एक पायलट विमान से बाहर की तरफ कूदता है तो सुरक्षा प्रोटोकॉल के मद्देनजर कुछ समय के लिए उनको ग्राउंडेड कर दिया जाता है। इस तरीके की घटना के बाद पाकिस्तान से लौटे किसी भी जवान की नौकरी भी नहीं छिनी जानी जाती है। हालांकि, कुछ दिनों के लिए उनको किसी भी ऑपरेशन में बाकी जवानों के साथ नहीं रखा जाता है। ऐसा उनकी सुरक्षा और मेंटल हेल्थ के लिहाज से किया जाता है। खैर अब पाकिस्तान समझ गया है कि भारत से उलझना एक टेढ़ी खीर है। इसलिए उसकी सेना ने ऐसा कदम उठाया है, जिसकी भारत में तारीफ हो रही है। भारत और पास्तिान के बीच तनाव का मामला नया नहीं है।

## धैर्य और एकता ही हमारी सबसे बड़ी पूंजी



आतंकवाद को प्रश्रय देने वाले पाकिस्तान को एक दिन आतंकवाद का यही विषैला सर्प निगल लेगा, पूरा देश भारतीय सेना के शौर्य व पराक्रम को सैल्यूट करते हुए बहादुर जवानों का अभिनंदन करने के लिए उतावला दिखाई दे रहा है, जब चुनौती हो और राष्ट्रीय संकट के लिए कोई जगह दे रहा हो, तो धैर्य और एकता ही हमारी सबसे बड़ी पूंजी होती है, इस माहौल में जवानों के कारण भारत ने पाक पाकिस्तान विफल राष्ट्र है और 70 -75 वर्षों में उसने केवल आतंकवाद के बीज बोए हैं, पाक ने अपनी विफलता की कहानी ही दुनिया को बताई है, आतंकवाद को दिए जा रहे प्रश्रय इस बात को साबित करते हैं कि आतंकवाद एक दिन पाकिस्तान को भी निगल लेगा, खोखला हो चुका पाकिस्तान आज जिस प्रकार का दुस्साहस कर रहा है, ऑपरेशन सिंदूर उसका जवाब था।

**योगी आदित्यनाथ**
**मुख्यमंत्री, उप्र**

# टीआरपी की खातिर 'जमूरा' कुछ भी करेगा



निर्मल रानी

## देश का मजबूत होना जरूरी है, परन्तु आप जब भी गोदी मीडिया के टीवी चैनल खोलकर देखे इसमे सिवाय चीखने चिल्लाने, बदतमीजी की भाषा बोलने, अपने पैनल के अतिथियों के साथ बदजुबानी से पेश आने, हिन्दू-मुस्लिम जिहाद क्षेत्रवाद, भाषा विवाद, खालिस्तान, झूठ, अफवाह, भ्रम फैलाने के सिवा कुछ नजर नहीं आता

अभी गत 28 मार्च 2025 की ही बात है जबकि ज़ी न्यूज़ टीवी चैनल के स्वामी सुभाष चंद्रा को ज़ी न्यूज़ की ओर से अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत को लेकर रिया चक्रवर्ती को टारगेट करने से सम्बंधित ख़बरों को उनके चैनल ज़ी न्यूज़ द्वारा ग़लत तरीक़े से पेश करने के लिए मुआफी मांगनी पड़ी थी। सुभाष चंद्रा ने कहा था कि सुशांत राजपूत आत्महत्या मामले में सीबीआई ने क्लोज़र रिपोर्ट दायर कर दी है। मुझे लगता है ऐसा विश्वसनीय सबूतों के अभाव में हुआ है। अब अस्पष्टता की कोई जगह नहीं है। इसका मतलब ये है कि कोई मामला नहीं बनता है। पीछे मुड़कर सोचता हूं तो मुझे लगता है कि रिया को मीडिया ने अभियुक्त बनाया और इसकी अगुवाई ज़ी न्यूज़ ने अपने तत्कालीन संवाददाताओं और संपादकों के ज़रिए की। दूसरों ने इसमें ज़ी न्यूज़ को फ़ॉलो किया। ज़ी न्यूज़ के मेंटर के रूप में मैं उनसे कहूंगा कि बहादुरी दिखाएं और मुआफ़ी मांगें। मैं रिया से मुआफ़ी मांगता हूं, भले ही इसमें मेरी कोई भूमिका नहीं थी। गोया सुभाष चंद्रा ने यह स्वीकार किया था कि ज़ी न्यूज़ ने रिया चक्रवर्ती को ग़लत तरीक़े से आरोपी के रूप में पेश किया और अन्य मीडिया ने इसका अनुसरण किया।

सवाल यह है कि क्या ज़ी न्यूज़ के किसी संपादक या पत्रकार ने अपने मालिक की बात मानी और मुआफ़ी मांगी और तो और क्या इस के बाद ज़ी न्यूज़ या उसके साथ झूठ परोसने का कारोबार करने वाले अन्य चैनल्स ने सुशांत राजपूत मामले से कोई सबक़ सीखा? शायद बिल्कुल नहीं। बल्कि सच्चाई तो यह है कि मीडिया की बेहयाई व बेशर्मी में और अधिक इजाफा होता जा रहा है। गत दस वर्षों से गोदी मीडिया सत्ता की कठपुतली बन चुका है और सत्ता से सवाल पूछने के बजाए विपक्ष को ही कटघरे में खड़ा करता रहता है। देश में अमन शांति की बातें करने के बजाए विभाजनकारी एजेंडा चलाता है। कोरोना काल जैसे संकटकाल से लेकर वर्तमान भारत पाक युद्ध जैसे अति गंभीर व संवेदनशील समय में भी सत्ता के इन्हीं 'जमूरों' ने जिस तरह सांप्रदायिक एजेंडा चलाया उससे अधिक शर्मनाक और क्या हो सकता है।

यही मीडिया भारत के विश्वगुरु बनने का ढोल पीटता है तो कभी विश्व की पांचवीं अर्थव्यवस्था बनाने की बात करता है। परन्तु शायद यह भूल जाता है इन सभी लक्ष्यों को हासिल करने के लिए समाज के हर वर्ग का एकजुट होना ज़रूरी है। देश का मज़बूत होना ज़रूरी है। परन्तु आप जब भी गोदी मीडिया के टीवी चैनल खोलकर देखें इसमें सिवाय चीख़ने चिल्लाने, बदतमीज़ी की भाषा बोलने, अपने पैनल के अतिथियों के साथ बदज़ुबानी से पेश आने, हिन्दू मुस्लिम जिहाद क्षेत्रवाद, भाषा विवाद, ख़ालिस्तान, झूठ, अफ़वाह, भ्रम फैलाने के सिवा कुछ नज़र नहीं आता। पिछले दिनों पहलगाम आतंकी हमले व उसके बाद भारतीय सेना द्वारा किए गए ऑप्रेशन सिन्दूर के बाद अनेक भारतीय न्यूज़ चैनल्स विशेषकर ज़ी न्यूज़, आज तक, और रिपब्लिक भारत आदि ने राष्ट्रवाद के नाम पर जमकर सनसनीखेज़ सुर्ख़ियां बनाई व भ्रामक ब्रेकिंग न्यूज़ चलाई गईं। मिसाल के तौर पर एक शीर्षक था आज पाकिस्तान की आखिरी रात! तो दूसरा 'भारत का फ़ाइनल अटैक! आधा पाकिस्तान तबाह' आदि भ्रामक शीर्षक ने तनाव को बढ़ाने में कुछ अधिक योगदान दिया। निश्चित रूप से इससे जनता में भय और आक्रोश की भावना बढ़ी। साथ ही ऐसी ख़बरों के साथ जब गला फाड़ने और स्टूडियो में उछल कूद करने जैसी बेहूदा प्रवृति भी शामिल हो जाए तो न्यूज़ ऐंकर तो पूरी तरह 'जमूरे' के किरदार में ही नज़र आता है।

यही नहीं बल्कि इसी 'जमूरा गिरोह' द्वारा ग़लत सूचना और फ़र्ज़ ख़बरों का भी जमकर प्रसार किया गया। कुछ मीडिया चैनल्स ने असत्यापित जानकारी, संपादित वीडियो, यूक्रेन-रूस युद्ध और यहां तक कि वीडियो गेम फ़ुटेज तक को युद्ध से सम्बंधित वास्तविक घटनाओं के रूप में प्रस्तुत किया। उदाहरण के लिए, जम्मू एयरफ़ोर्स बेस पर धमाके या जालंधर में ड्रोन हमले की ख़बरें फ़र्ज़ी पाई गईं। इससे न केवल भारत में ग़लत सूचना फैली, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी शर्मिंदगी हुई। भारतीय मीडिया की भ्रामक व अफ़वाहपूर्ण कवरेज ने सोशल मीडिया पर भ्रामक सूचनाओं की गोया बाढ़ सी ला दी। अनेक वायरल वीडियो, सैन्य गतिविधियां या ड्रोन हमलों के दावे, अधिकांश संपादित या फ़र्ज़ी थे। ख़बरों के अनुसार कई भारतीय चैनल्स ने पाकिस्तान में भी कई ऐसे मोहरे तलाश लिए थे जिन्हें वे पैसे देकर अपने चैनल्स पर बुलाते थे और उन्हें गलियां देकर, अपमानित कर जानबूझ कर माहौल में गर्मी पैदा करते थे। यानी ख़ुद नूरा कुश्ती कर जनता को तनाव में डालते थे। आख़िरकार मीडिया की इस ग़ैर ज़िम्मेदाराना हरकत की वजह से ही सरकार के सूचना व रक्षा मंत्रालय और सैन्य व विदेश विभाग के अधिकारियों को ऐसे भ्रामक प्रसारण को लेकर सावधानी बरतने की अपील करनी पड़ी। परन्तु जिस बेशर्म मीडिया को अदालतों की झिड़की की परवाह नहीं, जिस बेहया गोदी मीडिया को अपने मान सम्मान व प्रतिष्ठा की फ़िक्र नहीं वह भला भारत सरकार के निर्देशों की क्या परवाह करने वाला? जिसे इस बात की फ़िक्र नहीं कि उसे तिहाड़ी, गोदी, दलाल, चरण चुम्बक, भक्त मीडिया जैसे 'अलंकरण' से 'नवाज़ा' जाने लगा है वह कहाँ सुधरने वाला। पूरी दुनिया के सोशल मीडिया और टी वी चैनल्स में इस बात का मज़ाक़ उड़ाया जा रहा है कि इसी दलाल मीडिया ने कराची बंदरगाह पर हमला करा दिया था, आख़िर किस आधार पर इसी मीडिया ने लाहौर पर क़ब्ज़ा करा दिया, इस्लामाबाद पर भारतीय सेना का क़ब्ज़ा करा दिया और तो और पाकिस्तान का प्रधानमंत्री निवास तक उड़ा दिया। बेशक पाकिस्तानी मीडिया द्वारा भी इसी तरह की कई बेसिर पैर की बातें की गईं। जैसे 'पटना व बेंगलुरु के बंदरगाहों पर पाकिस्तान का हमला' जबकि इन दोनों जगह न तो समुद्र है न ही बंदरगाह। परन्तु हमें पाकिस्तान के मीडिया से तुलना करने की ज़रुरत ही क्या? हम तो 'विश्वगुरु भारत' के मीडिया की विश्वसनीयता की बात ही कर सकते हैं। गत दस वर्षों से इसी मीडिया पर हिंसा और नफ़रत फैलाने के आरोप लगते रहे हैं। आज देश में सामाजिक विभाजन की जो रेखाएं गहरी हुई हैं उसमें इसी मीडिया की अहम भूमिका है। उस दौरान मीडिया के बेलगाम होने पर सरकार की ख़ामोशी पर भी बार बार सवाल उठे। परन्तु सत्ता ने स्वयं को लाभान्वित होते देख उस समय इनपर कोई लगाम नहीं कसी न ही नियंत्रित रहने के निर्देश जारी किए। जबकि देश की अदालतों ने एक नहीं अनेक बार मीडिया को उसकी इन्हीं ग़ैर ज़िम्मेदाराना प्रसारणों के चलते आइना भी दिखाया, निर्देश भी दिए परन्तु इनकी बेशर्मी जस की तस क़ायम रही। और इसी विभाजनकारी एजेंडे के बल पर अपनी टीआरपी बढ़ती देख मीडिया उसी ढर्रे पर चलता रहा। और इसी बेलगामी का परिणाम यह रहा कि भारतीय मीडिया भारत-पाक तनाव के दौरान भ्रामक समाचार, सनसनीखेज़ कवरेज, ग़लत सूचना आदि प्रसारित करता रहा। और मीडिया के इसी ग़ैर ज़िम्मेदाराना रवैय्ये ने इसकी विश्वसनीयता पर विश्व स्तर पर सवाल उठाए। कुछ आउटलेट्स ने संतुलन बनाए रखने की कोशिश की, लेकिन समग्र रूप से मीडिया की भूमिका विवादास्पद रही। इतनी बदनामी व अपमान सहने के बाद आज भी मीडिया अपने ढर्रे पर क़ायम है। गोया इनकी नज़रों में यही पत्रकारिता है।

**( ये लेखक के निजी विचार है )**

# उन्नत रक्षा तकनीक और रिसर्च के नए रास्ते...



पवन सिंह

## भारत ने 2022 में 15920 करोड़ रुपये के रक्षा उपकरण निर्यात किए थे, भारत-पाकिस्तान का जारी संघर्ष चीन व अमेरिकी लड़ाकू विमानों के बाजार का भविष्य तय कर रहा है, हथियार बाजार चीनी लड़ाकू विमान जे-10सी और अमेरिकी लड़ाकू विमान एफ-16 का बाजार भाव तय कर रहा है

भारतीय सेनाओं ने भारत-पाक संघर्ष में अपनी युद्धकला का जिस तरह से मुजाहिरा किया है वह पूरे विश्व के हथियार बाजार के स्वरूप को बदल कर रख देगा। दुनियां की सबसे प्रोफेशनल और समर्पित व युद्ध की अनेक. ानेक जबरदस्त पैतरेबाजी में माहिर भारतीय सेनाओं ने अपने शानदार प्रदर्शन, संयमित व संतुलित मीडिया ब्रीफिंग के जरिए बहुत कुछ नए मानदंड स्थापित किए हैं। दुनियां की सभी सैन्य निर्माता कंपनियां इस सैन्य संघर्ष का बहुत ही बारीकी से अध्ययन कर रही हैं। दो-दो देशों द्वारा पाक की 'बैक डोर हथियार मदद' के बावजूद जिस तरह से भारतीय सेनाओं ने अपनी सीमा में बैठे-बैठे पाक द्वारा इस्तेमाल किए जा रहे 'उधार के हथियारों' की बैंड बजाई है, वह वैश्विक स्तर पर युद्ध विज्ञान, अनुसंधान और निर्माण की दिशा-दशा को नए आयाम देगी। निकट भविष्य में भारत में सैन्य तकनीक और विकास का एक नया दौर तेजी से बहुत सारे अवसर खोजे लेगा। देश के युवाओं के लिए निजी और सरकारी दोनों ही क्षेत्रों में जबरदस्त कार्य के अवसर खुलेंगे। रक्षा शोध और विकास संगठन ( **Defence Research and Development Organisation DRDO** ) भारत ने पहले ही इस दिशा में अपने कदम बढ़ा दिए हैं। डीआरडीओ ने निजी क्षेत्र को भविष्य की सैन्य तकनीक विकसित करने में मदद के लिए नई नीतियों बनाई हैं और उस पर अमल भी शुरू कर दिया है।


प्रौद्योगिकी विकास निधि योजना के तहत मौजूदा सैन्य उत्पादों व प्रणालियों को और अधिक उन्नत व संवेदनशील बनाने के लिए वित्तीय सहायता और विशेषज्ञता प्रदान की जा रही है। डीआरडीओ ने अपनी सभी सैन्य प्रयोगशालाओं को इस तरह से डेवलप किया है कि रक्षा प्रौद्योगिकियों और उत्पादों को इस तरह से डिजाइन किया जाए कि वह भविष्य में होने वाले युद्धों का पासा पलट सके। रक्षा मंत्रालय अपनी टीडीएफ योजना के तहत इस बात पर जोर दे रहा है कि सैन्य उपकरणों/हथियारों की उत्पादन लागत भी कम हो और वो तेज व अचूक हों। भारत-पाकिस्तान के इस टकराव ने बता दिया है कि स्पीड और एक्युरेसी का तालमेल बाजी पलट सकता है। रक्षा मंत्रालय ने दिसम्बर, 2024 तक टीडीएफ योजना के अंतर्गत लगभग 335 करोड़ लागत की 80 परियोजनाओं को मंजूरी दी है। जो जानकारी सूत्रों से मिली है उसके अनुसार रक्षा क्षेत्र में जो भारतीय उद्योग सक्रिय हैं उन्होंने 18 सैन्य तकनीकों पर बेहतरीन कार्य को अंजाम दिया है। मिली जानकारी के अनुसार अमेरिका में डिफेंस एडवांस्ड रिसर्च प्रोजेक्ट्स एजेंसी ( **DARPA** ) और डीआरडीओ ने हाथ मिला लिया है और रक्षा क्षेत्र में भारतीय रक्षा वैज्ञानिकों के साथ मिल कर कुछ बड़े अनुसंधानों पर कार्य आरंभ हो चुके हैं। रक्षा उत्पादन और रिसर्च के लिए **MSME** और **`TART-UP** के तहत करीब 930 करोड़ रुपये की राशि की 264 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है।

वैश्विक रक्षा बाजार बहुत तीव्र गति से बढ़ रहा है और भारत अब अपने सैन्य हथियारों की बिक्री के लिए इस बाजार में घुस चुका है। वर्तमान में अमेरिका दुनिया का सबसे बड़ा हथियार विक्रेता है। अमेरिका के बाद फ्रांस व रूस हथियारों के बड़े सौदागर हैं। जबकि भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा हथियार खरीदी करने वाला देश है। भारत के बाद यूक्रेन व सऊदी अरब अन्य बड़े हथियार खरीददार हैं। भारत अब विदेशी हथियारों की निर्भरता कम करने की दिशा में काम कर रहा है और वह निर्यातकों की सूची में शामिल हो चुका है। हथियारों के वैश्विक बाजार का आकार वर्ष, 2022 में 62.25 बिलियन अमेरिकी डॉलर था और अब यह अनुमान लगाया जा रहा है कि 2030 तक यह 96.63 बिलियन अमेरिकी डॉलर को भी पार कर जायेगा। भारत नेक्ष वैश्विक हथियार बाजार में एक छोटा कदम ही सही लेकिन बतौर हथियार निर्यातक देश, एक कदम आगे बढ़ाया है। भारत ने 2022 में 15920 करोड़ रुपये के रक्षा उपकरण निर्यात किए थे।

भारत-पाकिस्तान का जारी संघर्ष चीन और अमेरिकी लड़ाकू विमानों के बाजार का भविष्य तय कर रहा है। हथियार बाजार चीनी लड़ाकू विमान जे-10सी और अमेरिकी लड़ाकू विमान एफ-16 का बाजार भाव तय कर रहा है। भारत जहां मिसाइल तकनीक में महारथ हासिल कर चुका है वहीं लड़ाकू विमानों के अनुसंधान, विकास और उत्पादन के मामले में बहुत कुछ विदेशी खरीद पर निर्भर है। यह एक गंभीर चुनौती है और रक्षा मंत्रालय इस बड़ी चुनौती से कैसे निपटा है, यह समय बताएगा। फिलहाल बहुत तेजी से निजी क्षेत्र की भारतीय कंपनियों ने सैन्य उपकरणों, हथियारों के विकास की ओर कदम बढ़ाए हैं। टाटा स्पेन की कंपनी के साथ सैन्य विमान के निर्माण की ओर कदम बढ़ा चुका है। टाटा की इस औद्योगिक इकाई में सी 295 विमान बनाए जाएंगे जिसे स्पेनिश कंपनी **CASA** ने डिजाइन किया है और यह मध्यम सामरिक परिवहन विमान है। भारत की एक निजी क्षेत्र की कंपनी सोलर इंडस्ट्रीज इंडिया लिमिटेड के शेयर अचानक आसमान चढ़े हैं। यह कंपनी भारतीय सेना के लिए हैंड ग्रेनेड, ड्रोन, रॉकेट लॉन्चर से लेकर मिसाइल तक बना रही है। इस कंपनी ने वर्ष, 2011 में डिफेंस सेक्टर में कदम रखा था और यह ब्रह्मोस मिसाइल का बूस्टर बनाने वाली पहली निजी क्षेत्र की कंपनी है। इसके अलावा टाटा एडवांस सिस्टम, एलएंडटी डिफेंस, पारस डिफेंस, महेंद्रा जैसी कई कंपनियां रक्षा क्षेत्र में सामने आई हैं। भारत के युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर खुल रहे हैं वहीं रक्षा उपकरणों पर विदेशी निर्भरता कम होगी। यानी आधुनिक तकनीक, अनुसंधान और निर्माण की दिशा पर बहुत तेजी से कार्य करने की जरूरत है। पढ़ेगा इंडिया रिसर्च करेगा इंडिया तभी बढ़ेगा इंडिया।

# चीन और पाकिस्तान के बीच फंसता नेपाल







यशोदा श्रीवास्तव

## पाकिस्तान से नेपाल के रिश्ते भारत जैसे कटु नहीं है, लेकिन ओली सरकार क्या अपने नागरिक की हत्या पर पाकिस्तान से जरा भी गुस्सा नहीं हुई

पहलगाम आतंकी हमले का दंश नेपाल को भी झेलना पड़ा है। बुटवल के एक नागरिक सुदीप न्योपाने को उस हमले में अपनी जान गंवानी पड़ी थी। वे अपनी मां और बहन बहनोई के साथ कश्मीर घूमने गए थे। नेपाली लोग अमूमन किसी अन्य हिल स्टेशन पर नहीं जाते क्योंकि नेपाल स्वयं एक हिमालयी देश है जहां की वादियां और पहाड़ कश्मीर सरीखे ही हैं। लेकिन इधर कश्मीर निसंदेह आतंक मुक्त था इसलिए वहां पर्यटकों की आवाजाही में इजाफा होने लगा था। टुरिस्ट व्यवसाय से जुड़ा हर कश्मीरी खुशहाल हो रहा था। पहलगाम हमले से कश्मीर का टूरिस्ट उद्योग एक बार फिर छिन्न-भिन्न हुआ है। जाहिर है कश्मीर में जो शांति का माहौल था उससे भारत ही नहीं विदेशों के पर्यटक भी प्रभावित हो रहे थे। सुदीप न्योपाने और उनका परिवार भी उसमें से एक था। लेकिन इस परिवार को जो जख्म मिला, वह शायद ही फिर कभी इन्हें कश्मीर की ओर आकर्षित करने में कामयाब हो।

कश्मीर में सुदीप न्योपाने की हत्या से नेपाल में भी गम का माहौल था। ओली के नेतृत्व वाली हुकूमत ने भी इस पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए आतंकियों की खूब मजम्मत की। आतंक के खिलाफ भारत के हर कदम पर खड़ा रहने का भरोसा भी दिया। लेकिन यह कैसा भरोसा था कि जब पहलगाम का बदला लेने के लिए भारत पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दे रहा था तब पाकिस्तान के ग्यारह सैन्य अफसर नेपाल में प्रशिक्षण के लिए पंहुच गए। माना कि पाकिस्तान से नेपाल के रिश्ते भारत जैसे कटु नहीं है लेकिन ओली सरकार क्या अपने नागरिक की हत्या पर पाकिस्तान से जरा भी गुस्सा नहीं हुई। वे कहते हैं कि नेपाल सरकार अपनी धरती का इस्तेमाल भारत विरोधी गतिविधियों के लिए कदापि नहीं करने देगी तो क्या नेपाल में प्रशिक्षित पाकिस्तान के सैनिक भारत पर फूल बरसाते। भारत के लिए यह घटना चौंकाने वाली हो सकती है कि पाकिस्तान सशस्त्र बलों के विभिन्न संस्थानों में सैन्य प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके नेपाली सेना के पूर्व सैनिकों का एक सम्मेलन काठमांडू स्थित पाकिस्तान दूतावास में आयोजित किया गया। इसके पहले पाकिस्तान के 11 सदस्यीय सैन्य अफसर नेपाल में 15 मई तक प्रशीक्षण पर हैं। नेपाली सेना के अनुसार पाकिस्तान के नेशनल सिक्योरिटी एंड वार कालेज के ये 11 पाकिस्तानी सैन्य अफसर 4 मई को एयर कमोडोर साद मंसूर अंसारी के नेतृत्व में नेपाल आए हैं। ये सभी पाकिस्तानी सैन्य अफसर 15 मई तक नेपाली सेना माउंटेन वार फेयर कालेज में प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। काठमांडू स्थित पाक दूतावास पर आयोजित इस सम्मेलन में ये सभी पाकिस्तानी सैन्य अफसर मौजूद थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नेपाली सेना के पूर्व प्रमुख गौरव शमशेर राणा थे, जबकि विशेष अतिथि के रूप में पूर्व सेना प्रमुख राजेन्द्र क्षेत्री भी उपस्थित थे। सम्मेलन में पाकिस्तान दूतावास के सैन्य सलाहकार कर्नल मुहम्मद अली अल्वी ने नेपाल और पाकिस्तान के सैनिकों के बीच संबंधों और प्रशिक्षण पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि 'पाकिस्तानी सशस्त्र बल नेपाली सेना की क्षमता निर्माण में भविष्य में भी सहयोग करता रहेगा'। इतना ही नहीं नेपाल के पूर्व सेना प्रमुख राणा ने यह तक कहा कि पाकिस्तानी संस्थानों के माध्यम से नेपाली सेना की क्षमता वृद्धि जैसे कार्यक्रम संस्था और इसमें भाग लेने वाले दोनों देशों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। नेपाल में पाकिस्तान के राजदूत अबरार एच. हाशमी ने कहा कि नेपाल और पाकिस्तान के बीच संबंध आपसी विश्वास और हितों पर आधारित है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि दोनों देशों के बीच वर्तमान सैन्य संबंध भविष्य में और मजबूत होंगे और नई ऊंचाइयों तक पहुंचेंगे।

यह भी गौरतलब है कि ओली भारत के विरोध में हो सकते हैं, नेपाल की जनता भी हो, ऐसा नहीं है और तमाम सारे विपक्षी दल भी ओली के सुर में सुर मिलाएं, ऐसा भी नहीं है। नेपाल में पाकिस्तानी सैन्य अफसरों की मौजूदगी की निंदा काठमांडू में खूब हुई। तमाम विरोधी दलों के नेताओं ने ओली के इस कदम को गैरवाजिब ठहराया। नेपाल प्रतिनिधि सभा के पूर्व सदस्य अभिषेक प्रताप शाह ने कहा है कि नेपाल सरकार को ऐसे किसी भी आयोजन से बचना चाहिए जो पड़ोसी राष्ट्र की भावनाओं को आहत करता हो। यह बताने की जरूरत नहीं है कि नेपाल चीन की गोद में बैठने को बेताब है और भारत पाक के बीच युद्ध जैसे हालात के दरम्यान चीन की क्या भूमिका थी? लेकिन भारत चीन के पहले नेपाल का न केवल पड़ोसी बल्कि बड़े भाई जैसा मित्र राष्ट्र है। ओली को इतना तो जरूर सोचना चाहिए था कि यदि पाकिस्तान के सैन्य अफसरों का नेपाल में प्रशिक्षण जरूरी है तो वह इसे कम से कम भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहे फायरिंग के समय तक होल्ड कर सकते थे। नेपाल में कोई भी सरकार हो, सभी कहते हैं कि नेपाल की धरती का इस्तेमाल भारत विरोधी गतिविधियों के लिए नहीं होगा। लेकिन इस पर अमल नहीं हो पाता। नेपाल की धरती से छिटपुट आतंकी घटनाओं को नजरंदाज भी कर दें तो 1999 में काठमांडू हवाई अड्डे से आतंकियों द्वारा भारतीय यात्रियों से भरे भारतीय जहाज का अपहरण कैसे भूला जा सकता है? अभी बुद्ध पूर्णिमा के दिन भारत सीमा से सटे भगवान बुद्ध की जन्मस्थली लुंबिनी से ओली ने शांति, प्रेम और करुणा पर खूब लंबा चौड़ा ज्ञान बांटा। काश नेपाल के प्रधानमंत्री ओली बुद्ध के दिखाए मार्ग पर थोड़ा भी चल पाते!

**( ये लेखक के निजी विचार है )**

# चेहरे की खूबसूरती बरकरार रखने में फायदेमंद हो सकती है फिटकरी



चहरे की खूबसूरती को बरकरार रखने के लिए महिलाएं कई तरह के प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करती हैं। लेकिन गर्मियों में स्किन का ध्यान रखना बेहद जरूरी होता है। क्योंकि गर्म हवाओं की वजह से फेस पर अलग-अलग तरह की परेशानियां हो सकती हैं। जिससे महिलाएं परेशान हो जाती हैं। वहीं अगर आपको गर्मी के मौसम में स्किन प्रॉब्लम्स का सामना करना पड़ रहा है, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। दरअसल, आप घर पर ही अपनी स्किन को हेल्दी और ग्लोइंग बना सकती हैं। चेहरे की खूबसूरती को बरकरार रखने के लिए महिलाएं कई प्रयास करती हैं। गर्मी में छोटी-मोटी परेशानियां चेहरे की खूबसूरती को कम कर सकती हैं। आप इन समस्याओं से बचने के लिए फिटकरी का इस्तेमाल कर सकती हैं। वहीं फिटकरी भी फेस के लिए फायदेमंद हो सकती है।

### फिटकरी से बनाएं टोनर

ब्यूटी एक्सपर्ट की मानें, तो आप फिटकरी से टोनर भी बना सकती हैं। इसके लिए फिटकरी को एक कंटेनर में डाल दें। अब इसमें थोड़ा सा पानी डालकर कुछ देर के लिए रख दें। अब इस पानी को स्प्रे बॉटल में छानकर भर लें। फिर इस पानी से फेस पर स्प्रे करके इस्तेमाल करें। इसको फेस पर स्प्रे करने के बाद हल्के हाथों से मसाज करें।

### ऐसे बनाएं फेस पैक

आप फिटकरी की सहायता से घर पर फेसपैक बनाकर इस्तेमाल कर सकती हैं। फेस पैक बनाने के लिए एक कंटेनर में सबसे पहले थोड़ा सा फिटकरी पाउडर लें। अब इसमें हनी मिक्स करें और राइस फ्लोर मिक्स करें। अब इसमें रोज वॉटर डालकर अच्छे से मिक्स कर लें। इस तरह से फेस पैक बनकर तैयार हो जाएगा।

### इन बातों का रखें ध्यान

इसको फेस पर अप्लाई करके 20 मिनट के लिए छोड़ दें। इससे आपकी त्वचा ग्लोइंग हो सकती है और डार्क स्पॉट्स भी हल्के हो सकते हैं। फेस पर इसको अप्लाई करने से पहले चेहरे को अच्छे से धोकर सुखा लें। चेहरा धोने के बाद ही फिटकरी का इस्तेमाल करें।

# तुर्की को पर्यटन व्यवसाय में भारत से करारा झटका

## 270 करोड़ का व्यवसाय चौपट

**नई दिल्ली।** भारत ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान को खुला समर्थन देने वाले तुर्की और अजरबैजान का हुक्का-पानी बंद करना शुरू कर दिया है। जिन भारतीयों ने इन देशों की यात्रा के लिए बुक किए थे, उन्होंने अपने टिकट रद्द करने शुरू कर दिए हैं। मेक माय ट्रिप के प्रवक्ता ने बताया कि बीते एक हफ्ते में भारतीय यात्रियों ने इन देशों के लिए काफी कम उत्साह दिखाया है। अजरबैजान और तुर्की के लिए बुकिंग में 60 फीसदी की कमी आई है, जबकि इसी अवधि के दौरान टिकट के रद्द होने में 250 फीसदी उछाल आया है। प्रवक्ता ने कहा, अपने देश के साथ एकजुटता और अपने सशस्त्र बलों के प्रति गहरे सम्मान के कारण हम इस भावना का मजबूती से समर्थन करते हैं और सभी को अजरबैजान और तुर्की की सभी गैर-जरूरी यात्रा न करने सलाह देते हैं।

हमने अपने प्लेटफार्म पर इन दोनों गंतव्यों पर पर्यटकों को जाने के लिए प्रोत्साहित करने वाले सभी विज्ञापन और आफर पहले ही बंद कर दिए हैं। ट्रैवल एजेंट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया की पूर्व अध्यक्ष ज्योति मयाल ने कहा, भारत और पाकिस्तान संघर्ष में तुर्की के ड्रोन इस्तेमाल करना हमारी भावनाओं के खिलाफ गया। हमने पर्यटन के क्षेत्र में इन दोनों देशों की बहुत मदद की है। खासतौर पर कोरोना महामारी के बाद तो हमने इनका और भी ज्यादा समर्थन किया। पिछले साल भारत से तुर्की 3,30,000 लोग गए। तुर्की की अर्थव्यवस्था में हमारा करीब चार हजार करोड़ का निवेश है। यहां तक कि हमारे बीच व्यापार का आकार भी बहुत बड़ा है। लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं। उनको लगा है कि तुर्की और अजरबैजान बिल्कुल नहीं जाना चाहिए। 50 फीसदी बुकिंग रद्द हो चुकी हैं। हमारे बड़े टूर आपरेटर्स ने टिकट बेचना बंद कर




दिया है, क्योंकि पर्यटन शांति और लोगों के आपसी संबंधों के बारे में है। पिछले महीने 22 अप्रैल को दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमला हुआ था। इस हमले में 26 लोगों की नृशंस तरीके से हत्या कर दी गई थी। इनमें अधिकांश पर्यटक शामिल थे। इसके बाद भारत ने पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को निशाना बनाने के लिए आपरेशन सिंदूर शुरू किया।




तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी और उनकी पत्नी गीता हैदराबाद के चौमहल्ला पैलेस में मिस वर्ल्ड 2025 प्रतियोगियों के साथ भव्य रात्रिभोज के दौरान।

## प्राकृतिक संसाधन समझौते को अंतिम रूप दे रहा यूक्रेन

**कीव।** यूक्रेन ने मंगलवार को अमेरिका को एक आधिकारिक नोट सौंपा, जिसमें द्विपक्षीय प्राकृतिक संसाधन सौदे के लिए अपनी आंतरिक प्रक्रियाओं के पूरा होने की पुष्टि की गई है, जो यूक्रेन के पुनर्निर्माण के लिए एक संयुक्त निवेश कोष की स्थापना करेगा। इंटरफैक्स-यूक्रेन समाचार एजेंसी ने की रिपोर्ट के अनुसार यूक्रेन की प्रथम उप प्रधानमंत्री एवं वित्त मंत्री यूलिया स्विरीडेंको ने कीव में अमेरिकी दूतावास में प्रभारी डी एफ़ेयर एआई जूली डेविस को नोट सौंपा। गौरतलब है कि यूक्रेन के खनिज संसाधनों, गैस और तेल पर नई रॉयल्टी द्वारा आंशिक रूप से वित्तपोषित इस कोष की स्थापना के लिए समझौते पर 30 अप्रैल को वाशिगटन, डीसी में सु. स्विरीडेंको और अमेरिका के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट द्वारा हस्ताक्षर किए गए थे। सु. स्विरीडेंको के अनुसार दोनों देश इस कोष का सह-प्रबंधन और सह-वित्तपोषण करेंगे, जबकि यूक्रेन अपने खनिज और ऊर्जा संसाधनों पर स्वामित्व तथा पूर्ण नियंत्रण बनाए रखेगा।

## चीन के शीर्ष अधिकारियों ने भारत, पाकिस्तान के राजदूतों से की मुलाकात

**बीजिंग/इस्लामाबाद/नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम के बाद चीन के शीर्ष अधिका. रियों ने बीजिंग में भारतीय और पाकिस्तानी राजदूतों से अलग-अलग मुलाकात की। चीन के विदेश मंत्रालय के एशियाई मामलों के महा. निदेशक लियू जिनसोंग ने सोमवार को चीन में भारतीय राजदूत प्रदीप कुमार रावत से मुलाकात की। दोनों पक्षों ने चीन-भारत संबंधों और साझा हितों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। वहीं मंगलवार को चीन के उप विदेश मंत्री सुन वेदोंग ने पाकिस्तान के राजदूत खलील हाशमी से उनके अनुरोध पर मुलाकात की। वेदोंग और पाक राज. दूत की मुलाकात में दोनों ने संबंधों और क्षेत्रीय व अंतर्राष्ट्रीय हालात पर चर्चा की। वेदोंग ने भारत-पाक के बीच पूर्ण और स्थाई संघर्ष-विराम का समर्थन करते हुए बातचीत के जरिए मतभेद सुलझाने की अपील की और क्षेत्रीय शांति में चीन की रचनात्मक भूमिका जारी रखने की बात कही।

## अमेरिकी-सऊदी में 12.1 लाख करोड़ की डिफेंस डील

**रियाद।** अमेरिका और सऊदी अरब ने मंगलवार को 142 बिलियन डालर (12.1 लाख करोड़ रुपये) की डिफेंस डील पर साइन किए। व्हाइट हाउस ने इसे इतिहास की सबसे बड़ी डिफेंस डील बताया है। इस समझौते में सऊदी अरब को C-130 ट्रांसपोर्ट विमान, मिसाइलें, रडार सिस्टम और कई एडवांस हथियार दिए जाएंगे। ये लाकहीड मार्टिन, बोइंग, और नार्थराप ग्रुम्मन जैसी अमेरिकी कंपनियों से मिलेंगे। डोनाल्ड ट्रम्प राष्ट्रपति बनने के बाद अपने पहले आधिकारिक विदेश दौरे पर सऊदी अरब पहुंचे। वे चार दिन के मिडिल ईस्ट दौरे पर पहले सऊदी अरब पहुंचे हैं, फिर कतर और UAE जाएंगे। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने डील के पेपर एक्सचेंज किए। क्राउन प्रिंस डठे से मुलाकात के बाद ट्रम्प ने रियाद में सऊदी-अमेरिका इन्वेस्टमेंट फोरम को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने सऊदी और अमेरिका के बीच 80 साल की साझेदारी का जिक्र किया। भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर को लेकर ट्रम्प ने कहा कि कुछ ही दिन पहले ही मेरी सरकार ने भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर मध्यस्थता की। मैंने ऐसा करने के लिए व्यापार का इस्तेमाल किया। ट्रम्प ने फोरम के मंच से घोषणा की कि वह सीरिया से लगे प्रतिबंध हटा रहे हैं, ताकि देश को आर्थिक जीवनदान मिल सके। ट्रम्प बुधवार को सीरिया के नए राष्ट्रपति से भी मिलेंगे। ट्रम्प ने कहा वो ईरान के साथ समझौता करना चाहते हैं। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर उनका प्रस्ताव ठुकराया गया तो वो ईरान का आयल एक्सपोर्ट जीरो कर देंगे। ट्रम्प ने कहा- उन्हें उम्मीद है कि सऊदी अरब भी अब्राहम अकार्ड में शामिल होगा। यह समझौता 2020 में अमे. रिकी की मध्यस्थता में इजरायल, UAE, बहरीन, सूडान और मोरक्को के बीच हुआ था।

## उरुग्वे के पूर्व राष्ट्रपति जोस मुजिका का निधन

**मोंटेवीडियो।** उरुग्वे के पूर्व राष्ट्रपति जोस पेपे मुजिका का मंगलवार को 89 वर्ष की आयु में मोंटेवीडियो में निधन हो गया। उरुग्वे के राष्ट्रपति यामांडू ओरसी ने इसकी पुष्टि की। मुजिका ने जनवरी में घोषणा की थी कि उनका एसोफैजियल कैंसर जिसका पहली बार अप्रैल 2024 में निदान किया गया था उनके लीवर में फैल गया है। उन्होंने कहा कि वह आगे का इलाज नहीं करवाएंगे।

ओरसी ने सोशल मीडिया पर लिखा, गहरे दुख के साथ हम अपने साथी पेपे मुजिका-पूर्व राष्ट्रपति, कार्यकर्ता, नेता और मार्गदर्शक के निधन की घोषणा करते हैं। हम आपको बहुत याद करेंगे पुराने दोस्त। आपने हमें जो कुछ भी दिया और अपने लोगों के लिए आपके गहरे प्यार के लिए धन्यवाद। गौरतलब है कि स्थानीय साप्ताहिक बुस्केदा के साथ एक साक्षात्कार में मुजिका ने कहा था।

## बलूचिस्तान की आजादी का ऐलान

**बलूचिस्तान।** बलूचिस्तान ने पाकिस्तान से आजाद होने का ऐलान किया है। बलूच नेता मीर यार बलूच ने बुधवार को राज्य में दशकों से हो रही हिंसा, जबरन गायब किए जाने और मानवाधिकारों के उल्लंघन को लेकर पाकिस्तान से स्वतंत्रता का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि बलूचिस्तान पाकिस्तान नहीं हैं। उन्होंने भारत और वैश्विक समुदाय से आजादी के लिए समर्थन देने की मांग की।

उन्होंने एक्स पर लिखा कि बलूचिस्तान के लोगों ने अपना फैसला दे दिया है। अब दुनिया को चुप नहीं रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि बलूचिस्तान के लोग सड़कों पर हैं। उनका कहना है कि तुम मारोगे हम टूटेंगे, हम नाक बचाएंगे आओ हमारा साथ दो। बलूच लोगों का राष्ट्रीय फैसला है कि बलूचिस्तान पाकिस्तान नहीं है और दुनिया अब मूक दर्शक नहीं रह सकती। उन्होंने भारतीय नागरिकों ने अपील की कि वे बलूचों को पाकिस्तान के अपने लोग न कहें। हम पाकिस्तानी नहीं हैं। हम बलूचिस्तानी हैं। पाकिस्तान के अपने लोग पंजाबी हैं। जिन्होंने कभी हवाई बमबारी, जबरन गायब किए जाने और नरसंहार का सामना नहीं किया। बलूच नेता मीर यार बलूच ने भारत के पाकिस्तान से पीओके खाली करने की कहने के फैसले का समर्थन किया।

उन्होंने एक्स पर लिखा कि बलूचिस्तान भारत द्वारा 14 मई 2025 को पाकिस्तान से पीओके खाली करने के लिए कहने के फैसले का पूरा समर्थन करता है। अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को पाकिस्तान से तुरंत पीओके छोड़ने का आग्रह करना चाहिए ताकि ढाका में उसके 93000 सैन्यकर्मियों को आत्मसमर्पण के एक और अपमान से बचाया जा सके। भारत पाकिस्तानी सेना को हराने में सक्षम है और अगर पाकिस्तान ने कोई ध्यान नहीं दिया, तो केवल पाकिस्तानी लालची सेना के जनरलों को ही रक्तपात के लिए जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए, क्योंकि पाकिस्तान पीओके के लोगों को मानव ढाल के रूप में इस्तेमाल कर रहा है। बलूच नेता मीर यार बलूच ने भारत के पाकिस्तान से पीओके खाली करने की कहने के फैसले का समर्थन किया।

उन्होंने एक्स पर लिखा कि बलूचिस्तान भारत द्वारा 14 मई 2025 को पाकिस्तान से पीओके खाली करने के लिए कहने के फैसले का पूरा समर्थन करता है। अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को पाकिस्तान से तुरंत पीओके छोड़ने का आग्रह करना चाहिए ताकि ढाका में उसके 93000 सैन्यकर्मियों को आत्मसमर्पण के एक और अपमान से बचाया जा सके। भारत पाकिस्तानी सेना को हराने में सक्षम है और अगर पाकिस्तान ने कोई ध्यान नहीं दिया तो केवल पाकिस्तानी लालची सेना के जनरलों को ही रक्तपात के लिए जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए क्योंकि पाकिस्तान पीओके के लोगों को मानव ढाल के रूप में इस्तेमाल कर रहा है।

मीर यार बलूच ने कहा कि दुनिया को पाकिस्तान के एकतरफा बयान पर भरोसा नहीं करना चाहिए। पाकिस्तान बलूचिस्तान के नेता के प्रतिनिधियों के हस्ताक्षर और 27 मार्च 1948 को बलूचिस्तान के पाकिस्तान में शामिल होने के समारोह में अंतर्राष्ट्रीय या तीसरे देश की भागीदारी को साबित करने वाला एक भी कागज और कानूनी दस्तावेज पेश नहीं कर सका। उन्होंने कहा कि एक बार जब हमें संयुक्त राष्ट्र की सदस्यता और स्वतंत्रता मिल जाएगी तो हम अपने आर्थिक और रणनीतिक सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए मैत्रीपूर्ण और दीर्घकालिक संबंध बनाएंगे, शांति बनाए रखेंगे और वैश्विक आर्थिक मंदी को रोकने, जलवायु परिवर्तन और गरीबी उन्मूलन के लिए काम करने में मदद करेंगे।

## आईएमएफ ने पाक को जारी की दूसरी किश्त

### रु. 8400 करोड़ की किश्त जारी

**इस्लामाबाद।** इंटरनेशनल मानेटरी फंड (आईएमएफ) ने पाकिस्तान को 1.02 अरब डॉलर (करीब 8400 करोड़ रुपये) की दूसरी किश्त बुधवार को जारी कर दी है। आईएमएफ ने इससे पहले 9 मई को पाकिस्तान को एक बिलियन डॉलर का कर्ज दिया था। पाकिस्तान को यह फंड एक्सटेंडेड फंड फैसिलिटी (ईएफएफ) प्रोग्राम के तहत दी गई है। पाकिस्तान को सितम्बर 2024 में 7 बिलियन डालर का 37महीने का ईएफएफ मंजूर हुआ था, जिसमें 1 बिलियन डालर तुरंत जारी किया गया था। आज की रकम जोड़ दें, तो आईएमएफ से पाकिस्तान को ईएफएफ प्रोग्राम के तहत 3.1 बिलियन डालर की रकम मिल चुकी है। पाकिस्तान के केंद्रीय बैंक ने कहा कि दूसरी किश्त की राशि 16 मई तक आ जाएगी। वहीं, पाकिस्तान में भारतीय हमले में मरने वालों की संख्या 13 हो गई है। पाकिस्तान ने मंगलवार को कबूल किया था कि भारत की ओर से लान्च किए गए आपरेशन सिंदूर में पाकिस्तानी सेना के 11 जवान मारे गए हैं। इसके अलावा 78 सैनिक घायल भी हुए थे। इन्हीं घायलों में से आज 2 की मौत हुई है।



## उधमपुर, कठुआ के कुछ हिस्सों में शैक्षणिक संस्थान खुले

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में जनजीवन सामान्य होने के साथ ही उधमपुर और कठुआ जिले के कुछ हिस्सों सहित गैर-सीमावर्ती क्षेत्रों में बुधवार को सभी शैक्षणिक संस्थान फिर से खुल गए। अधिकारियों ने यहां बताया कि नियंत्रण रेखा और अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के मद्देनजर स्कूल और कॉलेजों को बंद कर दिया गया था और करीब एक सप्ताह बाद शैक्षिणिक संस्थानों को आज फिर से खुल दिया गया।

## पेरू के प्रधानमंत्री एड्रियनजेन ने दिया इस्तीफा

**लीमा।** पेरू के प्रधानमंत्री गुस्तावो एड्रियनज़ेन ने मंगलवार को अपने पद से इस्तीफ़ा दे दिया। एड्रियनजेन ने कांग्रेस द्वारा उन्हें हटाने की मांग करने वाले कम से कम तीन प्रस्तावों पर बहस करने से कुछ घंटे पहले इस्तीफा दिया। उन्होंने टेलीविज़न पर अपने संबा. धन में कहा, राष्ट्र के उच्च हितों को ध्यान में रखते हुए मैं मंत्रिपरिषद के अध्यक्ष के पद से अपना अपरिवर्तनीय इस्तीफ़ा देने के लिए बाध्य महसूस कर रहा हूं। एड्रियनजेन के साथ उनकी कैबिनेट और राष्ट्रपति दीना बोलुआर्टे भी मौजूद थी, जिन्होंने लगातार उनका बचाव किया और उनके प्रदर्शन की प्रशंसा की।

## ऑपरेशन सिंदूर पाक कब्जे के लिए नहीं था

**अमेरिकी एक्सपर्ट बोले: रणनीतिक मकसद के लिए था, भारत ने चार दिन में पूर्ण किया**

**वाशिंगटन।** अमेरिका के मिलिट्री एक्सपर्ट जान स्पेंसर ने कहा है कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिए अपने रणनीतिक मकसद को पूरा कर लिया है। उन्होंने कहा कि यह आपरेशन पीओके पर कब्जे या फिर पाकिस्तान की सत्ता बदलने की मकसद से नहीं शुरू किया गया था। एक्सपर्ट ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है। कुछ लोग इसे सीजफायर कह सकते हैं, लेकिन यह विराम नहीं है। फिलहाल भारत ने एक बड़ी जीत हासिल कर ली है। स्पेंसर के मुताबिक भारत ने पहले की तरह न तो संयुक्त राष्ट्र का दरवाजा खटखटाया और न ही पाकिस्तान को चेतावनी दी। भारत ने सीधे लड़ाकू विमान भेजे और सटीक हमला किया। उन्होंने कहा कि भारत ने इस आपरेशन के जरिए आतंक के खिलाफ उसकी रणनीति को नए स्तर पर पहुंचाया और पाकिस्तान को भी साफ संदेश दिया है कि आतंक का जवाब युद्ध से मिलेगा। जान स्पेंसर माडर्न वार इंस्टिट्यूट में चेयरमैन हैं। उन्होंने कहा कि इंडियन एयर फोर्स ने 7 मई को पाकिस्तान में 9 ठिकानों पर सटीक हमला किया था। इससे पाकिस्तान और पीओके में मौजूद अहम आतंकी शिविर तबाह हो गए।

# पाक सेना के समर्थन में जुटे हजारों आतंकवादी

## पहले कराची में निकाली रैली, भारत विरोधी भाषण दिए

**इस्लामाबाद।** कराची में 12 मई को हजारों कट्टरपंथी नेताओं और आतंकवादियों ने पाकिस्तान सेना के समर्थन में रैली की। इस रैली में लश्कर-ए-तैयबा और अहले सुन्नत वल जमात शामिल थे। दोनों ही अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आतंकवादी संगठन घोषित हैं। ऑपरेशन बनयान-उन- मर्सूस का जश्न मनाते हुए रैली में आतंकियों और कट्टरपंथी नेताओं ने बुलेटप्रूफ ग्लास के पीछे खड़े होकर भारत विरोधी भाषण दिए। पाकिस्तान की दिफा-ए-वतन काउंसिल की दिफा-ए-वतन रैली का आयोजन जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम-फजल JUI-F के प्रमुख मौलाना फजलुर रहमान ने किया था। यह रैली भारतीय सेना के खिलाफ पाकिस्तानी सेना के ऑपरेशन का जश्न मनाने के लिए निकाली गई थी। दिफा-ए-वतन नाम की इस रैली का आयोजन जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम-फजल JUI-F के प्रमुख मौलाना फजलुर रहमान ने किया था। पाकिस्तान के कराची में दिफा-ए-वतन काउंसिल के तहत जमा हुए कट्टरपंथी नेताओं ने पाकिस्तानी सेना की तारीफ की। यहां भारत विरोधी भाषण दिए गए और दोनों देशों के तनाव को धर्म से जोड़कर पेश किया गया। इस रैली में प्रतिबंधित समूह लश्कर-ए-तैयबा और अहल-ए-सुन्नत वल जमात के आतंकी शामिल हुए। दिफा-ए-वतन काउंसिल पाकिस्तान के धार्मिक और राजनीतिक संगठनों का गठबंधन है। इसका मकसद देश की रक्षा करना है। इस रैली में कई कट्टरपंथी मौलाना भी शामिल भी शामिल हुए। इन्होंने भारत के खिलाफ भड़काऊ बयानबा. जी की और दोनों देशों के संघर्ष को धर्म से जोड़कर पेश किया। कट्टरपंथी मुफ्ती तारिक मसूद ने कहा कि पाकिस्तान के गद्दार PAK आर्मी को सेक्युलर कहते हैं, जबकि हमारे दुश्मन हमारी आर्मी को मजहबी आर्मी कहते हैं।

इस युद्ध को जीतने के बाद यह तय हो गया है कि हमारी सेना सेक्युलर नहीं है। यह एक ऐसी सेना है जो शहादत (बलिदान) का जुनून रखती है और मजहब और इस्लाम के नाम पर, अल्लाह के नाम पर अपनी जान कुर्बान कर देती है। जमीयत



उलेमा-ए-इस्लाम (सिंध) के महासचिव अल्लामा राशिद महमूद ने भारत को खुलेआम धमकी दी। उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी आर्मी ने इजराइली ड्रोनों को गिराकर उसका घमंड चकनाचूर कर दिया। फ्रांस के राफेल जेट को मार गिराया और रूस में बनें -400 डिफेंस सिस्टम को भी तबाह कर दिया। इससे रूस को भी पता चल गया है कि पाकिस्तान से पंगा लेने से पहले तुम्हें सौ बार सोचना चाहिए।

# 3 महीने से गाजा में अनाज का दाना नहीं

**गाजा।** गाजा में बीते 19 महीनों से जारी जंग के बीच 5 लाख लोगों पर भुखमरी का संकट पैदा हो गया है। इजरायल ने मार्च 2025 में गाजा के अंदर फूड और फ्यूल सप्लाई रोकने का फैसला किया था। इजरायली सरकार ने दावा किया था कि इससे हमास कमजोर होगा। गाजा के हालात पर 12 मई को संयुक्त राष्ट्र ने एक रिपोर्ट पेश की है।

इसके मुताबिक अगर इजरायल पाबंदियां नहीं हटाता है तो गाजा में हर 5 में से 1 व्यक्ति भुखमरी की चपेट में आ सकता है। साथ ही 21 लाख लोगों को अकाल का सामना भी करना पड़ सकता है। अक्टूबर 2023 में शुरू हुए इजरायल-हमास संघर्ष में अब तक 61 हजार से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। यूएन की वर्ल्ड फूड प्रोग्राम ने कहा कि उनके पास खाने



गाजा में कुपोषण से जूझती एक बच्ची, जो नवंबर में जन्मी है, इसने सिर्फ युद्ध ही देखा है।

का स्टाक खत्म हो गया है। ज्यादातर बेकरियां और दान से चलने वाले किचन बंद हो चुके हैं। गाजा के लिए यूएन के वर्ल्ड फूड प्रोग्राम के डायरेक्टर एंटोनी रेनार्ड के मुताबिक इस इलाके की आबादी को खिलाने के लिए जरूरी भोजन इजरायल, मिस्र और जार्डन के गोदामों में पड़े हैं। ये गोदाम गाजा से महज 40 किमी दूर हैं। रेनार्ड ने कहा कि गाजा में WFP के गोदाम खाली हैं और एजेंसी अब 10 लाख लोगों को भोजन मुहैया कराने की बजाय सिर्फ सिर्फ 2 लाख लोगों का भोजन ही बना पा रही है। यूएन और यूरोपीय देशों ने इजरायल से गाजा पट्टी में भुखमरी और अकाल की स्थितियों से निपटने के लिए गाजा को खाना पहुंचाने पर लगी रोक को जल्द खत्म करने की मांग की है।

अगर इजरायल ने सैन्य कार्रवाई बढ़ाई, तो ज्यादातर लोगों को खाना, पानी, आश्रय और दवाइयां नहीं मिलेंगी। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने 13 मई को एक बयान में कहा कि वे हमास को खत्म करने के लिए जंग जारी रखेंगे।